08--कार्यालय के प्रयोग के लिये स्टाफ कारों और मोटर गाड़ियों का क्रय	1,20
09--गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	10
11--किराया, उपशुल्क और कर स्वामित्व	60
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	1,50
32--अन्तरिम सहायता	61
योग ..	9,15

उद्योग विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम		1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) — राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय — पूंजीगत	पूंजी लेखे का व्यय — ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	हथकरघा बुनकरों के लिये बुनकर कल्याणकारी कार्यक्रम		1,00	..	..	1,00	2235—सामाजिक सुरक्षा कल्याण	9 प
2	कन्नौज जनपद फर्रुखाबाद में इत्र उद्योग के विकास हेतु प्राविधिक सर्विस सेण्टर की स्थापना		10,00	..	..	10,00	2851-ग्रामोद्योग और लघु उद्योग	9 प
3	प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों का पुनर्वास		1,00	..	..	1,00	तदैव	9 प
4	चर्मशोधनालयों का पुनर्जीवीकरण		1,00	..	..	1,00	तदैव	9 प
5	फिरोजाबाद में ग्लास टेक्नालाजी इन्स्टीट्यूट की स्थापना		8,00	..	..	8,00	तदैव	10 प
6	हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों को रिजर्व बैंक गारन्टी हेतु व्यवस्था		1	..	..	1	तदैव	10 प
7	सहकारिता के माध्यम से मौनपालन तकनीकी सहायता		1,00	..	..	1,00	तदैव	10 प
8	ग्रामीण एवं कुटीर उद्यमियों को पुरस्कार		1,39	..	..	1,39	तदैव	11 प
9	हथ करघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय के पुनर्गठन एवं सुदृढ़ीकरण योजना के अन्तर्गत कार्यालयों की स्थापना के लिए सहायता।		20,00	..	..	20,00	तदैव	11 प
0	रेशम सहकारी समितियों का गठन		5,00	..	..	5,00	तदैव	11 प
1	उ0 प्र0 अल्प संख्यक वित्तीय एवं विकास निगम द्वारा जैम, ज्वेलरी तथा डायमण्ड कटिंग इत्यादि हेतु प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना		25,00	..	..	25,00	तदैव	11 प
	हथकरघा क्षेत्र के छीपियों को बीमा की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की योजना		60	..	..	60	तदैव	12 प

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम-सं०	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
13	खादी ग्रामोद्योग से सम्बन्धित कत्तिनों एवं बुनकरों को बीमा की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की योजना।	6,00	..	..	6,00	2551 ग्रामोद्योग और लघु उद्योग तथा 6851 ग्रामोद्योगों और लघु उद्योगों के लिए उधार	12-प
14	उत्पादकता अध्ययन एवं आधुनिकीकरण सहायतार्थ निधि	11,00	..	..	11,00	तदैव -	12प
15	हथकरघों का आधुनिकीकरण (सहकारिता क्षेत्र के बाहर)	3,00	..	6,00	9,00	2851--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग तथा 6851--ग्रामोद्योगों और लघु उद्योगों के लिए उधार	13
16	उद्योग निदेशालय का पुनर्गठन	3,35	..	..	3,35	2852--उद्योग	13
17	क्षेत्रीय सहकारी समितियों को अंशपूंजी सहायता	..	50,00	..	50,00	4851-ग्रामोद्योग और लघु उद्योगों पर पूंजी परिव्यय	13
18	संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से ढलाई तथा गढ़ाई उद्योगों की लघु स्तरीय इकाईयों के विकास एवं प्रक्रिया सह-उत्पाद विकास केन्द्र आगरा की स्थापना	..	5,00	..	5,00	तदैव	14
19	उ० प्र० राज्य वस्त्र निगम के अंशकों का क्रय	..	4,90,00	..	4,90,00	4860--उपभोक्ता उद्योगों पर पूंजी परिव्यय	14
20	उ० प्र० राज्य वस्त्र निगम के पूंजी ढांचे के सुदृढ़ीकरण हेतु निगम के अंशकों का क्रय	..	1,25,00	..	1,25,00	तदैव	14
21	उ० प्र० सहकारी कताई मिल संघ द्वारा संचालित पुरानी कताई मिलों का आधुनिकीकरण/विविधीकरण	..	1,00,00	..	1,00,00	तदैव	14

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें-आयोजनागत

क्रम सं०	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
22	सहकारी सूती मिलों की अंशपूंजी आधार का सुदृढ़ीकरण	..	25,00	..	25,00	4860 उपभोक्ता उद्योगों पर पूंजी परिव्यय	15 प
23	रुग्ण लघु एवं लघुत्तर औद्योगिक इकाईयों को पुनर्वासित करने हेतु केन्द्र सरकार की 50 प्रतिशत मैचिंग आधार पर संचालित मार्जिन मनी ऋण योजना।	..	..	10,00	10,00	6851-ग्रामोद्योग एवं लघु उद्योगों को उधार	15 प
24	प्रादेशीय इण्डस्ट्रियल एण्ड इन्वेस्टमेण्ट कारपोरेशन को व्यवसाय हेतु ऋण	..	..	2,00,00	2,00,00	6885--अन्य उद्योगों और खनिजों के लिये उधार	15 प
25	उ० प्र० राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड को संयुक्त क्षेत्र में भागीदारी तथा अण्डरराइटिंग एवं इक्विटी पार्टिसिपेशन हेतु ऋण	..	..	1,50,00	1,50,00	तदैव	16 प
26	उ० प्र० राज्य औद्योगिक विकास निगम लि० कानपुर को उद्योग शून्य जनपदों में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु भूमि एवं अवस्थापना सुविधाओं के लिए ऋण	..	..	2,60,00	2,60,00	तदैव	16 प
27	न्यू ओखला इण्डस्ट्रियल डेवलपमेन्ट अथारिटी, गाजियाबाद को अतिरिक्त ऋण देने के लिए धन की व्यवस्था	..	..	1,20,00	1,20,00	तदैव	16 प
	योग ..	97,35	7,95,00	7,46,00	16,38,35		

हथकरघा बुनकरों के लिए बुनकर कल्याणकारी कार्यक्रम

भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा निर्बल वर्ग के लिए सामूहिक बीमा योजना प्रारम्भ की गयी है जिसके अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा निधि की भी स्थापना की गयी है। इस योजना में हथकरघा बुनकरों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किये जाने हेतु सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव है। योजना हथकरघा निदेशालय द्वारा उ0 प्र0 राज्य हथकरघा निगम के माध्यम से क्रियान्वित की जायगी। योजना के अन्तर्गत लाभार्थी वही होंगे जो पंजीकृत सहकारी हथकरघा बुनकर समितियों के सदस्य है और 18 से 60 वर्ष की आयु के बीच हों। प्रतिकर की धनराशि सामान्य मृत्यु की दशा में 5,000 रु0 होगी, दुर्घटना मृत्यु की दशा में 10,000 रु0, दुर्घटना में एक अंग खो जाने पर 2,500 रु0 तथा दोनों अंग खो जाने पर 5,000 रु0 रखी गयी है। वित्तीय वर्ष 1989-90 में इस योजना हेतु 1,00,000 रु0 की आवश्यकता होगी। तद्नुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2235— सामाजिक सुरक्षा कल्याण— (हजार रुपयों में)

60—अन्य सामाजिक सुरक्षा कल्याण कार्यक्रम—आयोजनागत—

110—अन्य बीमा योजनायें—

हथकरघा बुनकरों के लिये बुनकर कल्याणकारी कार्यक्रम—

14—सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता 1,00

कन्नौज जनपद, फर्रुखाबाद में इत्र उद्योग के विकास हेतु प्राविधिक सर्विस सेन्टर की स्थापना

उत्तर प्रदेश में सुगन्धित तेलों का बहुत बड़ा उद्योग कन्नौज जनपद फर्रुखाबाद एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में स्थापित है। भारत सरकार ने कन्नौज के इत्र उद्योग के आधुनिकीकरण हेतु यूनिडो के विशेषज्ञों की सहायता से कन्नौज के इत्र उद्योग का गहन अध्ययन करवाया। यूनिडो विशेषज्ञ ने पाया कि कन्नौज का इत्र उद्योग विभिन्न कठिनाइयों से गुजर रहा है जिससे उद्योग में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। अतः उन्होंने कन्नौज के इत्र उद्योग को विकसित करने एवं उसके उत्पादों को निर्यात योग्य बनाने के लिये कन्नौज में टेक्निकल सर्विस सेन्टर की स्थापना का सुझाव दिया। यह टेक्निकल सर्विस सेन्टर यूनिडो एवं भारत सरकार के सहयोग से खोला जाना है। इस योजना पर लगभग 2,04,82,500 रु0 का व्यय होने का अनुमान है जिसमें राज्य सरकार का अंश केवल भूमि-भवन हेतु 90,00,000 रु0 होगा। शेष धनराशि यूनिडो के सहयोग से भारत सरकार स्वयं वहन करेगी। इस प्रयोजन हेतु वर्ष 1989-90 में 10,00,000 रु0 की आवश्यकता होगी। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2851—ग्रामोद्योग और लघु उद्योग-आयोजनागत—

102—लघु उद्योग—

—कन्नौज जनपद फर्रुखाबाद में इत्र उद्योग के विकास हेतु टेक्निकल सर्विस सेन्टर की स्थापना हेतु भूमि भवन की व्यवस्था (हजार रुपयों में)

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 10,00

प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों का पुनर्वास

इस योजना के अन्तर्गत समस्त बकायेदार प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों का सर्वेक्षण करवाया जाना प्रस्तावित है जिससे यह ज्ञात हो सके कि कौन-कौन सी समितियां बिलकुल भुगतान न करने के कारण बकायेदार हो गयी है एवं कौन सी समितियां अन्य किसी कारणवश बकायदार हुई है, जिन्हें यदि वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जायें तो वे फिर से पुनर्जीवित हो सकती है। योजना के लिये वर्ष 1989-90 के लिये 1,00,000 रुपये की आवश्यकता होगी। तद्नुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2851—ग्रामोद्योग और लघु उद्योग-आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

103—हथकरघा उद्योग—

प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों का पुनर्वास किया जाना—

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 1,00

चर्म शोधनालयों का पुनर्जीवीकरण

चर्म शोधनालयों के पुनर्जीवीकरण योजना के अन्तर्गत वर्ष 1987-88 में उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड को 60.58 लाख रु0 की धनराशि 50 ग्रामीण चर्म शोधनालयों के पुनरुद्धार हेतु स्वीकृत की गयी थी। अब उपयुक्त उद्यमियों के चयन, उपयुक्त क्षेत्रों के चयन एवं चुने हुए स्थानों पर उद्यमियों की क्रियात्मक प्रदर्शन/प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु कच्चा माल, रसायन, औजारों आदि के क्रय पर कुल 1,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। इस धनराशि की आवश्यकता वर्ष 1989-90 में होगी। तद्नुसार आय-व्ययक में 1,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2851--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--आयोजनागत--	(हजार रुपयों में)
105--खादी और ग्रामोद्योग--	
01--खादी तथा ग्रामोद्योग परिषद् को सहायता--	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	1,00

फिरोजाबाद में ग्लास टेक्नालाजी इंस्टीट्यूट की स्थापना

अब तक फिरोजाबाद का कांच उद्योग पारम्परिक तकनीक तथा उत्पाद के पुराने तरीकों का उपयोग करता रहा है, जिससे इकाइयां उतनी कुशलता से नहीं कार्य कर रही है, जितनी कुशलता से उन्हें करना चाहिये। चूंकि फिरोजाबाद में अत्यधिक मात्रा में कुशल श्रमिक उपलब्ध है, अतः इस उद्योग का उच्चीकरण किया जाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से यूनिडो की सहायता से फिरोजाबाद में ग्लास टेक्नालाजी इन्स्टीट्यूट की स्थापना की जा रही है। योजनानुसार इन्स्टीट्यूट की स्थापना पर कुल 5,51,77,750 रु० का व्यय अनुमानित है जिसमें से उत्तर प्रदेश सरकार का अंश 1,60,61,000 रु० है। शेष परियोजना पर व्यय स्वयं भारत सरकार द्वारा यूनिडो के सहयोग से किया जायगा। इस योजना हेतु वर्ष 1989-90 में 8,00,000 रु० की आवश्यकता होगी। तद्नुसार इतनी ही धनराशि की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गयी है। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2851--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--आयोजनागत--	(हजार रुपयों में)
102--लघु उद्योग--	
ग्लास टेक्नालाजी इन्स्टीट्यूट की स्थापना हेतु भूमि-भवन की व्यवस्था--	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	8,00

हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों को रिजर्व बैंक गारन्टी हेतु व्यवस्था

यह योजना रिजर्व बैंक द्वारा जिला सहकारी बैंकों के माध्यम से चलाई जाती है। इसके अन्तर्गत हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों को उनके हिस्सा पूंजी के 8 से 10 गुना तक कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाती है। प्रदेश सरकार समितियों के पक्ष में इस ऋण को प्रदान करती है। सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति इतनी सुदृढ़ नहीं होती है कि वह अपने उत्पादन में आशातीत वृद्धि के लिये आवश्यक कार्यशील पूंजी की व्यवस्था कर सकें। अतएव राज्य सरकार रिजर्व बैंक द्वारा सहकारी बैंकों के माध्यम से सहकारी समितियों की गारन्टी लेती है। इस प्रकार गारन्टी प्राप्त बुनकर सहकारी समितियों को जिला सहकारी बैंकों द्वारा घटी ब्याज दर पर कार्यशील पूंजी हेतु ऋण प्रदान किया जाता है। गारन्टी के अनुसार ऋण की अदायगी न होने पर शासन द्वारा यह नुकसान वहन किया जाता है। वित्तीय वर्ष 1989-90 के लिये इस योजना हेतु 1,000 रुपये का प्रतीक प्राविधान किया जाना है। तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,000 रुपये की प्रतीक प्राविधान की व्यवस्था की जा रही है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:-- (हजार रुपयों में)

2851--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--आयोजनागत--	
103--हथकरघा उद्योग--	
रिजर्व बैंक गारन्टी योजना	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	1

सहकारिता के माध्यम से मौनपालन तकनीकी सहायता

इस योजना के अन्तर्गत उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्त पोषित मौनपालन सहकारी समितियों को सहायता दिया जाना प्रस्तावित है। इन समितियों को तकनीकी सहायता दिलाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि मौनपालन क्षेत्र में नई तकनीकी अपना कर अधिक से अधिक मधु का उत्पादन करें और स्वावलम्बी बनें। इस योजना के अन्तर्गत समितियों को प्रथम वर्ष 300 रुपये प्रति माह तथा दूसरे वर्ष 250 रुपये प्रति माह का तकनीकी अनुदान दिया जाना है। इस धनराशि का 50 प्रतिशत अंश खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग से दिया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 1989-90 में इस योजना के अन्तर्गत 35 मौनपालन सहकारी समितियों का प्रथम वर्ष के लिये तथा 24 को दूसरे वर्ष के लिये तकनीकी अनुदान दिया जाना है जिसके लिये 1,00,000 रुपये की आवश्यकता होगी। तद्नुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2851--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--आयोजनागत--	(हजार रुपयों में)
105--खादी और ग्रामोद्योग--	
01--खादी तथा ग्रामोद्योग परिषद् को सहायता--	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	1,0

ग्रामीण एवं कुटीर उद्यमियों को पुरस्कार

खादी एवं ग्रामोद्योग के क्षेत्र में विगत वर्षों में काफी बड़ा परिवर्तन आया है। ग्रामीण उद्योगों के अन्तर्गत विगत वर्षों की अपेक्षा काफी प्रशंसनीय प्रगति हुई है जिसमें इस क्षेत्र में लगी संस्थाओं/समितियों/व्यक्तिगत इकाइयों का बहुत अधिक योगदान रहा है। इकाइयों द्वारा अपने उत्पादन एवं इस उद्योग की गुणवत्ता बढ़ाने में कतिपय प्रयास किये गये हैं, जिसको देखते हुए यह महसूस किया जा रहा है कि इस क्षेत्र की इकाइयों की गुणवत्ता एवं उत्पादन बढ़ाने के लिये उनमें लगे उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाय। इसी उद्देश्य से यह योजना लागू की जा रही है जिसके लिये वर्ष 1989-90 में 1,39,000 रुपये की आवश्यकता होगी। तद्नुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,39,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2851-ग्रामोद्योग और लघु उद्योग-आयोजनागत-105-खादी एवं ग्रामोद्योग--		(हजार रुपयों में)
01-खादी और ग्रामोद्योग परिषद् को सहायता--		
14-सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	.. .. ..	1,39

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय के पुनर्गठन एवं सुदृढ़ीकरण योजना के अन्तर्गत कार्यालयों की स्थापना के लिए सहायता

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय के पुनर्गठन एवं सुदृढ़ीकरण के अन्तर्गत क्षेत्रीय कार्यालयों को बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसका आधार हाल में हुई गणना है जिससे बुनकरों को त्वरित सहायता पहुंचाई जा सकेगी। इस योजना के अन्तर्गत 11 नये क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की जानी है। नये कार्यालयों के स्थापना के फलस्वरूप क्षेत्रीय कार्यालयों की संख्या बढ़कर 27 हो जायेगी, जिससे बुनकरों को त्वरित विकास में काफी सहायता मिलेगी। क्षेत्रीय कार्यालयों के लिये 20,00,000 रु० की आवश्यकता होगी, जिसके लिए वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 20,00,000 रु० की व्यवस्था करली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जाएगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2851--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--आयोजनागत--		(हजार रुपयों में)
103--हथकरघा उद्योग--		
निदेशन और प्रशासन--		
33--अन्य व्यय	.. ..	20,00

रेशम सहकारी समितियों का गठन

भारत सरकार एवं केन्द्रीय रेशम बोर्ड द्वारा यह सुझाव दिये गये हैं कि प्रदेश में रेशम उद्योग का विकास स्वैच्छिक कार्य से सम्भव है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रस्तावित योजना के अन्तर्गत कीटपालक सहकारी समितियों को संगठित किये जाने का विचार है इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक समिति को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक तकनीकी सहायक रखने का प्राविधान किया जा रहा है। प्रथम वर्ष में प्रत्येक समिति को 150 रु० तथा द्वितीय वर्ष में 100 रु० प्रतिमाह का अनुदान उपलब्ध कराया जायगा। वर्ष 1989-90 में 300 नई समितियों के गठन का प्रस्ताव है, जिन्हें अनुदान के रूप में तकनीकी सहायता दिया जाना है। इसके लिए 5,00,000 रु० की आवश्यकता वर्ष 1989-90 में होगी। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 5,00,000 रु० की व्यवस्था करली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2851--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--आयोजनागत		(हजार रुपयों में)
107--रेशम कीटपालन उद्योग--		
रेशम सहकारी समितियों का गठन		
14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता	.. .. ..	5,00

उ० प्र० अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम द्वारा जेम, ज्वेलरी तथा डायमण्ड कटिंग इत्यादि हेतु प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना

उत्तर प्रदेश अल्प संख्यक वित्तीय एवं विकास निगम लि० लखनऊ द्वारा अल्प संख्यक वर्ग की महिलाओं व पुरुषों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इन्हीं कार्यक्रमों के अन्तर्गत उक्त निगम ने प्रस्ताव किया है कि एक ऐसे प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जाय जिसमें प्रशिक्षार्थियों को जेम, ज्वेलरी तथा डायमण्ड कटिंग इत्यादि के सम्बन्ध में नियमित प्रशिक्षण की व्यवस्था हो। इस संबंध में उक्त निगम द्वारा इस पूरे कार्यक्रम के सम्बन्ध में एक अध्ययन किया गया है।

इस प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना के सम्बन्ध में प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है। प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद पूरे व्यय के सबन्ध में अनुमान प्रस्तुत किया जा सकेगा। इस समय केवल भूमि तथा कुछ भवन के कार्य हेतु 25,00,000 रु० का व्यय प्रस्तावित है। अतः नई मांगों के माध्यम से उक्त धनराशि 25,00,000 रु० का आवश्यक व्यवस्था 1989-90 के आय-व्ययक में कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के उपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2851-ग्रामोद्योग और लघु उद्योग-आयोजनागत--	(हजार रुपयों में)
102-लघु उद्योग--	
02--अल्प संख्यक वित्तीय एवं विकास निगम को प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु सहायता -	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज्य सहायता	25,00

हथकरघा क्षेत्र के छीपीयों को बीमा की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की योजना

हथकरघा क्षेत्र छीपाई के कार्य में लगे छीपियों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से इनको बीमा के अन्तर्गत लेने का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत प्रिमियम का 50 प्रतिशत अंश जीवन बीमा निगम द्वारा सृजित सामाजिक सुरक्षा कोष से, 20 प्रतिशत अंश राज्य सरकार एवं 30 प्रतिशत अंश लाभार्थी द्वारा वहन किया जायेगा। प्रथम चरण में दस हजार व्यक्तियों को इस योजना से लाभान्वित किया जाना है जिसके लिये प्रति लाभार्थी 6 रु० प्रति वर्ष प्रिमियम राज्य सरकार द्वारा दिया जायगा। अतएव कुल इस योजना हेतु 60 हजार रुपये प्रदेश शासन द्वारा दिया जाना है जिसके लिये आगामी वित्तीय वर्ष 1989-90 में 60,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2851-ग्रामोद्योग और लघु उद्योग-आयोजनागत--	(हजार रुपयों में)
102-हथकरघा उद्योग--	
20-छीपियों की बीमा की सुविधा--	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता ..	60

खादी ग्रामोद्योग से सम्बन्धित कत्तिनों एवं बुनकरों को बीमा की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की योजना

खादी एवं ग्रामोद्योग से सम्बन्धित कत्तिनों एवं बुनकरों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से इनको बीमा के अन्तर्गत लेने का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत प्रिमियम का 50 प्रतिशत अंश जीवन बीमा निगम द्वारा सृजित सामाजिक सुरक्षा कोष से 20 प्रतिशत अंश राज्य सरकार एवं 30 प्रतिशत अंश लाभार्थी द्वारा वहन किया जाना है। प्रथम चरण में एक लाख व्यक्तियों को इस योजना से लाभान्वित किया जाना है जिसके लिये प्रति लाभार्थी 6 रु० प्रति वर्ष प्रिमियम राज्य सरकार द्वारा दिया जाना होगा। अतएव कुल इस योजना हेतु 6 लाख रुपये प्रदेश शासन द्वारा दिया जाना है। इसके लिये वित्तीय वर्ष 1989-90 में 6,00,000 रु० की व्यवस्था करली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2851-ग्रामोद्योग और लघु उद्योग-आयोजनागत--	(हजार रुपयों में)
105--खादी और ग्रामोद्योग--	
01--खादी तथा ग्रामोद्योग परिषद को सहायता--	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	6,00

उत्पादकता अध्ययन एवं आधुनिकीकरण सहायतार्थ निधि

प्रदेश में औद्योगिक विकास की प्रगति सुनिश्चित करने के लिये औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लक्ष्य निर्धारित किये जा चुके हैं और उन्हीं के अनुसार औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जा रही है। प्रायः ऐसा होता है कि औद्योगिक इकाइयां स्थापित होने के पश्चात् ही रुग्ण होने लगती है। इनके बहुत से कारण हैं जिनमें एक कारण उनकी उत्पादकता न बढ़ पाना एवं आवश्यक नवीनीकरण का होना भी है। इस समस्या के निराकरण हेतु इकाइयों की उत्पादकता में वृद्धि के लिये एवं उनके नवीनीकरण की समय से सलाह देने के लिये उद्योगों के अध्ययन की आवश्यकता है। इस योजना पर वर्ष 1989-90 में एक उत्पादकता अध्ययन एवं आधुनिकीकरण एवं सहायतार्थ निधि स्थापित करने हेतु 11,00,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 11,00,000 रु० की व्यवस्था करली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2851-ग्रामोद्योग एवं लघु उद्योग-आयोजनागत-	
797--रक्षित निधि को संक्रमण	
01-रुग्ण औद्योगिक इकाइयों के उत्पादकता अध्ययन एवं आधुनिकीकरण सहायतार्थ निधि को संक्रमण	
29-अन्तर्लेखा संक्रमण	11,00

(क) हथकरघों का आधुनिकीकरण (सहकारिता क्षेत्र के बाहर)

हथकरघा क्षेत्र को संगठित क्षेत्र से प्रतिस्पर्धा के लिये आवश्यक है कि इस क्षेत्र की उत्पादकता एवं गुणवत्ता में पर्याप्त सुधार लाये जायें। इसके लिये आवश्यक है कि हथकरघों का आधुनिकीकरण किया जाये। हथकरघा क्षेत्र में सहकारी समितियों के लिये करघों के आधुनिकीकरण की योजना पहले से ही कार्यान्वित की जा रही है। प्रदेश में अभी भी अधिकांश करघे व्यक्तिगत क्षेत्र में कार्यरत हैं, इनकी भी उत्पादकता बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। केन्द्र सरकार द्वारा समतुल्य सहायता के आधार पर व्यक्तिगत क्षेत्र के बुनकरों के हथकरघों के आधुनिकीकरण की योजना लागू की जा रही है। इसी को दृष्टिगत रखते हुये वर्ष 1989-90 में प्रदेश के व्यक्तिगत क्षेत्र के हथकरघों का आधुनिकीकरण करने हेतु यह योजना लागू की जा रही है। इसके अन्तर्गत व्यक्तिगत/अंगीकृत बुनकरों को सुधरे यन्त्र/संयंत्र आदि खरीदने के लिये सहायता प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत 1/3 भाग अनुदान तथा 2/3 भाग ऋण होगा। वर्ष 89-90 में इस योजना के लिये रुपये 9,00,000 (रुपये नौ लाख मात्र) की आवश्यकता होगी। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 9,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:— (हजार रुपयों में)

2851-ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--आयोजनागत--

103—हथकरघा उद्योग—

सहकारिता क्षेत्र के बाहर के बुनकरों के हथकरघों का आधुनिकीकरण—(50 प्रतिशत केन्द्र पोषित)—

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	3,00

6851-ग्रामोद्योगों और लघु उद्योगों के लिये उधार-आयोजनागत—

103-हथकरघा उद्योग—

सहकारिता क्षेत्र के बाहर के बुनकरों के हथकरघों को आधुनिकीकरण हेतु ऋण—

24—निवेश/ऋण	6,00
.. कुल योग	9,00

उद्योग निदेशालय का पुनर्गठन

उद्योग निदेशालय द्वारा सामग्री क्रय आदि का कार्य प्रदेश के समस्त राजकीय विभागों एवं निगमों हेतु सम्पादित किया जाता है। प्रदेश के त्वरित औद्योगीकरण हेतु वर्तमान इलेक्ट्रानिक युग में निदेशालय का पुनर्गठन करने की आवश्यकता है। इसके परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 1989-90 में निदेशालय में एक कम्प्यूटर सेन्टर की स्थापना, इण्टरकाम एवं फैंकिंग मशीन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। कम्प्यूटर सेन्टर की स्थापना हेतु 2,50,000 रु0 तथा इण्टरकाम (अपट्रान बैटरी) हेतु 40,000 रु0 तथा फैंकिंग मशीन हेतु 45,000 रु0 की धनराशि व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में कुल 3,35,000 रु0 का प्राविधान कर लिया गया है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2852—उद्योग—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

80—सामान्य—

001—निदेशन और प्रशासन—

01— मुख्यालय—

20—मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	3,35

क्षेत्रीय सहकारी समितियों को अंश पूंजी सहायता

प्रदेश में हथकरघा उद्योग का विकास सहकारिता आन्दोलन के अन्तर्गत किये जाने के उद्देश्य से यह योजना बनाई गई है। इस योजना के अन्तर्गत बुनकर बहुल क्षेत्रों में क्षेत्रीय बुनकर सहकारी समितियों के गठन का विचार है। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1989-90 में प्रदेश के विभिन्न बुनकर बाहुल्य क्षेत्रों में 7 क्षेत्रीय/शीर्ष समितियों के गठन का प्रस्ताव है। जिसके लिये समितियों को 50,00,000 रु0 की धनराशि अंशपूंजी सहायता के रूप में दिया जाना प्रस्तावित है। इन समितियों के गठन से कच्चा माल उत्पादन तथा विपणन की समस्याओं के प्रभावी ढंग से निराकरण में सुविधा मिलेगी। वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में तदनुसार 50,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

4851—ग्रामोद्योग और लघु उद्योगों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत (हजार रुपयों में)

109—संयुक्त ग्रामोद्योग, और लघु उद्योग सहकारी समितियां—

09—संयुक्त ग्रामोद्योग और लघु उद्योग सहकारी समितियां—

समितियों के अंशकों में पूंजी निवेश

24—निवेश/ऋण	50,00

(संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से ढलाई तथा गढ़ाई उद्योगों की लघु स्तरीय इकाइयों के विकास एवं प्रक्रिया (सह-उत्पाद विकास केन्द्र, आगरा की स्थापना

आगरा में फाउण्ड्री के विकास के लिए यू0एन0डी0पी0 एवं भारत सरकार के सहयोग से एक सह-उत्पादन विकास केन्द्र की स्थापना की गयी है। इस केन्द्र की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 60 लाख रुपये स्वीकृत किए जा चुके हैं। प्रथम चरण में इस विकास केन्द्र का कार्य पूर्ण हो गया है। इस केन्द्र के विस्तार किये जाने हेतु भारत सरकार ने यू0एन0डी0पी0 की सहायता से कार्यक्रम बनाया है। अब राज्य सरकार द्वारा इस केन्द्र के द्वितीय फेज के लिए केवल भूमि की व्यवस्था करनी है। इस हेतु 5,00,000 रु0 की आवश्यकता है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 5,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4851--ग्रामोद्योगों और लघु उद्योगों पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत--)

102--लघु उद्योग-- (हजार रुपयों में)

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से ढलाई तथा गढ़ाई उद्योगों की लघु स्तरीय इकाइयों के विकास एवं प्रक्रिया सह-उत्पाद केन्द्र की आगरा में स्थापना--

18--वृहत् निर्माण-कार्य 5,00

उत्तर प्रदेश राज्य वस्त्र निगम के अंशकों का क्रय

बुनकरों को उचित मूल्य पर उत्तम श्रेणी का सूत उपलब्ध कराने के लिये उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम की पुरानी कताई मिलों के आधुनिकीकरण की परियोजनायें तैयार की गई हैं। इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के परिणाम स्वरूप मिलों की हालत में पर्याप्त सुधार और मिलों द्वारा उचित लाभ अर्जित करने की संभावना है। वर्ष 1989-90 में आधुनिकीकरण/विविधीकरण की परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिये 4,90,00,000 रु0 उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम में अंशपूंजी विनियोजन का प्रस्ताव है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 4,90,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4860--उपभोक्ता उद्योगों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

01--कपड़ा--

190--सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों में निवेश--

01--उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम के अंशकों का क्रय--

24--निवेश/ऋण 4,90,00

(उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम के पूंजी ढांचे के सुदृढ़ीकरण हेतु निगम के अंशकों का क्रय)

उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम लि0, तथा उसकी सहायक कम्पनियों द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में स्थापित कताई मिलों की वर्तमान में आर्थिक हालत काफी शोचनीय है। इसका मुख्य कारण कताई मिलों का पुरानी होना है जिसके कारण वे अपेक्षित स्तर पर लाभ नहीं अर्जित कर पा रही हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु यह प्रस्तावित है कि मिलों के पूंजी ढांचे को सुदृढ़ किया जाय ताकि मिलें आवश्यकतानुसार वित्तीय संस्थाओं से ऋण तथा अन्य वित्तीय सहायतायें प्राप्त कर सकें। मिलों के आधुनिकीकरण हेतु भी मिल की अंशपूंजी का सुदृढ़ीकरण आवश्यक है। इससे मिलों द्वारा बुनकरों को अपेक्षित मात्रा में सूत उपलब्ध कराया जा सकेगा तथा मिलें भी लाभ की स्थिति में आ सकेंगी। तदनुसार उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम लि0, के अंशपूंजी में 1,25,00,000 रु0 के विनियोजन करने का प्रस्ताव है। वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,25,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि के शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4860--उपभोक्ता उद्योगों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

01--कपड़ा--

190--सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों में निवेश--

01--उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम के अंशकों का क्रय--

24--निवेश/ऋण 1,25,00

(उ0प्र0 सहकारी कताई मिल संघ द्वारा संचालित पुरानी कताई मिलों का आधुनीकीकरण/विविधीकरण

बुनकरों को उचित मूल्य पर उत्तम श्रेणी का सूत उपलब्ध कराने के लिए सहकारी कताई मिलों के आधुनीकीकरण/विविधीकरण की योजनायें बनाई गई हैं, जिनमें परिणामस्वरूप मिलों की हालत में पर्याप्त सुधार आने और लाभ अर्जित करने की सम्भावना है। इन कताई मिलों के आधुनीकीकरण/विविधीकरण हेतु वर्ष 1989-90 में उ0प्र0 सहकारी कताई मिल संघ को अंशकों के

क्रय हेतु 1,00,00,000 रु० स्वीकृत किये जाने का प्रस्ताव है। तदनुसार इतनी ही धनराशि की आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

4860—उपभोक्ता उद्योगों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत—
01—कपड़ा—
190—सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों में निवेश
02—सहकारी सूती मिलों के अंशकों में पूंजी निवेश—
24—निवेश/ऋण 1,00,00

सहकारी सूती मिलों की अंशपूंजी आधार का सुदृढ़ीकरण

उ० प्र० सहकारी कताई मिल संघ लि०, द्वारा सहकारी क्षेत्र में स्थापित की गई कताई मिलों की वर्तमान में आर्थिक हालत काफी जर्जर है। यह मिलें अपेक्षित स्तर पर लाभ नहीं कमापा रही है। इसमें सुधार लाने हेतु पुरानी मिलों के आधुनिकीकरण की योजना बनाई गई है। अतः आवश्यक है कि मिलों के पूंजी-ढांचे को सुदृढ़ किया जाय ताकि मिलें आवश्यकतानुसार वित्तीय संस्थाओं से ऋण तथा अन्य वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकें ताकि मिलों का सुचारु रूप से आधुनीकिकरण हो सके। इसमें सम्भावना है कि मिलों द्वारा बुनकरों को अपेक्षित मात्रा में सूत उपलब्ध कराया जा सकेगा तथा मिलें भी लाभ की स्थिति में आ सकेगी। तदनुसार वित्तीय वर्ष 1989-90 में उ० प्र० सहकारी कताई मिल संघ के अधीनस्थ सहकारी कताई मिलों के अंशपूंजी में 25,00,000 रु० के विनियोजन का प्रस्ताव है। इसके लिये आय-व्ययक में 25,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

4860—उपभोक्ता उद्योगों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत—
01—कपड़ा—
190—सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों में निवेश—
02—सहकारी सूती मिलों के अंशकों में पूंजी निवेश—
24—निवेश/ऋण 25,00

रुग्ण लघु एवं लघुत्तर औद्योगिक इकाइयों को पुनर्वासित करने हेतु केन्द्र सरकार की 50 प्रतिशत मैचिंग आधार पर संचालित मार्जिन मनी ऋण योजना

औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ती रुग्णता को तत्काल रोकने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये लघु एवं लघुत्तर रुग्ण औद्योगिक इकाइयों को पुर्नवासित करने हेतु भारत सरकार ने राज्य सरकार के सहयोग से मार्जिन मनी ऋण योजना प्रारम्भ की है। इस योजना में भारत सरकार एवं राज्य सरकार का अंशदान 50:50 के अनुपात में होगा भारत सरकार ने राज्य सरकार द्वारा संचालित इस योजना को स्वीकार कर लिया है। वर्ष 1989-90 में इस योजना के लिये भारत सरकार के अंशदान को सम्मिलित करते हुये 10,00,000 रु० की धनराशि अपेक्षित होगी, जिसकी व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:— (हजार रुपयों में)

6851—ग्रामोद्योग और लघु उद्योगों के उधार—
03—रुग्ण लघु एवं लघुत्तर औद्योगिक इकाईयों को पुर्नवासित करने हेतु केन्द्र सरकार ..
की 50 प्रतिशत मैचिंग आधार पर संचालित मार्जिन मनी योजना (केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित) . 10,00

प्रदेशीय इण्डस्ट्रियल एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कारपोरेशन को व्यवसाय हेतु ऋण

प्रदेश में औद्योगीकरण के विकास तथा वृहद एवं मध्यम उद्योगों की स्थापना हेतु उद्यम कर्ताओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से स्थापित यह निगम उद्यमकर्ताओं को वित्तीय सहायता के साथ-साथ उन्हें प्राविधिक तथा अन्य प्रकार की सलाह भी प्रदान करता है। अपने कार्य के संचालन हेतु पिकप को शासन द्वारा समय-समय पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती रही है। वर्ष 1989-90 में पिकप को 2,00,00,000 रु० की धनराशि ऋण के रूप में उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 200,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। ऋण की स्वीकृति निर्धारित शर्तों पर विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

6885—अन्य उद्योगों और खनिजों के लिये उधार-आयोजनागत—
01—औद्योगिक वित्तीय संस्थाओं को उधार—
190—सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों को उधार—
02—प्रदेशीय इण्डस्ट्रियल एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कारपोरेशन को व्यवसाय हेतु ऋण— (हजार रुपयों में)
24—निवेश/ऋण 2,00,00

उ० प्र० राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड को संयुक्त क्षेत्र में भागीदारी तथा अण्डरराइटिंग एवं इक्विटी पार्टीसिपेशन हेतु ऋण

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड प्रदेश में स्थापित होने वाले नये उद्योगों को सस्ती दर पर भूमि उपलब्ध कराने के साथ-साथ संयुक्त क्षेत्रीय परियोजनाओं में भागीदारी तथा अण्डरराईटिंग एवं इक्विटी पार्टीसिपेशन का कार्य करते हैं। इस कार्य हेतु वर्ष 1989-90 में इस योजना के अन्तर्गत 1,50,00,000 रु० की धनराशि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। तदनुसार 1989-90 के आय-व्ययक में 1,50,00,000 रु० की ऋण की व्यवस्था कर ली गयी है। ऋण की स्वीकृति निर्धारित शर्तों पर विस्तृत परीक्षणोपरान्त की जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

6885--अन्य उद्योगों और खनिजों के लिये उधार-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य--

800--अन्य उधार--

03--उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड को संयुक्त क्षेत्रों में भागीदारी तथा अण्डर-राइटिंग एवं इक्विटी पार्टीसिपेशन हेतु ऋण--

24--निवेश/ऋण 1,50,00

उ० प्र० राज्य औद्योगिक विकास निगम लि० कानपुर को उद्योग शून्य जनपदों में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु भूमि एवं अवस्थापना सुविधाओं के लिये ऋण

प्रदेश के मैदानी क्षेत्र के 7 जनपदों अर्थात् कानपुर देहात, फतेहपुर, हमीरपुर, बांदा, जौनपुर, जालौन और सुल्तानपुर को शून्य उद्योग जनपदों की श्रेणी में रखा गया है। इन जनपदों में भारत सरकार ने एक उपादान योजना लागू की है जिसके अन्तर्गत प्रत्येक जनपद में वे औद्योगिक अवस्थापना सुविधा प्रदान करने हेतु 600 लाख रु० की योजना में अधिकतम 200 लाख रु० का अनुदान उपलब्ध करायेंगे। शेष धनराशि राज्य सरकार तथा आई० डी० बी० आई० द्वारा वहन की जायेगी। इस योजना से पिछड़े जिलों का औद्योगिक विकास होगा। इस योजना का कार्यान्वयन उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से कराया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 1989-90 में ब्याज रहित ऋण के रूप में 2,60,00,000 रु० उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। तदनुसार 2,60,00,000 रु० की व्यवस्था 1989-90 के आय-व्ययक में कर ली गयी है। ऋण पूर्व निर्धारित शर्तों पर विस्तृत परीक्षणोपरान्त दिया जायेगा।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

6885-अन्य उद्योगों और खनिजों के लिये उधार-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

60- अन्य-

800--अन्य उधार-

04--प्रदेश के उद्योग शून्य जनपदों में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना तथा भूमि एवं अन्य अवस्थापना सुविधाओं हेतु उ० प्र० राज्य औद्योगिक विकास निगम लि० को उधार--

24--निवेश/ऋण 2,60,00

न्यू ओखला इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेन्ट अथारिटी, गाजियाबाद को अतिरिक्त ऋण देने के लिये धन की व्यवस्था

प्राधिकरण द्वारा पिछड़े जिला बुलन्दशहर की तहसील दादरी जो बाद में गाजियाबाद जिले में सम्मिलित कर दी है, के राजस्व क्षेत्र के 3218 हेक्टेयर भूमि का वर्ष 1976 से 1992 तक का 16 वर्ष की अवधि में एक सुसंबद्ध शहरी बस्ती की तरह विकास किया जा रहा है। शासन द्वारा वर्ष 1989-90 में प्राधिकरण का क्षेत्र के सुसम्बद्ध विकास हेतु 1,20,00,000 रु० की धनराशि ऋण के रूप में दिये जाने का प्रस्ताव है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,20,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। ऋण पूर्व निर्धारित शर्तों पर विस्तृत परीक्षणोपरान्त दिया जायेगा।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में

6885-अन्य उद्योगों और खनिजों के लिये उधार-आयोजनागत-

60-अन्य-

800--अन्य उधार--

01--नव ओखला औद्योगिक विकास परियोजना हेतु ऋण--

24--निवेश/ऋण 1,20,00

ऊर्जा विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	कुटीर ज्योति योजना	..	..	2,61,90	2,61,90	6801- विद्युत् परियोजनाओं के लिए उधार	19-प

कुटीर ज्योति योजना

वर्ष 1989-90 में "कुटीर ज्योति योजना" प्रारम्भ करने व उसके अन्तर्गत उस वर्ष 2,16,000 कनेक्शन के लक्ष्य की पूर्ति हेतु प्रति कनेक्शन 121.25 रु0 की दर से कुल 2,61,90,000 रु0 की धनराशि राज्य सरकार द्वारा उ0 प्र0 राज्य विद्युत परिषद् को वार्षिक योजना के अंश के रूप में दी जायगी। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 2,61,90,000 रु0 की धनराशि सम्मिलित कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

6801--विद्युत परियोजनाओं के लिये उधार--आयोजनागत---

800--बिजली बोर्डों को अन्य उधार---

01--उ0 प्र0 राज्य विद्युत परिषद् को ऋण--

01 02--विद्युत प्रायोजनाओं के वित्त पोषण के लिये ऋण (जिला सेक्टर)--

04--कुटीर ज्योति योजना के सम्बन्ध में उ0 प्र0 राज्य विद्युत परिषद् को ऋण--

24--निवेश/ऋण 2,61,90

कृषि विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक के सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रदेश में अलंकृत बागवानी के विकास की योजना	5,89	..	..	5,89	2401—कृषि कार्य	23प
2	प्रदेश के प्रमुख एवं पिछड़े क्षेत्रों में औद्यानिक विकास योजना	2,88	..	..	2,88	तदैव	23प
3	वर्तमान उद्यानों प्रक्षेत्रों, पौधशालाओं के सुधार की योजना	9,40	..	..	9,40	तदैव	24प
4	सनई विकास का विशेष कार्यक्रम	11,33	..	..	11,33	तदैव	25प
5	कृषि यंत्र एवं कृषि रक्षा उपकरण के परीक्षण हेतु प्रयोगशाला की स्थापना	50,00	..	..	50,00	तदैव	25प
6	कृषक परिवारों को कृषि यन्त्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों को 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरित करने की योजना	6,00,00	..	..	6,00,00	तदैव	26प
	योग	6,79,50	..		6,79,50		

प्रदेश में अलंकृत बागवानी के विकास की योजना

जन सामान्य में अलंकृत बागवानी के प्रति उत्तरोत्तर बढ़ती अभिरुचि एवं पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए कानपुर (देहात) में सैनिक कैम्पिंग ग्राउण्ड की 25 एकड़ भूमि में नेहरू उद्यान एवं अलंकृत बागवानी पौधशाला तथा नगर में जनपद मुख्यालय की पौधशाला पर एक अलंकृत पौधशाला की स्थापना का प्रस्ताव है जिस पर वित्तीय वर्ष 1989-90 में कुल 5,89,000 रु० (1,70,000 रु० आवर्तक और 4,19,000 रु० अनावर्तक) का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 5,89,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—व्यय का विभाजन—

साज-सज्जा मशीन इत्यादि के स्थूल ब्योरे—

मद		धनराशि
(क) भूमि / भवन आदि के स्थूल ब्योरे—		(हजार रुपयों में)
फेंसिंग, सिंचाई सुविधा, ग्रीन हाउस, कार्यालय-कम-गोदाम आदि का निर्माण	..	4,00
(ख) मशीन और सज्जा / उपकरण एवं संयंत्र	.. ..	19
	योग ..	4,19

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2401—कृषि कार्य—आयोजनागत—

119—बागवानी और सब्जियों की फसलें

01—नर्सरी

0114—प्रदेश में अलंकृत बागवानी के विकास की योजना (जिला योजना)		(हजार रुपयों में)
02—मजदूरी	.. ..	40
18—बृहत् निर्माण-कार्य	.. ..	4,00
20—मशीन और सज्जा / उपकरण और संयंत्र	.. .. ..	19
25—सामग्री और सम्पूर्ति	.. ..	1,05
33—अन्य व्यय	.. ..	25
	योग ..	5,89

प्रदेश के प्रमुख एवं पिछड़े क्षेत्रों में औद्यानिक विकास की योजना

वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत पौधों की आपूर्ति को पूरा करने एवं स्थानीय कृषकों को पौध उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद विकास खण्ड फतेहाबाद के खण्डर ग्राम में 1.50 एकड़ क्षेत्र में एक नवीन पौधशाला की स्थापना तथा बहराईच जनपद में जिला उद्यान अधिकारी के उपयोगार्थ एक जीप का क्रय प्रस्तावित है जिस पर वित्तीय वर्ष 1989-90 में कुल 2,88,000 रु० (1,64,000 आवर्तक तथा 1,24,000 रु० अनावर्तक) का व्यय अनुमानित है जिस की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है।

2—व्यय का विभाजन—

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग—

क्रम-सं०	पद नाम		वेतनमान		पद संख्या
			रु०		
1—	सहायक उद्यान निरीक्षक, वर्ग-3	..	400-615	..	1
2—	नलकूप चालक	..	330-495	..	1
3—	माली	..	305-390	..	1
4—	जीप चालक	..	330-495	..	1

(ख) मशीन, साज-सज्जा/गाड़ियों आदि के स्थूल ब्योरे—

मद	धनराशि
	(हजार रुपयों में)
(1) मोटर वाहन का क्रय— जीप का क्रय	1,24

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2401—कृषि कार्य-आयोजनागत

119—बागवानी और सब्जियों की फसलें—

01—नर्सरी

0106—प्रदेश के प्रमुख एवं पिछड़े क्षेत्रों में औद्यानिक विकास की योजना (जिला योजना)

	(हजार रुपयों में)
01—वेतन	23
02—मजदूरी	23
03—महंगाई भत्ता	24
04—यात्रा व्यय	5
05—अन्य भत्ते	1
06—कार्यालय व्यय	2
08—मोटर वाहन का क्रय	1,24
09—मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल का क्रय	2
25—सामग्री एवं सम्पूर्ति	76
32—अन्तरिम सहायता	8
योग ..	2,88

वर्तमान उद्यानों, प्रक्षेत्रों, पौधशालाओं के सुधार की योजना

कृषकों को फलदार पौधों एवं सब्जी बीज की सामयिक आपूर्ति सुनिश्चित करने, वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से अधिकाधिक वृक्षों का रोपण शहरीय क्षेत्र में कराकर पर्यावरण में प्रदूषण की मात्रा को कम कराने के उद्देश्य से जनपद-लखीमपुर खीरी में एक नवीन पौधशाला की स्थापना तथा जनपद मैनपुरी स्थित कम्पनीबाग पौधशाला (9.41 एकड़ क्षेत्रफल) पर फेंसिंग एवं सिंचाई व्यवस्था के सुदृढ़ करण का प्रस्ताव है जिस पर वित्तीय वर्ष 1989-90 में 9,40,000 रु० (1,55,000 रु० आवर्तक तथा 7,85,000 रु० अनावर्तक) का व्यय अनुमानित है। तदनुसार आय-व्ययक में 9,40,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—व्यय का विभाजन—

(क) भूमि/भवन आदि के स्थूल ब्योरे—

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)
फेंसिंग, सिंचाई सुविधा, ग्रीन हाऊस तथा बिक्री केन्द्र कम गोदाम आदि का निर्माण वृहद निर्माण कार्य	7,70

(ख) मशीन, साज-सज्जा/गाड़ियों का क्रय

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)
1—पम्प सेट मय साज-सज्जा सहित का क्रय—	15

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2401--कृषि कार्य--आयोजनागत--

119--बागवानी और सब्जियों की फसलें--

01--नर्सरी--

0104--वर्तमान उद्यानों के सुधार की योजना (जिला योजना)-- (हजार रुपयों में)

02--मजदूरी	..	..	..	..	60
18--वृहद निर्माण-कार्य	..	..	..	..	7,70
20--मशीन, और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	..	..	..	..	15
25--सामग्री और सम्पूर्ति	..	..	..	..	80
33--अन्य व्यय	..	..	..	..	15
				योग ..	9,40

सनई विकास का विशेष कार्यक्रम

प्रदेश के वाराणसी, जौनपुर, प्रतापगढ़, इलाहाबाद, मिर्जापुर, आजमगढ़ तथा गाजीपुर जनपदों में सनई विकास का विशेष कार्यक्रम लागू करने हेतु भारत सरकार ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। योजनान्तर्गत 30,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल आच्छादित किया जायेगा तथा 600 कुन्तल प्रमाणीकृत/उन्नत बीजों का वितरण किया जायेगा जिस पर 500 रु० प्रति कुन्तल की दर से राज सहायता अनुमन्य होगी। 2 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर एक प्रदर्शन के आयोजन के आधार पर कुल 450 प्रदर्शन किये जायेंगे तथा प्रदर्शन में प्रयुक्त होने वाली सामग्री 600 रु० प्रति हेक्टेयर की दर से निःशुल्क दी जायेगी। प्रति एक हजार हेक्टेयर पर 10 संयंत्र डस्टर्स/स्प्रेयर्स के क्रय पर 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा के आधार पर राज सहायता दी जायेगी। 50 प्रतिशत की दर से 80 रु० प्रति हेक्टेयर की अधिकतम सीमा के आधार पर कृषि रक्षा रसायन वितरित किये जायेंगे। यह शत-प्रतिशत केन्द्र पोषित योजना है। इस योजना पर वित्तीय वर्ष 1989-90 में कुल 11,33,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 11,33,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2401--कृषि कार्य-- (हजार रुपयों में)

108--वाणिज्यिक फसलें--

04--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें--

0408--सनई विकास विशेष कार्यक्रम--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 11,33

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गयी
राज सहायता	11,33	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान-- 04--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिए अनुदान--800 अन्य अनुदान-- 09--कृषि कार्य--0904-वाणिज्यिक फसलें।	शत प्रतिशत

कृषि यन्त्र एवं कृषि रक्षा उपकरण के परीक्षण हेतु प्रयोगशाला की स्थापना

अलग अलग कृषि जलवायु के अनुरूप प्रदेश में उपलब्ध, बनाये जा रहे कृषि यन्त्रों तथा अन्य प्रदेशों से आ रहे कृषि यन्त्रों के मानक डिजाइनों एवं उनमें प्रयुक्त धातु व अन्य सामग्री की गुणवत्ता के परीक्षण हेतु प्रदेश में कोई परीक्षण केन्द्र उपलब्ध नहीं है। अतः प्रस्ताव है कि इस प्रयोजन से एक प्रयोगशाला की स्थापना की जाय जहां पर विभिन्न प्रकार के ट्रेड मैकेनिकों को भी प्रशिक्षित किया जायगा। वर्ष 1989-90 में इस योजना पर 50,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है जिसकी व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2401--कृषि कार्य आयोजनागत-113-कृषि इन्जीनियरी-06-कृषि यन्त्र एवं कृषि रक्षा उपकरण के परीक्षण हेतु प्रयोगशाला की स्थापना-- (हजार रुपयों में)

01--वेतन	..	..	..	..	4,00
02--मजदूरी					50
18--वृहत निर्माण कार्य	..	..	..	..	10,00
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयन्त्र	..	..	..	..	25,00
25--सामग्री और सम्पूर्ति	..	..	..	..	10,00
33--अन्य व्यय	..	..	..	..	50
				योग ..	50,00

कृषक परिवारों को कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों को 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरित करने की योजना

कृषकों को कृषि यन्त्र एवं कृषि रक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह प्रस्तावित है कि प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड में 500 कृषक परिवारों को लाभान्वित किया जाय, इससे वर्तमान में 896 विकास खण्डों के लगभग 4.50 लाख कृषक परिवार लाभान्वित होंगे। प्रत्यक कृषक परिवार को कृषि यन्त्र एवं कृषि रक्षा उपकरण के क्रय पर 50 प्रतिशत अनुदान, जिसकी सीमा 500 रुपये होगी, दिया जाने का प्रस्ताव है। इस कार्य के लिय लगभग 22 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। इस समय कृषि विभाग में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लगभग 6 करोड़ रुपय का अनुदान दिया जा रहा है जिससे लगभग 2 लाख कृषक लाभान्वित हो रहे हैं। प्रस्ताव है कि 2.5 लाख कृषक जो आई० आर० डी० पी० योजना के अन्तर्गत लघु सिंचाई तथा दुधारू पशु के लिए अनदान/ऋण प्राप्त कर चुके हैं या करेंगे, उनको भी इस योजना में सम्मिलित कर दिया जाय। आई० आर० डी० पी० योजना के अन्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों को 25 प्रतिशत एव 33 1/3 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। प्रस्ताव है कि कृषि विभाग द्वारा क्रमशः 25 एवं 16.7 प्रतिशत धन की आपूर्ति इस योजना के अन्तर्गत की जाय। इस योजना के कार्यान्वयन में कृषि विभाग के अतिरिक्त अंश के रूप में 6,00,00,000 रुपये का व्यय अनुमानित है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2401--कृषि कार्य-आयोजनागत-113-कृषि-इंजीनियरी 07-कृषक परिवारों को कृषि यन्त्र एवं कृषि रक्षा उपकरणों को 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरित करने की योजना--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 6,00,00

खाद्य तथा रसद विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें-आयोजनागत

क्रम-सं०	योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लेखे का व्यय		योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
			पूंजीगत	ऋण			
1	उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण निगम को अनुदान	2,00	..	..	2,00	2075-विविध सामान्य सेवाएं	29 प

उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण निगम को अनुदान

उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण निगम द्वारा लखनऊ, कानपुर तथा इलाहाबाद जनपदों के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में 21 जलपानगृह चलाये जा रहे हैं। जहां राज्य कर्मचारियों को सस्ता, स्वच्छ और ताजा जलपान एवं चाय आदि उनके कार्यालय परिसर में ही उपलब्ध कराई जाती है। कल्याण निगम द्वारा यह योजना राज्य कर्मचारियों के हित में बिना लाभ बिना हानि के आधार पर चलाई जा रही है। यह अत्यन्त आवश्यक है कि जलपानगृहों की कार्य प्रणाली में सुधार एवं गतिशीलता लाने के लिये आधुनिक उपकरणों आदि की व्यवस्था की जाय। इस दृष्टि से प्रस्तावित है कि वित्तीय वर्ष 1989-90 में कल्याण निगम द्वारा संचालित जलपानगृहों हेतु आधुनिक उपकरण, क्राकरी तथा वर्दी आदि के लिये वर्दी दी जाय, जिस पर 2,00,000 रु० व्यय होने का अनुमान है। तद्नुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 2,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2075—विविध सामान्य सेवायें—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

800—अन्य व्यय

01—उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण निगम को सहायक अनुदान

11—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 2,00

खेल विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदों—आयोजनागत

क्रम-सं०	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	वाराणसी में एस्ट्रोटर्फ मैदान का निर्माण	..	1,00,00	..	1,00,00	4202-शिक्षा खेल कला और संस्कृति पर पूंजी परिव्यय	33 प

वाराणसी में ऐस्ट्रोटर्फ मैदान का निर्माण

आज के युग में हाकी के खेल हेतु एस्ट्रोटर्फ़ का मैदान ही अन्तर्राष्ट्रीय हाकी फेडरेशन से मान्यता प्राप्त है। इस समय प्रदेश में केवल एक एस्ट्रोटर्फ का मैदान स्पोर्टस कालेज, लखनऊ में उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश में हाकी का मुख्य केन्द्र है। प्रदेश में वाराणसी क्षेत्र हाकी खिलाड़ियों का मुख्य आकर्षण केन्द्र है। अतः वाराणसी में एस्ट्रोटर्फ़ लगाये जाने का प्रस्ताव है। भूमि एवं एस्ट्रोटर्फ के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 1989-90 में 1,00,00,000 रु० का व्यय अनुमानित। तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,00,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

4202-शिक्षा खेल और कला तथा सांस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-

03-खेल और युवा सेवायें और खेल स्टेडियम--

800--अन्य व्यय ( ) वाराणसी में एस्ट्रोटर्फ मैदान का निर्माण

18--वृहद् निर्माण कार्य 1,00,00

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि	लखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गयी
	(हजार रुपयों में)		
राज सहायता	50,00	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान-- 03--केन्द्रीय आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान-- 800--अन्य अनुदान-- 23--क्रीड़ा-- 9901--प्रकीर्ण प्राप्तियां	50 प्रतिशत

गन्ना विकास (चीनी उद्योग) विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें-आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सहकारी चीनी मिलों की अंशपूंजी में सरकार द्वारा विनियोजन	..	11,50,00	..	11,50,00	4860-उपभोक्ता उद्योगों पर पूंजी परिव्यय	37 प
2	उ0 प्र0 राज्य चीनी निगम के अंशकों का क्रय	..	11,50,00	..	11,50,00	तदैव	38 प
	योग ..	..	23,00,00	..	23,00,00		

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Aministration
17-B,SriAurbindo Marg,NewDelhi-110016
DOC. No. 4685
Date 29/6/89

सहकारी चीनी मिलों की अंशपूंजी में सरकार द्वारा पूंजी विनियोजन

प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में चीनी उद्योग के महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए तथा इस उद्योग से सम्बद्ध कृषकों एवं श्रमिकों के जीवन स्तर को सुधारने तथा कार्यरत चीनी मिलों/आसवनियों के बाईप्रोडक्ट्स/ उत्प्रवाह का समुचित उपयोग कर प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने हेतु यह आवश्यक समझा गया कि जहां एक ओर नई चीनी मिलों/आसवनियों की स्थापना की जाय तथा कार्यरत चीनी मिलों को लाभप्रद बनाने हेतु उनकी क्षमता में विस्तार किया जाय वहीं दूसरी ओर चीनी मिलों एवं आसवनियों के बाई प्रोडक्ट्स का उपयोग करने के साथ-साथ उनसे उचित के मिकल्स उत्पादित किये जांय। इसी के साथ कमजोर चीनी मिलों के पुनर्वासन के संबंध में भी विचार किया गया है, तथा उक्त बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए नई चीनी मिल स्नेहरोड (बिजनौर) को समयावधि में पूर्ण करने के साथ-साथ बांसगांव जनपद गोरखपुर म 2500 टी० सी० डी० की एक नई चीनी मिल स्थापित करने का भी प्रस्ताव है। उपर्युक्त के अतिरिक्त सहकारी क्षेत्र की बीसलपुर (पीलीभीत), सम्पूर्णानगर (खीरी) में कार्यरत चीनी मिलों के आधुनिकीकरण तथा क्षमता विस्तार किये जाने का भी कार्यक्रम बनाया गया है। सहकारी क्षेत्र की नानपारा आसवनी के कार्य को पूरा करने तथा कार्यरत आसवनियों कायमगंज, अनूपशहर एवं नानपारा में उत्प्रवाह के उपयोग हेतु इकाई स्थापित, करने का भी प्रस्ताव है। आर्थिक दृष्टिकोण से अलाभकारी सहकारी चीनी मिल घोसी (आजमगढ़) को लाभकारी बनाने हेतु इस चीनी मिल के आर्थिक पुनर्वासन का कार्यक्रम भी बनाया गया है।

क्रम-संख्या	योजना का नाम			(हजार रुपयों में)
1	स्नेहरोड (बिजनौर) में 2500 टी०सी० डी० की नई चीनी मिल स्थापनार्थ	..	..	1,50,00
2	बांसगांव (गोरखपुर) में 2500 टी० सी० डी० की नई चीनी मिल स्थापनार्थ	..	..	1,69,00
3	बीसलपुर (पीलीभीत) की क्षमता विस्तार 1250 से 2500 टी०सी० डी० तक	..	..	40,00
4	सहकारी चीनी मिल सम्पूर्णानगर (खीरी) की क्षमता विस्तार 1250 से 2500 टी० सी० डी० तक	..		2,40,00
5	नानपारा (बहराइच) में आसवनी की स्थापना (क्षमता 30,000 लीटर प्रतिदिन)	..	..	51,00
6	कायमगंज (फर्रुखाबाद) आसवनी में उत्प्रवाह के उपयोग की इकाई स्थापना	..	..	50,00
7	अनूपशहर (बुलन्दशहर) आसवनी में उत्प्रवाह के उपयोग की इकाई की स्थापनार्थ	..	..	25,00
8	नानपारा (बहराइच) में उत्प्रवाह के उपयोग की इकाई की स्थापनार्थ	..	..	25,00
9	सहकारी चीनी मिल घोसी (आजमगढ़) का पुनर्वासन	.. ..	..	4,00,00
	योग		..	11,50,00

तद्नुसार वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में 11,50,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। विस्तृत परीक्षण के वित्तीय स्वीकृतियां उपरांत जारी की जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

4860—उपभोक्ता उद्योगों पर पूंजी परिव्यय—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

04—चीनी

190—सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों में निवेश

02—सहकारी शक्कर मिलों की अंशपूंजी में सरकार द्वारा पूंजी विनियोजन

24—निवश/ऋण 11,50,00

उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम के अंशकों का क्रय

प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में चीनी उद्योग के महत्वपूर्ण योगदान को दृष्टिगत रखते हुए तथा इस उद्योग से सम्बद्ध कृषकों एवं श्रमिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिये यह आवश्यक है कि उ० प्र० राज्य चीनी निगम की रुग्ण चीनी मिलों का पुनर्वासन तथा कम क्षमता की अलाभकारी चीनी मिलों के आधुनिकीकरण एवं क्षमता विस्तार कार्यक्रम को क्रियान्वित करके इन्हें लाभकारी बनाया जाय। इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए उ० प्र० राज्य चीनी निगम की सहारनपुर इकाई, महोली (सीतापुर) इकाई, बुढ़वल (बाराबंकी) इकाई, हरदोई इकाई, छाता शुगर कम्पनी (मथुरा) तथा रोहानाकला (मुजफ्फरनगर)

इकाई के आधुनिकीकरण, पुनर्वासन एवं क्षमता विस्तार का निर्णय लिया गया है। चीनी निगम की योजनाओं का अपेक्षित विवरण निम्नलिखित हैं:—

क्रम-संख्या	योजना का नाम	(हजार रुपयों में)
1	उ0 प्र0 राज्य चीनी निगम इकाई सहारनपुर का आधुनिकीकरण पुनर्वासन एवं 1322 टी0 सी0 डी0 से 2500 टी0 सी0 डी0 तक क्षमता विस्तार।	1,30,00
2	महोली इकाई (सीतापुर) का आधुनिकीकरण, पुनर्वासन एवं 1524 से 2500 टी0 सी0 डी0 तक विस्तारीकरण।	3,30,00
3	बुढ़वल इकाई (बाराबंकी) का आधुनिकीकरण, पुनर्वासन एवं 800 से 2500 टी0 सी0 डी0 तक विस्तारीकरण।	1,50,00
4	छाता शुगर कम्पनी (मथुरा) का आधुनिकीकरण, पुनर्वासन एवं 1250 से 2500 टी0 सी0 डी0 तक विस्तारीकरण।	1,50,00
5	हरदोई इकाई प्रक्रिया परिवर्तन	1,10,00
6	रोहानाकलां इकाई (मुजफ्फरनगर) का आधुनिकीकरण, पुनर्वासन एवं 1300 से 2500 टी0 सी0 डी0 तक विस्तारीकरण।	2,80,00
	योग ..	11,50,00

तद्नुसार वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में 11,50,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है। विस्तृत परीक्षण के उपरान्त वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की जायेंगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

4860—उपभोक्ता उद्योगों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

04—चीनी

190—सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों में निवेश

01—उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम के अंशकों का क्रय

24—निवेश/ऋण 11,50,00

चिकित्सा विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है ।	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ-संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	के0 जी0 मेडिकल कालेज, लखनऊ के पीडियाट्रिक्स विभाग में इन्टीग्रेटेड प्रीडियाटिक्स सेन्टर हेतु उपकरणों एवं साज-सज्जा का क्रय	10,00	..	..	10,00	2210-चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य	41 प
2	के0 जी0 मेडिकल कालेज, लखनऊ के सर्जरी विभाग में थोरसिक एण्ड कार्डियोवेस्कुलर सर्जरी इकाई का सुदृढ़ीकरण	15,30	..	..	15,30	तदैव	41 प
3	के0 जी0 मेडिकल कालेज के नेत्र विभाग में रेटिना विट्रियस एवं आई0 ओ0 एल0 इकाई का सुदृढ़ीकरण	10,00	..	..	10,00	तदैव	41 प
4	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना	1,80,00	..	..	1,80,00	तदैव	42 प
5	के0 जी0 मेडिकल कालेज में दन्त संकाय के प्रास्थेडान्टिक्स विभाग का सुदृढ़ीकरण ।	10,00	..	..	10,00	तदैव	42 प
6	जिला स्तरीय चिकित्सालयों में डीजल जनरेटरों की व्यवस्था	20,22	..	..	20,22	तदैव	43 प
7	मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज, इलाहाबाद के मेडिसिन विभाग में गैस्ट्रोइंट्रोलाजी इकाई की स्थापना	25,00	..	..	25,00	तदैव	43 प
8	100 ग्रामीण परिवार कल्याण, उपकेन्द्रों के भवनों का निर्माण	..	1,04,70	..	1,04,70	4211—परिवार कल्याण पर पूंजी परिव्यय	43 प
	योग ..	2,70,52	1,04,70	..	3,75,22		

के0 जी0 मेडिकल कालेज, लखनऊ के पीडियाट्रिक्स विभाग में इन्टीग्रेटेड पीडियाट्रिक्स सेन्टर हेतु उपकरणों एवं साज-सज्जा का क्रय

शासन द्वारा के0 जी0 मेडिकल कालेज, लखनऊ के पीडियाट्रिक्स विभाग में इन्टीग्रेटेड पीडियाट्रिक्स सेन्टर हेतु आवश्यक उपकरणों एवं साज-सज्जा की व्यवस्था किये जाने का प्रस्ताव है। इस कार्य पर वर्ष 1989-90 में लगभग 10,00,000 रुपये की धनराशि (अनावर्तक) व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार आय-व्यय्क में योजना के कार्यान्वयन हेतु 10,00,000 रुपये की धनराशि की व्यवस्था कर ली गयी है। योजना की औपचारिक स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के उपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2210--चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

05--चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण और अनुसंधान--

105--एलोपैथी--

01--शिक्षा--

0140--के0 जी0 मेडिकल कालेज, लखनऊ के विभिन्न विभागों के लिये साज-सज्जा एवं उपकरणों का क्रय--

20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	10,00

के0 जी0 मेडिकल कालेज, लखनऊ के सर्जरी विभाग में थोरेसिक एण्ड कार्डियोवेस्कुलर सर्जरी इकाई का सुदृढ़ीकरण

के0 जी0 मेडिकल कालेज, लखनऊ के सर्जरी विभाग में थोरेसिक एण्ड कार्डियोवेस्कुलर सर्जरी इकाई हेतु आवश्यक उपकरण आदि की आवश्यकता है ताकि ओपेन, हार्ट सर्जरी/बाई पास सर्जरी के आपरेशन यहीं किये जा सकें और रोगियों को हृदय शल्य चिकित्सा के लिये अन्यत्र न जाना पड़े। अतः इस इकाई के कार्य को सुचारु रूप से संचालित करने के लिये आवश्यक है कि इसे कतिपय अति आवश्यक उपकरण, डिस्पोजेबिल सामग्री के लिये अतिरिक्त धन एवं न्यूनतम अति आवश्यक पद उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 1989-90 के आय व्ययक में 15,30,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। योजना की स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के बाद दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2210--चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य--आयोजनागत--

05--चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान

105--एलोपैथी

01--शिक्षा

0166--के0 जी0 मेडिकल कालेज, लखनऊ में थोरेसिक एण्ड कार्डियोवेस्कुलर सर्जरी इकाई का सुदृढ़ीकरण-- (हजार रुपयों में)

01--वेतन	10
03--महंगाई भत्ता	10
05--अन्य भत्ते	3
06--कार्यालय व्यय	3
20--मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	10,00
32--अन्तरिम सहायता	4
33--अन्य व्यय	5,00
योग	15,30

के0 जी0 मेडिकल कालेज के नेत्र विभाग में रेटिना विट्रियस एवं आई0 ओ0 एल0 इकाई का सुदृढ़ीकरण

के0 जी0 मेडिकल कालेज, लखनऊ के नेत्र विभाग को उपर्युक्त इकाई में आधुनिकतम नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कतिपय उपकरणों/संयंत्रों का क्रय किया जाना आवश्यक है जिनकी अनुमानित लागत 9,70,000 रु0 है। साथ ही इस इकाई को सुदृढ़ करने हेतु प्रवक्ता (रेटिना एवं विट्रियस) के एक पद की भी आवश्यकता है जिस पर 30,000 रु0 का वार्षिक व्यय निहित है। इन प्रयोजनों हेतु वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 10,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2210--चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

05--चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण और अनुसंधान--

105--एलोपैथी--

01--शिक्षा--के0 जी0, मेडिकल कालेज के नेत्र विभाग की रेटिना विट्रियस, एवम् आई0 ओ0 एल0 इकाई का सुदृढ़ीकरण

01--वेतन	10
03--महंगाई भत्ता	10

05—अन्य भत्ते	5
09—कार्यालय व्यय	1
20—मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	9,70
32—अन्तरिम सहायता	4
योग	10,00

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना

"न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम" के अन्तर्गत सप्तम पंचवर्षीय योजनाकाल में ग्रामीण अंचल में एक लाख की जनसंख्या पर अथवा ब्लाक स्तर पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये 132 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। विगत चार वर्षों में कुल 102 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना की जा चुकी है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 1989-90 में 30 अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किये जाने हैं। इन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना पर वर्ष 1989-90 में कुल 1,80,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार आय-व्ययक में प्राविधान कर लिया गया है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2210—चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य आयोजनागत

03-ग्रामीण स्वास्थ्य सेवायें-एलोपैथी

110—अस्पताल और रुजालय—

12—प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का उच्चीकरण (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र) (जिला योजना).. (हजार रुपयों में)

01—वेतन	12,00
03—महंगाई भत्ता	12,00
04—यात्रा व्यय	1,00
05—अन्य भत्ते	2,00
11—किराया उपशुल्क	40
20—मशीनें/साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	81,10
21—मोटर गाड़ी का क्रय	36,00
22—सामग्री और संपूर्ति औषधि	5,50
32—अंतरिम सहायता	4,00
33—अन्य व्यय	26,00
योग ..	1,80,00

के0 जी0 मेडिकल कालेज में दन्त संकाय के प्रोस्थोडान्टिक्स विभाग का सुदृढ़ीकरण

के0 जी0 मेडिकल कालेज, लखनऊ के दन्त संकाय के प्रोस्थोडान्टिक्स विभाग में आवश्यक उपकरणों/संयंत्रों की अत्यन्त कमी है। दिन प्रतिदिन के चिकित्सा कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री अपर्याप्त है। इन प्रयोजनों हेतु 9,00,000 रु0 की अनावर्तक धनराशि एवं 1,00,000 रु0 की आवर्तक धनराशि स्वीकृत करने का प्रस्ताव है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में इस प्रयोजन हेतु 10,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है। व्यय की औपचारिक स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के उपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2210—चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

05—चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान

105—एलोपैथी—

01—शिक्षा—

0169—के0 जी0 मेडिकल कालेज, लखनऊ के दन्त संकाय का सुदृढ़ीकरण

20—मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	9,00
33—अन्य व्यय	1,00
योग ..	10,00

जिला स्तरीय चिकित्सालयों में डीजल जेनरेटरों की व्यवस्था

प्रदेश के राजकीय चिकित्सालयों में विद्युत आपूर्ति को अनवरत बनाये रखने के उद्देश्य से वर्ष 1989-90 में प्रदेश के 9 जनपदों के 9 चिकित्सालयों में एक-एक डीजल जनरेटिंग सेट की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत इस कार्य हेतु वर्ष 1989-90 में डीजल जनरेटिंग सेट की स्थापना पर 18,90,000 रु० का अनावर्तक व्यय तथा डीजल जनरेटिंग सेट के चलाये जाने हेतु आवश्यक पदों के सृजन एवं उपयोग में लाने जाने वाले डीजल पर 1,32,000 रु० का आवर्तक व्यय निहित है। तदनुसार आय-व्यय में 20,22,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। योजना की औपचारिक स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के उपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2210--चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य--आयोजनागत

01--शहरी स्वास्थ्य सेवायें--एलोपैथी

110--अस्पताल और औषधालय

40--जिला स्तरीय राजकीय चिकित्सालयों में डीजल जनरेटरों की व्यवस्था	(हजार रुपयों में)
01--वेतन	32
03--महंगाई भत्ता	32
04--यात्रा व्यय	4
05--अन्य भत्ते	6
20--मशीनें और साज सज्जा/उपकरण और संयंत्र	18,90
22--मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल की खरीद	45
32--अन्तरिम सहायता	13
योग	20,22

मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज, इलाहाबाद के मेडिसिन विभाग में गैस्ट्रोइन्ट्रोलोजी इकाई की स्थापना

मेडिकल कालेज, इलाहाबाद के मेडिसिन विभाग में गैस्ट्रोइन्ट्रोलाजी इकाई की स्थापना प्रस्तावित है। इस इकाई के लिए आवश्यक उपकरणों एवं साज-सज्जा के क्रय पर 25,00,000 रु० का अनावर्तक व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 25,00,000 रु० की धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है। योजना की औपचारिक स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2210--चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य--आयोजनागत

05--चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण और अनुसंधान--

05--एलोपैथी

01--शिक्षा--मेडिकल कालेज, इलाहाबाद के मेडिसिन विभाग में गैस्ट्रोइन्ट्रोलाजी इकाई की स्थापना---

20--मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र 25,00

100--ग्रामीण परिवार कल्याण उप केन्द्रों के भवनों का निर्माण

सुदूर ग्रामीण अंचलों में जनता को समुचित स्वास्थ्य सेवायें सुलभ कराने के लिये मैदानी क्षेत्रों में 17,887 ग्रामीण परिवार कल्याण उप केन्द्रों की स्थापना की जा चुकी है जो इस समय कार्यरत हैं किन्तु उनमें से केवल 5,383 के भवन निर्मित, स्वीकृति है शेष 12,504 के सरकारी भवन न होने के कारण समुचित स्वास्थ्य सेवायें जनता को उपलब्ध नहीं हो पाती है। अतः इस हेतु वर्ष 1989-90 की जिला योजना के अधीन वर्ष 1989-90 में 100 नए उप केन्द्र भवनों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है इनमें से 65 सामान्य क्षेत्र में तथा 35 हरिजन बहुल एवं जनजाति क्षेत्रों म निर्मित कराये जायेंगे। तदनुसार आय-व्ययक में 1,04,70,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। योजना की औपचारिक स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के उपरान्त प्रदान की जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4211--परिवार कल्याण पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत	(हजार रुपयों में)
800--अन्य व्यय	
01--भवन/उपकेन्द्रों के भवनों का निर्माण--	
18--वृहत् निर्माण	70,70
02--अनुसूचित/जातियों के लिए स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान	
01--उपकेन्द्रों के भवनों का निर्माण	
18--वृहत निर्माण	34,00
योग	1,04,70

नगर विकास विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें-आयोजनागत

क्रम-सं0	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेख का व्यय पूंजीगत	पूंजी लेख का व्यय ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	रिक्शा/तांगा/हाथ ठेला चालकों के लिये सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना	5,00	..	..	5,00	2235--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण	47 प

रिक्शा/तांगा/हाथ ठेला चालकों के लिये सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना

लाइसेंस शुदा रिक्शा/तांगा/हाथ ठेला चालकों जिनकी आयु 18 वर्ष से 60 वर्ष के बीच में है उनके लिये जीवन बीमा निगम के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना को कार्यान्वित किये जाने का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत सामान्य मृत्यु की दशा में 5,000 रु0, दुर्घटनावश मृत्यु की दशा में 10,000 रु0 एक अंग खो जाने की दशा में 2,500 रु0 तथा दोनों अंग खो जाने की दशा में 5,000 रु0 बीमा धनराशि का भुगतान किये जाने का प्रस्ताव है। इन व्यक्तियों के प्रीमियम की धनराशि में राज्य सरकार का अंशदान 5,00,000 रु0 अनुमानित है। तदनुसार आय-व्ययक वर्ष 1989–90 में 5,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2235—सामाजिक सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रम—	
60—अन्य सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण कार्यक्रम—	
110—अन्य बीमा योजनायें—आयोजनागत—	
रिक्शा/तांगा/हाथ ठेला चालकों के लिये सामाजिक सुरक्षा की बीमा योजना—	
14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	5,00

———

नागरिक उड्डयन विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें-आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ
1	2	3	4	5	6	7	8
1	राजकीय वायुयानों/हैलीकाप्टरों के बिजली के यंत्रों तथा अन्य यंत्रों के अनुरक्षण हेतु राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय, लखनऊ के अधीन इलेक्ट्रिक शाप की स्थापना	10,00	..	..	10,00	2070—अन्य प्रशासनिक सेवायें	51प
2	राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय में प्रशिक्षण हेतु ट्विन इंजन सिमुलटर का क्रय	15,00	..	..	15,00	तदैव	51प
	योग ..	25,00	..	..	25,00		

राजकीय वायुयानों/हेलीकाप्टरों के बिजली के यंत्रों तथा अन्य यंत्रों के अनुरक्षण हेतु राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय, लखनऊ के अधीन इलेक्ट्रिक शाप की स्थापना

राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय, लखनऊ में विशिष्ट व्यक्तियों की उड़ानों तथा नागरिक उड्डयन प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिये विभिन्न प्रकार के वायुयान तथा हेलीकाप्टर उपलब्ध हैं। इन वायुयानों/हेलीकाप्टरों में बिजली के विभिन्न प्रकार के यंत्र, उपकरण लगे होते हैं, जिनकी मरम्मत चार्जिंग, क्षमता का निरीक्षण एवं सर्विसिंग तथा ओवरहालिंग की उचित व्यवस्था निदेशालय में नहीं है। अतः इस हेतु शासन द्वारा राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय में एक पूर्णरूपेण सुसज्जित इलेक्ट्रिक शाप की स्थापना वर्ष 1989-90 में करने का प्रस्ताव है ताकि वायुयान/हेलीकाप्टरों में लगे यंत्रों/संयंत्रों की ओवरहालिंग तथा सर्विसिंग आदि का कार्य सुचारू रूप से चल सके तथा उस पर होने वाले अत्यधिक व्यय से भी बचा जा सके। उक्त इलेक्ट्रिक शाप की स्थापना पर वर्ष 1989-90 में 10,00,000 रु० की धनराशि का व्यय होने का अनुमान है। तद्नुसार 10,00,000 रुपये की व्यवस्था वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनागत--

114-परिवहन की खरीद और अनुरक्षण--

01-वायुयानों का क्रय--

20-मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र 10,00

राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय में प्रशिक्षण हेतु ट्विन इंजन सिमुलेटर का क्रय

राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय के अन्तर्गत जो आधुनिक विमान उपलब्ध हैं उनमें अत्यधिक संवेदनशील उपकरण लगे होते हैं। इन विमानों के दक्षतापूर्वक परिचालन हेतु विमान चालकों को विशेष प्रशिक्षण दिये जाने हेतु शासन द्वारा एक "ट्विन इंजन सिमुलेटर' उपकरण क्रय करने का प्रस्ताव है ताकि विमान पर प्रशिक्षण देने में अत्यधिक व्यय से बचा जा सके। उक्त ट्विन इंजन सिमुलेटर उपकरण की अनुमानित लागत 25,00,000 रुपये है तथा वर्ष 1989-90 में इसके लिये 15,00,000 रु० की धनराशि व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार 15,00,000 रुपये की व्यवस्था वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनागत-

114-परिवहन की खरीद और अनुरक्षण--

10-वायुयानों का क्रय--

20-मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र 15,00

नियोजन विभाग

वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989–90 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989–90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	राज्य नियोजन संस्थान, नवीन प्रभाग के अन्तर्गत प्रभागों के कार्यो तथा दायित्वों को पूर्ण करने हेतु वाहनों का क्रय	12,00	..	..	12,00	3451–सचिवालय –आर्थिक सेवायें	55 प

र ज्य नियोजन संस्थान, नवीन प्रभाग के अन्तर्गत प्रभागों के कार्यों तथा दायित्वों को पूर्ण करने हेतु वाहनों का क्रय

प्रदश की आठवीं पंचवर्षीय योजना की तैयारी का कार्य विधिवत् प्रारम्भ कर दिया गया है। इस संबंध में विभिन्न प्रकार के अध्ययन नियोजित किये गये हैं। इन अध्ययनों को एक समयबद्ध सारणी के अनुसार पूरा किया जाना है। इस निर्मित्त विकेन्द्रित नियोजन प्रणाली को और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से जिलों की दीर्घकालीन एवं व्यापक योजनायें तैयार की जायेंगी और योजना कार्यक्रमों के बेहतर अनुश्रवण की प्रणाली विकसित की जायेंगी। इस पृष्ठभूमि में संस्थान द्वारा 12 जिलों की दीर्घकालीन योजना तथा 5 जिलों की कम्प्रेहेन्सिव प्लान तथा एक जिले की आदर्श योजना बनाने का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है।

2—उक्त सभी कार्यों के संबंध में नवीन प्रभागों के अधिकारियों को क्षेत्रों का गहन दौरा करना होगा और क्षेत्रीय आंकड़े एकत्र करने तथा समय-समय पर शासन को अपनी संस्तुतियां देनी होंगी ताकि समय से करेक्टिव एक्शन लिय जा सकें। इस प्रकार सभी विभागों के कार्यों के दायित्वों में अत्यधिक वृद्धि हो जायगी जिनका निर्वाह वाहन को उपलब्धि के बिना संभव नहीं हो पायेगा। अतः यह प्रस्तावित है कि बढ़े हुये दायित्वों और कार्यभार को ध्यान में रखते हुये प्रत्येक प्रभाग को एक-एक स्टाफ कार एवं जीप उपलब्ध करायी जांय।

3—अतः राज्य नियोजन संस्थान के नवीन प्रभागों के अन्तर्गत एक स्टाफ़ कार एवं चार पुरानी जीपों की पूर्वस्थापना तीन नयी स्टाफ कारों का क्रय तथा 2 नयी जीपों को क्रय करने के लिये वर्ष 1989—90 में 12,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है तदनुसार आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षण के उपरान्त दी जायगी

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

3451—सचिवालय—आर्थिक सेवायें—आयोजनागत—

01—प्लानिंग मशीनरी का पुनर्गठन तथा नियोजन संस्थान की स्थापना	(हजार रुपयों में)
08—मोटर गाड़ियों का क्रय	12,00

निर्यात प्रोत्साहन विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें-आयोजनागत

क्रम-सं0	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	अल्प संख्यक समुदाय के दस्तकारों की सहायता करने तथा हस्तकला के उन्नयन से सम्बन्धित अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की परियोजना के अन्तर्गत ट्रेनिंग-कम, प्रोटो टाइप प्रसार केन्द्र एवं सामान्य सुविधा केन्द्र की योजना।	18,78	..	..	18,78	3453-विदेश व्यापार और निर्यात सम्बर्धन	59 प

अल्प-संख्यक समुदाय के दस्तकारों की सहायता करने तथा हस्तकला के उन्नयन से सम्बन्धित अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की परियोजना के अन्तर्गत ट्रेनिंग कम प्रोटोटाइप प्रसार केन्द्र एवं सामान्य सुविधा केन्द्र की योजना

अल्प संख्यक समुदाय के दस्तकारों की सहायता तथा हस्तकला के उन्नयन के उद्देश्य से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय द्वारा एक विशेष परियोजना तैयार की गई थी जिसे राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित किये जाने का निर्णय लिया गया था। वर्ष 1989-90 में इस परियोजना के आवर्तक व्ययों के लिये 8,78,000 रु० और अनावर्तक व्ययों के लिये 10,00,000 रु० अर्थात् कुल 18,78,000 रु० का व्यय अनुमानित है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के उपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

(हजार रुपयों में)

3453--विदेश व्यापार और निर्यात सम्बर्धन-आयोजनागत--

194--निर्यात सम्बर्धन और बाजार विकास के लिये सहायता--

01--अल्पसंख्यक समुदाय के दस्तकारों की सहायता करने तथा हस्तकला के उन्नयन से संबंधित अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की परियोजना के अन्तर्गत सहायता--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	..	..	18,78

न्याय विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें-- आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निदेश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	उच्च न्यायालय की लखनऊ (खण्डपीठ) के कार्यालय के चार कमरों में डबुल डकिंग का कार्य	82	..	..	82	2059--लोक निर्माण	63प
2	इलाहाबाद में उच्च न्यायालय के परिसर में पुस्तकालय के लिए भवन का निर्माण	..	12,94	..	12,94	4059-सरकारी निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय	63प
	योग ..	82	12,94	..	13,76		

उच्च न्यायालय की लखनऊ (खण्डपीठ) के कार्यालय के चार कमरों में डबुल डेकिंग का कार्य

उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ में पत्रावलियों/अभिलेखों के रख-रखाव के लिये स्थान की कमी होती जा रही है। समस्या के समाधान के लिये वित्तीय वर्ष 1989-90 में 81,800 रुपये की अनुमानित लागत से उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ के चार कार्यालय कमरों की डबुल डेकिंग करने का प्रस्ताव है। तदनुसार आय-व्ययक में 82,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2059--लोक निर्माण-आयोजनागत--	(हजार रुपयों में)
60--अन्य इमारतें--	
800--अन्य व्यय--	
02--निर्माण-न्याय प्रशासन-उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ के चार कार्यालय कमरों की डबुल डेकिंग का कार्य	82

इलाहाबाद में उच्च न्यायालय के परिसर में पुस्तकालय के लिए भवन का निर्माण

उच्च न्यायालय इलाहाबाद में वर्तमान लाइब्रेरी भवन में स्थान की अत्यन्त कमी के कारण पुस्तकों के रख-रखाव में कठिनाई हो रही है। समस्या के समाधान के लिये 45,62,200 रुपये की अनुमानित लागत से उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिसर में पुस्तकालय के लिये भवन के निर्माण का प्रस्ताव है। इस कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 1989-90 में 12,94,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 12,94,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

	(हजार रुपयों में)
4059--सरकारी निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत-अनावासिक भवन	
01--कार्यालयों की इमारतें--	
60--अन्य इमारतें	
04--निर्माण-न्याय प्रशासन इलाहाबाद में उच्च न्यायालय के परिसर में पुस्तकालय के लिये भवन का निर्माण--	12,94

पर्यटन विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-सं0	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	भारत सरकार द्वारा संचालित फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, अलीगढ़ का प्रदेश सरकार को हस्तान्तरण के फलस्वरूप व्यय हेतु धनराशि की व्यवस्था	6,49	..	..	6,49	3452—पर्यटन	67 प
2	पर्यटन विभाग की कतिपय पर्यटन परियोजनाओं के पुनरीक्षित आगणन के अनुसार निर्माण हेतु धनराशि की व्यवस्था	..	1,26,22	..	1,26,22	5452—पर्यटन पर पूंजी परिव्यय	67 प
3	कतिपय पर्यटन परियोजनाओं हेतु आवश्यक भूमि की व्यवस्था	..	14,60	..	14,60	तदैव	68 प
	योग ..	6,49	1,40,82	..	1,47,31		

भारत सरकार द्वारा संचालित फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, अलीगढ़ का प्रदेश सरकार को हस्तांतरण के फलस्वरूप व्यय हेतु धनराशि की व्यवस्था

वर्ष 1984 में भारत सरकार द्वारा अलीगढ़, विश्वविद्यालय परिसर में फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट की स्थापना प्रदेश सरकार की सहमति से इस शर्त के अधीन की गई थी कि इसे 5 वर्ष बाद प्रदेश सरकार को हस्तांतरित कर दिया जायगा। फलस्वरूप वर्ष 1989-90 से उक्त संस्थान पर व्यय भार प्रदेश शासन को वहन करना पड़ेगा। तदनुसार प्रदेश सरकार की सहमति से सृजित किये गये निम्नलिखित पदों तथा इंस्टीट्यूट के लिये अन्य आवश्यक व्यय हेतु वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 6,49,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2—व्यय का विभाजन—

अपेक्षित कर्मचारिवर्ग—

पद	वेतनमान	पदों की संख्या
	रु०	
प्रधानाचार्य	1250-2050	1
प्रशिक्षक	690-1420	5
प्रयोगशाला सहायक	400-615	3
स्टोर कीपर	354-550	1
आशुलिपिक	470-735	1
कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-2 कम लेखाकार	570-1100	1
लिपिक कम टंकक	354-550	1
चपरासी	305-390	1
लैब अटेन्डेन्ट	305-390	3

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

3452-पर्यटन-आयोजनागत—

02-सामान्य—

104—सम्वर्धन और प्रचार—

	(हजार रुपयों में)
02-अलीगढ़ फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट की स्थापना—	
01—वेतन	1,54
03—महंगाई भत्ता	1,45
04—यात्रा व्यय	15
05—अन्य भत्ते	77
06—कार्यालय व्यय	60
15—छात्र वृत्तियां	5
20—मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	70
23—अनुरक्षण	5
25—माल एवं सम्पूर्ति	15
32—अन्तरिम सहायता	53
33—अन्य व्यय	50
योग ..	6,49

पर्यटन विभाग की कतिपय पर्यटन परियोजनाओं के पुनरीक्षित आगणन के अनुसार निर्माण हेतु धनराशि की व्यवस्था

प्रदेश में बौद्ध परिपथ के विकास के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजना के व्यापक प्रचार प्रसार से विदेशी एवं देशी पर्यटकों की संख्या में निरन्तर हो रही वृद्धि के फलस्वरूप उन्हें अधिकाधिक सुविधायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बौद्ध परिपथ के विकास की योजना के अन्तर्गत पूर्व में 54.80 लाख रु० की लागत से स्वीकृत पर्यटक आवास गृह गोरखपुर के निर्माण कार्यों में परिवर्तन-परिवर्धन करके पुनरीक्षित आगणन 207.93 लाख रु० के तैयार कराये गये हैं। इसी प्रकार पूर्व में स्वीकृत गोरखपुर में निर्माणाधीन आधुनिक स्वागत केन्द्र के निर्माण कार्यों में परिवर्तन करके प्रारम्भिक आगणन 27.91 लाख रु० के पुनरीक्षित आगणन 91 लाख रु० के तैयार कराये गये हैं।

2—बिजेथुआ महाबीरन (सुल्तानपुर) के पर्यटक विकास हेतु पूर्व में एकमुश्त अनुमानों के आधार पर 12 लाख रु० की स्वीकृति प्रदान की गई थी। निर्माण इकाई द्वारा निर्माण कार्यों के विस्तृत आगणन 18.22 लाख रु० के तैयार किये गये हैं।

3--उपर्युक्त योजनाओं के पुनरीक्षित आगणन के अनुसार निर्माण कार्यों को जारी रखने के लिये वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,26,22,000 रुपये की व्यवस्था निम्नलिखित के अनुसार कर ली गई है, जिसकी स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी:--

योजना का नाम	व्यवस्थित धनराशि रु0
1--पर्यटक आवास गृह गोरखपुर	1,00,00,000
2--आधुनिक स्वागत केन्द्र गोरखपुर	20,00,000
3--बिजेथुआ महाबीरन (सुल्तानपुर)	6,22,000
योग ..	1,26,22,000

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

5452--पर्यटन पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत--

80--सामान्य--

104--सम्बर्धन और प्रचार

29--बौद्ध परिपथ के अधीन गोरखपुर में पर्यटक आवास गृह का निर्माण

18--वृहद् निर्माण कार्य	1,00,00

30--गोरखपुर में आधुनिक स्वागत केन्द्र का निर्माण

18--वृहद् निर्माण कार्य	20,00

39--सुल्तानपुर में बिजेथुआ महाबीरन का पर्यटन विकास

18--वृहत् निर्माण कार्य	6,22
योग ..	1,26,22

कतिपय पर्यटन परियोजनाओं हेतु आवश्यक भूमि की व्यवस्था

गोरखपुर जनपद में सुनौली से काठमांडू तक मार्ग बन जाने के कारण, यूरोप अमेरिका के बहुत से पर्यटक इस मार्ग से यात्रा करते हैं। विदेशी बौद्ध तीर्थ यात्री भी बौद्ध परिपथ की योजना के अन्तर्गत स्वीकृत पर्यटक स्थलों के भ्रमण के लिए भारी संख्या में आते हैं। गोरखपुर में पर्यटकों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रामगढ़ताल के विकास की परियोजना के अन्तर्गत 44 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को आवंटित है जिसमें पर्यटक आवास गृह, मोटेल, कैंपिंग ग्राउन्ड एवं वाटर स्पोर्ट्स की योजनायें सम्मिलित हैं। आवंटित भूमि के मूल्य के रूप में 12,60,000 रुपये का भुगतान करना है। बौद्ध परिपथ के अन्तर्गत निर्मित हो रहे पर्यटक आवास गृह नौगढ़ (बस्ती) तथा बलरामपुर (गोंडा) में पहुंच मार्ग के लिये भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। जिसकी व्यवस्था पूर्व स्वीकृत योजना में नहीं की गई थी। नौगढ़ तथा बलरामपुर में पहुंच मार्ग हेतु भूमि अधिग्रहण पर एक-एक लाख के हिसाब से 2,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 14,60,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

परियोजना का नाम	अनुमानित व्यय रु0
1--रामगढ़ ताल, गोरखपुर	12,60,000
2--पयटक आवास गृह, नौगढ़, बस्ती (पहुंच मार्ग)	1,00,000
3--पर्यटक आवास गृह गोंडा (बलरामपुर) (पहुंच मार्ग)	1,00,000

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

5452--पर्यटन पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत--

80--सामान्य--

104--सम्बर्धन और प्रचार-- (हजार रुपयों में)

01--पर्यटक आवास गृहों के लिये भूमि अध्याप्ति

33--अन्य व्यय	14,60

पंचायती राज विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत शौचालयों का निर्माण	25,00	..	..	25,00	2515--अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम	71 प

ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत शौचालयों का निर्माण

प्रदेश के ग्रामीण अंचल को स्वच्छ बनाये रखने तथा ग्रामीण व्यक्तियों को शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा भी ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम को चलाने का प्रस्ताव है। ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत शौचालयों का निर्माण कराया जायगा। यह सुविधा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति, गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों तथा सामान्य व्यक्तियों को उपलब्ध करायी जायगी। योजना के अन्तर्गत निर्मित किये जाने वाले शौचालयों की प्रति इकाई पर 1280 रुपये के अलावा 20 रुपये का प्रशासनिक व्यय किया जायेगा। हरिजन तथा गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों को यह सुविधा निःशुल्क दी जायेगी परन्तु सामान्य व्यक्तियों को व्यय की 20 प्रतिशत धनराशि अपने संसाधनों से लगानी होगी। योजना पर वित्तीय वर्ष 1989–90 में 25,00,000 रुपये का व्यय अनुमानित है, तद्नुसार इतनी ही धनराशि की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

2515—अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम—आयोजनागत—

101—पंचायती राज—

19—ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत शौचालय का निर्माण (जिला सेक्टर)—

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 25,00

परिवहन विभाग

वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989–90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989–90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्लास्टिक कार्ड पर चालक अनुज्ञा-पत्र जारी करने हेतु 11 संयंत्रों का क्रय ।	9,37	..	..	9,37	2041–वाहनों पर कर	75 प
2	आटो रिक्शा चालकों के लिये सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना के अन्तर्गत मुआवजे का भुगतान	75	..	..	75	2235–सामाजिक सुरक्षा और कल्याण	75 प
3	उ0 प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम में पूंजी विनियोजन	..	15,00,00	..	15,00,00	5055– सड़क परिवहन पर पूंजी परिव्यय	75 प
	योग	10,12	15,00,00	..	15,10,12		

प्लास्टिक कार्ड पर चालक अनुज्ञा-पत्र जारी करने हेतु 11 संयंत्रों का क्रय

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत वाहन चालकों को 3 वर्ष से 5 वर्ष तक की अवधि के चालक अनुज्ञा-पत्र जारी किये जाते हैं। चालकों को यह अनुज्ञा-पत्र वाहन चलाते समय साथ रखना पड़ता है, अतः साधारण कागज पर बने अनुज्ञा-पत्र जल्दी खराब होने व आकार में बड़े होने के कारण असुविधाजनक होते हैं। अतएव जनता की सुविधा के लिये तथा वाहन चालकों की जांच को सुविधाजनक बनाने के लिये प्लास्टिक कार्ड पर चालक अनुज्ञा-पत्र जारी करना प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्ष 1989-90 में उप संभागीय परिवहन कार्यालय (1) मिर्जापुर (2) लखीमपुर (3) आजमगढ़ (4) इटावा (5) बांदा (6) रायबरेली (7) सीतापुर (8) अलीगढ़ (9) मथुरा (10) बुलन्दशहर (11) देवरिया में प्लास्टिक कार्ड पर अनुज्ञा-पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। इसके लिये 11 मशीनें क्रय की जानी हैं। इस योजना पर वित्तीय वर्ष 1989-90 में 4,41,000 रु० आवर्तक तथा 4,96,000 रु० अनावर्तक अर्थात् कुल 9,37,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार आय-व्ययक में 9,37,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2041--वाहनों पर कर--आयोजनागत--	(हजार रुपयों में)
001--निदेशन एवं प्रशासन--	
06--कार्यालय व्यय	4,41
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	4,96
योग ..	9,37

आटो रिक्शा चालकों के लिए सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना के अन्तर्गत मुआवजे का भुगतान

आटो रिक्शा चालक जिनके पास परिवहन विभाग का वैध ड्राइविंग लाइसेन्स है और जिनकी आयु 18 वर्ष से 60 वर्ष के बीच में है, उनके लिए जीवन बीमा निगम के माध्यम से 'सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना' क्रियान्वित किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना के अन्तर्गत सामान्य मृत्यु की दशा में 5000 रु० दुर्घटनावश मृत्यु की दशा में 10,000 रु०, एक अंग खो जाने की दशा में 2,500 रु० तथा दोनों अंग खो जाने की दशा में 5,000 रुपये की बीमा धनराशि का भुगतान किये जाने का प्रस्ताव है। प्रारम्भ में यह योजना प्रदेश के 5,000 आटो रिक्शा चालकों पर लागू की जायेगी। इन व्यक्तियों के प्रीमियम की धनराशि में राज्य सरकार का अंशदान 75,000 रु० आयेगा। तद्नुसार आय-व्ययक 1989-90 में 75,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है जिसकी स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2235--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण--	
60--अन्य सामाजिक सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रम--	
101--अन्य बीमा योजनायें--	
(..)--आटोरिक्शा चालकों के लिये सामाजिक सुरक्षा की बीमा योजना--	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	75

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में पूंजी विनियोजन

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम एक वाणिज्यिक संस्था है और उसकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है जिसके सुदृढ़ीकरण एवं नई चेसिसों के क्रय हेतु उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में वर्ष 1989-90 में 15,00,00,000 रु० की अंशपूंजी विनियोजित किये जाने का प्रस्ताव है। तद्नुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक के 15,00,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

5055--सड़क परिवहन पर पूंजी परिव्यय--आयोजनागत--	(हजार रुपयों में)
190--सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य उपक्रमों में निवेश--	
01--उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अंशकों का क्रय--	
24--निवेश / ऋण	15,00,00

पशुधन विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम-सं0	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेख का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	उ0 प्र0 पोल्ट्री एण्ड लाइवस्टाक स्पेसीलिटीज लि0, लखनऊ को कुक्कुट उत्पादकों के क्रय-विक्रय हेतु अंशदान की योजना	10,00	..	..	10,00	2403-पशुपालन	79 प
2	तरल वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का प्रसार एवं सुदृढ़ीकरण की योजना	1,37	..	..	1,37	तदैव	79 प
3	पशु खाल उतारने, खाल साफ करने तथा लोथ के उपयोग एवं उत्पादन केन्द्र बख्शी का तालाब लखनऊ के लिए धनराशि की व्यवस्था	5,00	..	..	5,00	तदैव	79 प
4	प्रदेश के कृत्रिम गर्भाधान ढांचे का सुदृढ़ीकरण	5,54	12,25	..	17,79	2403-पशुपालन तथा 4403-पशुपालन पर पूंजी परिव्यय	80 प
5	जैविक औषधि उत्पादन शाखा की स्थापना एवं विस्तार की योजना	14,00	1,50	..	15,50	तदैव	80 प
6	भेड़ विकास प्रायोजना एवं भेड़ प्रक्षेत्रों की स्थापना, विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण की योजना	12,00	3,64	..	15,64	तदैव	81 प
7	उत्तर प्रदेश वेटरिनरी काउन्सिल की स्थापना	1,44	3,63	..	5,07	तदैव	81 प
8	मूरिया खेड़ा लखीमपुर खीरी जनपद में मत्स्य आस्थान की स्थापना	20,24	..	..	20,24	2405-मीन उद्योग	82 प
9	सघन मत्स्य पालन प्रदर्शन की योजना	12,00	..	..	12,00	तदैव	82 प
10	मछुआ समुदाय के लोगों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने की योजना	32,40	..	..	32,40	तदैव	83 प
11	स्थानीय निकायों द्वारा चालित पशु-चिकित्सालय का प्रान्तीयकरण	..	1,00	..	1,00	4403-पशुपालन पर पूंजीगत परिव्यय	83 प
	योग ..	1,13,99	22,02	..	1,36,01		

उत्तर प्रदेश पोल्ट्री एण्ड लाइवस्टाक स्पेसिलीटीज लि0, लखनऊ को कुक्कुट उत्पादों के क्रय विक्रय हेतु अंशदान की योजना

कुक्कुट व्यवसाय को क्रय-विक्रय व्यवस्था (मार्केटिंग) एवं इनपुट्स आदि उपलब्ध कराने के अलावा कुक्कुट उत्पादों को सीधे क्रय-विक्रय तथा अण्डा-मांस उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1989-90 में इस कार्यक्रम पर कुल 10,00,000 रुपये का व्यय अनुमानित है जिसमें से 50 प्रतिशत व्यय के आधार पर 5,00,000 रु0 की सहायता भारत सरकार से प्राप्त होगी। तद्नुसार आय-व्ययक में 10,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2403--पशुपालन --आयोजनागत--

103--कुक्कुट विकास--

10--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना--

1002--उ0 प्र0 पोल्ट्री एण्ड लाइवस्टाक स्पेशिलीटीज लि0, लखनऊ को कुक्कुट उत्पादों के क्रय-विक्रय हेतु अंशदान--

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता .. 10,00

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि रु0	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गई है
राज सहायता ..	5,00,000	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान-- 04--केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिए अनुदान-- 800--अन्य अनुदान--15--पशुपालन--1503--पशु विकास	50 प्रतिशत

तरल वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का प्रसार एवं सुदृढ़ीकरण की योजना

तरल वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का प्रसार एवं सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत वास्तविक आवश्यकता के आधार पर जनपद फर्रुखाबाद तथा कानपुर (देहात) हेतु शीतक यंत्रों स्टेबलाइजर तथा सूक्ष्म दर्शक यंत्रों के क्रय करने का प्रस्ताव है। अतः वर्ष 1989-90 के आय व्ययक में 1,37,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2403-पशुपालन-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

102-पशु और भैंस विकास--

31--तरल वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का प्रसार (जिला योजना)--

20--मशीन और सज्जा/उपकरण और संयंत्र 91

32--अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--तरल वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का प्रसार (जिला योजना)--

20--मशीन और सज्जा/उपकरण और संयंत्र 46

कुल योग .. 1,37

पशु खाल उतारने, खाल साफ करने तथा लोथ के उपयोग एवं उत्पादन केन्द्र, बक्शी का तालाब लखनऊ के लिए धनराशि की व्यवस्था

पशुशव का संपूर्ण उपयोग वैज्ञानिक विधि से निष्पादित करने के प्रयोजन से पशुशव उपयोग शाखा, चर्म शोधन, फुट वियर एवं चर्म उपयोग के लिए खाल उतारने, खाल साफ करने तथा लोथ के उपयोग एवं उत्पादन केन्द्र, बक्शी का तालाब, लखनऊ नामक योजना वर्ष 1986-87 तक आयोजनागत पक्ष में लागू थी। अब पुनः योजना की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए इस योजना को चालू करने का प्रस्ताव है। अतः इस हेतु वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 5,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2403--पशुपालन-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

106--अन्य पशु विकास--

11--अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान--

खाल उतारने, खाल साफ करने तथा लोथ के उपयोग एवं उत्पादन केन्द्र बख्शी का तालाब, लखनऊ--

19--लघु निर्माण कार्य --	2,30
20--मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	2,70
योग ..	5,00

प्रदेश के कृत्रिम गर्भाधान ढांचे का सुदृढ़ीकरण

प्रदेश में कृत्रिम गर्भाधान ढांचे का सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद प्रतापग , सुल्तानपुर, बलिया, गाजीपुर, मिर्जापुर, देवरिया तथा सहारनपुर में शीतक यंत्रों बरडीजो का स्ट्रेचर, सर्जिकल उपकरणों क्रेट्स, डिस्ट्रीलेटर, सीलिंग फैन तथा सर्विस क्रेट्स के क्रय करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त जनपद गाजीपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, गोण्डा, बाराबंकी, बहराइच तथा लखनऊ में आवासीय तथा अनावासीय भवनों के निर्माण कराये जाने का भी प्रस्ताव है। वर्ष 1989-90 में योजना पर 17,79,000 रु० के व्यय होने का अनुमान है। तद्नुसार वर्ष 1989-90 के आय व्ययक में 17,79,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षाणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2403--पशुपालन--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

102--पशु और भैंस विकास--

04--कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रमों का विस्तार एवं अतिरिक्त सुविधाओं का विस्तार (जिला योजना)	5,54
योग-2403 ..	5,54

4403--पशुपालन पर पूंजी परिव्यय--

102--पशु और भैंस विकास-आयोजनागत--

01--कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का विस्तार एवं अतिरिक्त सुविधाओं का प्राविधान भवनों का निर्माण

14--वृहत् निर्माण कार्य - (जिला योजना)	12,25
योग-4403 ..	12,25
कुल योग ..	17,79

जैविक औषधि उत्पादन शाखा की स्थापना एवं विस्तार की योजन

वर्तमान में प्रदेश के पशुओं एवं कुक्कुटों को प्रमुख संक्रामक रोगों से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार की वैक्सीनों का उत्पादन बी० पी० शाखा, लखनऊ द्वारा किया जाता है तथा विभागीय संस्थाओं को उनकी मांग के अनुसार निःशुल्क वितरण किया जाता है। विभाग द्वारा पशुधन विकास हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा पशुपालकों में जागरूकता के फलस्वरूप टीकों विशेषकर बैक्टीरियल वैक्सीन की मांग उत्पादन क्षमता से अधिक बढ़ गई है। इन वैक्सीनों में एच० एस० वैक्सीन मुख्य है। इस वैक्सीन की मांग बाढ़-सूखा जैसी स्थिति में और अधिक बढ़ जाती है। चूंकि वर्तमान में बैक्टीरियल वैक्सीनों का उत्पादन हेतु केवल एक ही प्रयोगशाला है तथा एक समय में केवल एक ही प्रकार की वैक्सीन का उत्पादन संभव है। चूंकि एस० एस० वैक्सीन 6 माह से अधिक समय तक सुरक्षित नहीं रखी जा सकती है इसलिये इस वैक्सीन का उत्पादन वर्ष की एक सीमित अवधि में ही किया जाना संभव होता है। उस अवधि में अन्य सभी वैक्सीनों का उत्पादन रोकना पड़ता है। अतः एच० एस० वैक्सीन का उत्पादन बढ़ाने हेतु इस शाखा में एक पृथक बैक्टीरियल वैक्सीन उत्पादन प्रयोगशाला की स्थापना करने का निर्णय लिया गया है। उक्त प्रयोगशाला हेतु बी० पी० शाखा के प्रांगण में मीडिया रूम, वाशिंग रूम एवं फर्मेटर तथा बाटलिंग प्लांट हेतु कक्षों का निर्माण तथा प्रस्तावित प्रयोगशाला हेतु फर्मेन्टर तथा उसकी एक्सेसरीज एवं बाटलिंग मुख्य साज/सज्जा उपकरण आदि पर वर्ष 1989-90 में कुल 15,50,000 रु० के व्यय होने का अनुमान है जिसमें 1,50,000 रु० भवन निर्माण पर व्यय होगा। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 15,50,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2403—पशुपालन आयोजनागत—

101—पशु चिकित्सा संबंधी सेवायें एवं पशु स्वास्थ्य

14—जैविक औषधि उत्पादन शाखा का प्रसार एवं सुदृढ़ीकरण

25—सामग्री एवं सम्पूर्ति	14,00
योग, 2403 ..	14,00

4403—पशुपालन पर पूंजीगत परिव्यय—आयोजनागत

101—पशु चिकित्सा संबंधी सेवायें एवं पशु स्वास्थ्य

02—जैविक औषधि उत्पादन शाखा लखनऊ का प्रसार

19—लघु निर्माण कार्य, ...	1,50
योग, 4403 ..	1,50
कुल योग ..	15,50

भेड़ विकास प्रायोजना एवं भेड़ प्रक्षेत्रों की स्थापना, विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण की योजना

भेड़ विकास प्रायोजना एवं भेड़ प्रक्षेत्रों की स्थापना, विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण के अन्तर्गत भैंसोड़ा प्रक्षेत्र पर भूमि सुधार, सिंचाई व्यवस्था तथा अन्य सुविधायें उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है, जिस पर वर्ष 1989-90 में कुल 15,64,000 रु० का व्यय अनुमानित है, अतः इतनी ही धनराशि की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2403—पशुपालन—आयोजनागत—

104—भेड़ और ऊन विकास—

05—भेड़ विकास प्रायोजना एवं भेड़ प्रक्षेत्र की स्थापना और सुदृढ़ीकरण की योजना

20—मशीन और सज्जा/उपकरण एवं संयंत्र	2,00
33—अन्य व्यय	10,00
योग—2403	12,00

4403—पशुपालन पर पूंजी परिव्यय—आयोजनागत—

104—भेड़ और ऊन विकास—

03—भेड़ विकास प्रायोजना एवं प्रक्षेत्र की स्थापना, सुदृढ़ीकरण की योजना—

18—वृहत निर्माण कार्य	3,64
योग—4403 ..	3,64
कुल योग ..	15,64

उत्तर प्रदेश वेटरिनरी काउन्सिल की स्थापना

उ० प्र० वेटेरिनरी काउन्सिल कार्यालय के लिये कम्प्यूटर एवं उसके उपकरण फिटिंग आदि के अलावा कार्यालय "भवन निर्माण" कराये जाने का प्रस्ताव है। इस पर कुल 5,07,000 रु० का व्यय अनुमानित है। जिसमें से 50 प्रतिशत अंशदान के आधार पर भारत सरकार से 2,54,000 रु० की सहायता प्राप्त होगी। भवन निर्माण कार्य पर 3,63,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 5,07,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2403—पशुपालन—आयोजनागत—

101—पशुचिकित्सा सेवायें और पशु स्वास्थ्य—

17—केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें—

1710—उत्तर प्रदेश वेटेरिनरी काउन्सिल की स्थापना

20—मशीन और साज-सज्जा उपकरण और संयंत्र	1,44
योग—2403 ..	1,44

4403—पशुपालन पर पूंजी परिव्यय—आयोजनागत—
101—पशुचिकित्सा सेवायें और पशु स्वास्थ्य—
08—केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें—
(–) उत्तर प्रदेश वेटेरिनरी काउन्सिल की स्थापना—के कार्यालय भवन का निर्माण
18—वृहद निर्माण कार्य 3,63

योग—4403 .. 3,63

कुल योग .. 5,07

3—भारत सरकार से प्राप्य सहायता—

मद	धनराशि हजार रु0 में	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गयी
राज सहायता	2,54	1601—केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान 04—केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान—15—पशुपालन— '1501—पशु चिकित्सा संबंधी सेवायें और पशु स्वास्थ्य	50 प्रतिशत

मूरिया खेड़ा, लखीमपुर खीरी जनपद में मत्स्य आस्थान की स्थापना

सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से दुर्बल समुदाय के व्यक्तियों को उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मत्स्य आस्थान (फिशरीज स्टेट) के अन्तर्गत लखीमपुर जनपद के मूरिया खेड़ा ग्राम में 05 हेक्टेयर जलक्षेत्र के 20 तालाबों के निर्मित कराये जाने के लिये ग्राम सभा की भूमि पर 10 हेक्टेयर जलक्षेत्र की एक फिशरीज इस्टेट की स्थापना कराये जाने का प्रस्ताव है। ग्राम समाज की भूमि मत्स्य विभाग को हस्तान्तरित की जा चुकी है। स्थानीय मत्स्य विकास अभिकरण लखीमपुर खीरी के माध्यम से तालाबों का आवंटन पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों को किया जायगा। योजनान्तर्गत प्रथम वर्ष में पट्टाधारकों को इनपुट्स के लिये 2,000 से 2,250 रुपय तक ऋण सुविधा उपलब्ध करायी जायगी तथा 25 प्रतिशत अनुदान सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। जिससे 20 परिवार वर्ष 1989–90 में लाभान्वित होंगे। प्रारम्भिक कार्यों जैसे तालाब बनाने के लिये मिट्टी—कार्य स्थल के विकास और उसे पूरा करने, बैंक सुरक्षा, एप्रोच रोड, प्राकृतिक नालियों के विकास आदि के कार्यों पर वर्ष 1989–90 में कुल 19,28,000 रु0 तथा 5 प्रतिशत आकस्मिक व्यय को सम्मिलित करने के उपरान्त कुल 20,24,000 रु0 के व्यय होने का अनुमान है। निर्माण कार्य उ0 प्र0 मत्स्य विकास निगम लि0 लखनऊ द्वारा कराया जायेगा। तदनुसार वर्ष 1989–90 में 20,24,000 रुपये की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

(हजार रुपयों में)

2405—मीन उद्योग—आयोजनागत—
800—अन्य व्यय—
04-जनपद लखीमपुर खीरी के मूरिया खेड़ा में मत्स्य आस्थान की स्थापना 20,24

सघन मत्स्य पालन प्रदर्शन की योजन

प्रदेश में गत वर्षों से सघन मत्स्य पालन की तकनीकी के विकास ने ग्रामीण अंचल में मत्स्य विकास के नये आयाम खोले हैं। प्रयोगशाला से खेत तक कार्यक्रम के अन्तर्गत यह स्पष्ट हो चुका है कि प्रति हेक्टेयर तालाब से मत्स्य उत्पादन का स्तर 600 कि0ग्रा0 से 2,000 कि0ग्रा0 प्रतिवर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। सघन मत्स्य पालन की तकनीकी से मत्स्य उत्पादन का स्तर 3,500 से 4,000 कि0ग्रा0कु0 प्रति हेक्टेयर प्रतिवर्ष तक बढ़ाया जा सकता है उच्च तकनीक को प्रदर्शित करने हेतु कोई योजना नहीं है जिससे मत्स्यपालन की उच्च तकनीकी का प्रदर्शन किया जा सके साथ ही प्रशिक्षित भी किया जा सके। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रदेश के 48 मैदानी जनपदों में एक हेक्टेयर के तालाब का चयन कर प्रदर्शन कार्यक्रम चलाया जावेगा जिससे कि जनपद के मत्स्य पालक लाभ अर्जित कर सकें। मत्स्य पालकों के जिन तालाबों में ये प्रदर्शन कार्य किया जावेगा उनमें तालाब का किराया, श्रमिक, देख-भाल एवं सुरक्षा का दायित्व मत्स्य पालक का होगा तथा निवेशों से सम्बन्धित समस्त व्यय विभाग द्वारा किया जावेगा। तालाब से मछली की निकासी विभाग द्वारा की जावेगी तथा बिक्री से आय का 40 प्रतिशत विभाग का होगा तथा 60 प्रतिशत मत्स्य पालक का होगा परन्तु वर्ष 1989-90 में इस योजना के अन्तर्गत कोई आय होना सम्भावित नहीं है। इस प्रक्रिया के अपनाने से शासन द्वारा जो निवेशों पर व्यय किया जायगा उसकी शत प्रतिशत वापसी सुनिश्चित हो जावेगी। उत्पादन निवेशों पर व्यय की विभिन्न मदों में 6,72,000 रु0 तथा उप निवेशों पर व्यय की मदों में, 5,28,000 रु0 अर्थात् कुल 12,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। नई मत्स्य उत्पादन तकनीक का ज्ञान का लाभ उठाकर मत्स्य पालक स्वतः अपने तालाबों से मत्स्य उत्पादन का स्तर 2,000 कि0ग्रा0

से 4,000 कि0 ग्रा0 प्रति हेक्टेयर प्रतिवर्ष प्राप्त कर सकेंगे। इस मत्स्य उत्पादन से मत्स्य पालक उत्पादकता बढ़ाने में भी सफल होगा जिससे उसे 20,000 रु0 से 25,000 रु0 का शुद्ध लाभ होगा और उसकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार आयेगा। तदनुसार वर्ष 1989-90 में 12,00,000 रु0 की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गयी है।

2---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन---

2405---मीन उद्योग---आयोजनागत--- (हजार रुपयों में)

800---अन्य व्यय--

05---सघन मत्स्य पालन प्रदर्शन की योजना

33--अन्य व्यय 12,00

मछुआ समुदाय के लोगों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने की योजना

मछुआ समुदाय के लोगों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से वर्ष 1989-90 में मछुआ बहुल क्षेत्र जौनपुर जनपद के विकास खण्ड धर्मापुर व सिकरारा तथा जनपद देवरिया के विकास खण्ड गौरी बाजार में, प्रत्येक ग्राम सभा में 100 आवासीय भवन के आधार पर कुल 10 हजार आवास निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। भारत सरकार के मार्ग निर्देश के अनुसार 10,800 रु0 प्रति मकान की दर से 32,40,000 रु0 व्यय होने का अनुमान है। 16,20,000 रु0 केन्द्र सरकार का अंश तथा 16,20,000 रु0 राज्य सरकार का अंश होगा। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 32,40,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। योजना की स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षक के अनुसार विभाजन---

2405---मीन उद्योग---आयोजनागत--- (हजार रुपयों में)

800---अन्य व्यय---

04---केन्द्रीय आयोजनागत / केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें---

0408---नेशनल फिशरमैन वैलफेयर फण्ड की योजना--

14---सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता 32,40

3---भारत सरकार से प्राप्य सहायता का विवरण--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार धनराशि अभिधारित की गयी
अनुदान	16,20	1601---केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान--- 03---केन्द्रीय आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान-13-मीन उद्योग-1302-अन्य अनुदान	50 प्रतिशत

स्थानीय निकायों द्वारा चालित पशु चिकित्सालयों का प्रान्तीयकरण

पशुपालकों को अधिकाधिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औषधि भण्डार आदि की व्यवस्था हेतु जनपद ललितपुर में पशु चिकित्सालय ललितपुर पर औषधि भण्डार गृह निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1989-90 में इस पर 1,00,000 रु0 के व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार आय-व्ययक में 1,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन---

(हजार रुपयों में)

4403---पशुपालन पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत--

101---पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य---।

04 अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेंट प्लान---

राज्य के स्थानीय निकायों द्वारा संचालित-पशु चिकित्सालयों का प्रान्तीयकरण (जिला योजना)

19---लघु निर्माण कार्य 1,00

पर्वतीय विकास विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	पूंजी लेखे का व्यय ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी कार्य निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	पर्वतीय क्षेत्रों में क्षेत्रीय प्रचार कार्यालयों की स्थापना	12,00	..	..	12,00	2551-पहाड़ी क्षेत्र	91 प
2	मधुवंशों की सामूहिक बीमा योजना	30	..	..	30	तदैव	91 प
3	पर्वतीय क्षेत्र में सहकारी समितियों को प्रबन्धकीय सहायता	1,25	..	..	1,25	तदैव	92 प
4	पर्वतीय क्षेत्र की उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रदर्शनी पुरस्कार एवं उद्यमिता विकास योजना	3,20	..	..	3,20	तदैव	92 प
5	उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में मौन-पालन सहकारी समितियों को तकनीकी सहायता	2,84	..	..	2,84	तदैव	92 प
6	पर्वतीय क्षेत्र में रामबांस रेशा योजना के अन्तर्गत सामान्य सुविधा केन्द्रों की स्थापना	4,13	..	..	4,13	तदैव	93 प
7	पर्वतीय जनपदों में प्रचार प्रसार योजना	2,00	..	..	2,00	तदैव	93 प
8	पर्वतीय क्षेत्र में न्यूजरील के निर्माण हेतु कुमायूं एवं गढ़वाल मण्डल के लिये एक-एक वी0सी0 आर0 यूनिट की स्थापना	5,88	..	..	5,88	तदैव	94 प
9	प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की बीमार इकाइयों के सर्वेक्षण की योजना	2,00	..	..	2,00	तदैव	94 प
0	प्रदेश के महाविद्यालयों में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम का लागू किया जाना	10,00	..	..	10,00	तदैव	95 प
11	पर्वतीय क्षेत्र के नगरों के विकास हेतु स्थानीय निकायों को वित्तीय सहायता	60,00	..	..	60,00	तदैव	96 प
12	नागरिक चिकित्सालय रानीखेत जिला अल्मोड़ा में शय्याओं की वृद्धि	9,55	..	..	9,55	तदैव	96 प
13	भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय हेतु पर्वतीय क्षेत्र में नयी शिविर साज-सज्जा का क्रय	1,00	..	..	1,00	तदैव	97 प

वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें —आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989–90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
14	भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय की पर्वतीय क्षेत्र की खनिज अन्वेषण योजना के अन्तर्गत स्वर्ण विश्लेषण हेतु फ़ायर ऐसे सुविधा का सृजन	2,00	..	..	2,00	2551- पहाड़ी क्षेत्र	97 प
15	भूतत्व एव खनिकर्म निदेशालय द्वारा पर्वतीय क्षेत्र में अभियांत्रिक भू-विज्ञान के सुदृढ़ीकरण हेतु अभियांत्रिक भू-विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना	2,52	..	..	2,52	तदैव	98 प
16	पर्वतीय क्षेत्र की चार राजकीय संस्थाओं का उद्योगों के साथ अन्तर्सम्बंध	80	..	..	80	तदैव	98 प
17	राजकीय बहुधंधी संस्थाओं में कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जाना	3,00	..	..	3,00	तदैव	99 प
18	जिला सहकारी विकास संघ गोपेश्वर (चमोली) की "इन्डेन" की कुकिंग गैस सिलेंडर्स की एजेन्सी स्थापना हेतु भूमि क्रय तथा गोदाम निर्माण हेतु अनुदान	4,00	..	..	4,00	तदैव	100 प
19	ऋण एवं अधिकोषण योजना के अन्तर्गत अशोध्य ऋण को बट्टे खाते में डालने के लिये अनुदान	7,00	..	..	7,00	तदैव	100 प
20	ऋण एवं अधिकोष योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति जनजाति, के सदस्यों को मध्यमकालीन ऋण पर ब्याज हेतु सहायता	3,50	..	..	3,50	तदैव	100 प
21	उपभोक्ता योजना के अन्तर्गत पैक्स को उपभोक्ता व्यवसाय हेतु यातायात अनुदान	7,60	..	..	7,60	तदैव	101 प
22	प्रदेश के पर्वतीय अंचलों में धातु पात्र कुटीर उद्योग के पुनरुद्धार की योजना	30,00	..	..	30,00	तदैव	101 प
23	उत्तराखण्ड एवं अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में नैसर्गिक अभिजनन केन्द्रों की स्थापना	2,85	..	..	2,85	तदैव	102 प

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें-आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
24	दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्गठन योजना के अन्तर्गत टेहरी गढ़वाल जनपद में प्रारम्भिक दुग्ध समितियों को सहायता	14,64	..	..	14,64	तदैव	103 प
25	दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्गठन योजना के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़, नैनीताल, देहरादून तथा अल्मोड़ा में प्रारम्भिक दुग्ध समितियों को सहायता	18,30	..	..	18,30	तदैव	103 प
26	स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत दुग्ध समितियों क सदस्यों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने हेतु आर्थिक सहायता	1,76	..	..	1,76	तदैव	103 प
27	स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत क्षेत्र की लालकुआं (नैनीताल) के हरिजन दुग्ध उत्पादक सदस्यों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने हेतु आर्थिक सहायता	63	..	..	63	तदैव	104 प
28	स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत लालकुआं सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लि0, लालकुआं (नैनीताल) की हरिजन बहुल दुग्ध समितियों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने हेतु आर्थिक सहायता	74	..	..	74	तदैव	104 प
29	दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्गठन योजना के अन्तर्गत साइंस एण्ड टेक्नालाजी की कम्पोनेन्ट योजना	10,12	..	..	10,12	तदैव	104 प
30	वर्तमान दुग्ध संघों की क्षमता का विस्तार एवं आधुनिकीकरण	70,72	..	..	70,72	तदैव	105 प
31	जनपद देहरादून के मानियावाला स्थान में पौधालय की स्थापना	35	..	..	35	तदैव	105 प
32	देहरादून जनपद में आम लीची फल पट्टी का विकास	23,75	..	..	23,75	तदैव	105 प
33	फल उत्पादक क्षेत्रों में यातायात की सुविधा हेतु रोपवे का निर्माण	90	..	..	90	तदैव	106 प

वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें–आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989–90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	पूंजी लेखे का व्यय ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989–90 के आय-व्ययक प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ-संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
34	औद्यानिक एवं सहयोगी उद्यानों के विकास हेतु फलपौध रोपण एवं सब्जी का विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत शीतोष्ण एवं समसीतोष्ण फल पौध एवं सब्जी विकास योजना	6,89	..	..	6,89	2551–पहाड़ी क्षेत्र	106 प
35	जनपद पौड़ी के निजी उद्यानपतियों को पौधशाला स्थापना करने के लिए प्रोत्साहित करने की योजना	55	..	..	55	तदैव	106 प
36	देहरादून जनपद में नगदी औद्यानिक फसलों की खेती	2,20	..	..	2,20	तदैव	107 प
37	जनपद देहरादून में लीची विकास की योजना	1,50	..	..	1,50	तदैव	107 प
38	जनपद देहरादून के राजकीय उद्यानों में मसाला विकास योजना	48	..	..	48	तदैव	108 प
39	जिला उद्यान कार्यालय अल्मोड़ा हेतु एक इलेक्ट्रानिक फोटोस्टेट मशीन का क्रय	1,00	..	..	1,00	तदैव	108 प
40	प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में जड़ी बूटि शोध एवं विकास संस्थान की स्थापना।	1,00	..	..	1,00	तदैव	108 प
41	पर्वतीय क्षेत्र के औद्योगिक विकास हेतु औद्योगिक विकास परिषद् का गठन।	1,00	..	..	1,00	तदैव	109 प
42	पर्वतीय क्षेत्र की जनजातियों की छात्राओं के लिये जूनियर बेसिक विद्यालयों के शाखा विद्यालय खोला जाना।	3,00	..	..	3,00	तदैव	109 प
43	पर्वतीय क्षेत्र में पर्यावरणीय शिक्षा कार्यक्रम का सुदृढ़ीकरण	1	..	..	1	तदैव	109 प
44	पर्वतीय क्षेत्र में पर्यावरण सुरक्षा एवं पर्यटन विकास को बढ़ावा देने हेतु पर्वतीय विकास विभाग के अधीन कुमायूं एवं गढ़वाल मंडल में एक-एक क्षेत्रीय विकास अभिकरण की स्थापना।	2,00	..	..	2,00	तदैव	110 प
45	सामुदायिक दर्शन केन्द्र की स्थापना।	1,00	..	..	1,00	तदैव	110 प

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई ।द-आयोजनागत

क्रम-सं0	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निदेश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
46	पर्वतीय क्षेत्र की यात्रा व्यवस्था	1,00	..	..	1,00	2551-पहाड़ी क्षेत्र	110 प
47	निजी क्षेत्र में पर्यटन विकास हेतु मूलभूत सुविधाओं का उपलब्ध कराया जाना।	1,00	..	..	1,00	तदैव	111प
48	पर्वतीय क्षेत्र के नगरों की जलोत्सारण योजनाओं के लिये बाह्य स्रोतों से धन की व्यवस्था	1,00	..	..	1,00	तदैव	111प
49	पर्वतीय क्षेत्र की पेयजल योजनाओं के लिये धन की व्यवस्था	1,00	..	..	1,00	तदैव	111 प
50	कुमायूं एवं गढ़वाल मंडलों में स्थापित पालीटेकनिक में एक-एक महिला छात्रावास की स्थापना।	1	..	..	1	तदैव	112प
51	प्रदेश के पर्वतीय जनपदों में जिला सेक्टर विकास योजनाओं के लिए एक मुश्त प्राविधान।	1,60,00	..	..	1,60,00	तदैव	112 प
52	पर्वतीय क्षेत्र में सहकारी समितियों का पुनर्वासन	3,30	..	1,09	4,39	2551-पहाड़ी क्षेत्र तथा 6551-पहाड़ी क्षेत्र के लिए उधार।	112प
53	राजकीय प्रजनन उद्यान, शीतला खेत में, कार्यालय एवं गोदाम भवन तथा आवासीय भवनों का निर्माण	..	7,49	..	7,49	4551 पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी परिव्यय	113 प
54	राजकीय सब्जी शोध केन्द्र मटेला, जनपद अल्मोड़ा में आवास निर्माण	..	3,50	..	3,50	तदैव	113प
55	विकास खण्ड रामगढ़ के अन्तर्गत तल्ला रामगढ़ के उद्यान विभाग के अनावासीय एवं आवासीय भवन का निर्माण	..	6,75	..	6,75	तदैव	114प
56	जनपद अल्मोड़ा में स्थित राजकीय पौधालय कर्मी में कार्यालय भवन एवं आवासीय भवनों का निर्माण	..	16,20	..	16,20	तदैव	114 प
57	पर्वतीय क्षेत्र के नगरवासियों के लिये आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विकास प्राधिकरणों को वित्तीय सहायता	..	..	50,00	50,00	6551-पहाड़ी क्षेत्र के लिए उधार	114 प
	योग	5,07,27	33,94	51,09	5,92,30		

पर्वतीय क्षेत्रों में क्षेत्रीय प्रचार कार्यालयों की स्थापना

सूचना विभाग के मुख्यालय के अतिरिक्त जिला स्तर पर भी एक-एक जिला सूचना अधिकारी का कार्यालय स्थापित है। मुख्यालय से प्रदेश के समस्त जिलों पर नियंत्रण रख पाना व्यवहारिक रूप से कठिन होने के कारण, जिला इकाइयों पर पूर्ण नियंत्रण रखने के उद्देश्य से पर्वतीय क्षेत्रों में कुमायूं तथा गढ़वाल मण्डल में उप निदेशक के नियंत्रण में एक-एक क्षेत्रीय प्रचार कार्यालय की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव है। उक्त इकाइयों की स्थापना पर विभिन्न तकनीकी / गैर तकनीकी कर्मचारिवर्ग व अन्य मदों पर वर्ष 1989-90 में 12,00,000 रु0 (5,08,000 रु0 आवर्तक तथा 6,92,000 रु0 अनावर्तक) व्यय होने का अनुमान है। तद्नुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--व्यय का विभाजन--

(क) अपेक्षित कर्मचारीवर्ग

क्रम-संख्या	पद नाम	वेतनक्रम	पदों की संख्या
1	उप निदेशक	1250-2050	2
2	क्षेत्रीय प्रदर्शनी अधिकारी	570-1100	2
3	आशुलिपिक	470-735	2
4	लेखा लिपिक-कम-कोषाध्यक्ष	430-685	2
5	फोटोग्राफर	515-860	2
6	ब्रोमाइड प्रिंटर	430-685	2
7	सिनेमा आपरेटर-कम-इलेक्ट्रीशियन	330-495	2
8	ड्राइवर (प्रदर्शनीवान)	330-495	2
9	ड्राइवर (जीप गाड़ी)	330-495	2
10	मददगार	305-390	2
11	चौकीदार एवं मददगार (प्रदर्शनी इकाई हेतु)	305-390	2
12	चौकीदार (कार्यालय)	305-390	2
13	लैब ब्याय	305-390	2

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

आयोजनागत--

128--सूचना तथा प्रचार-क्षेत्रीय प्रचार संगठन

मद	(हजार रुपयों में)
01--वेतन	1,40
03--महंगाई भत्ता	1,66
04--यात्रा भत्ता	10
05--अन्य भत्ते	40
06--कार्यालय व्यय	70
07--टेलीफोन पर व्यय	20
08--मोटर गाड़ियों का क्रय	5,20
11--किराया, उपशुल्क एवं कर	20
20--मशीन, साज-सज्जा	1,54
22--मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण	20
32--अन्तरिम सहायता	40
योग ..	12,00

मधुवंशों की सामूहिक बीमा योजना

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र के जनपदों में उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मौनपालन औद्योगिक उत्पादन सहकारी समितियों के माध्यम से मौनपालकों को दि न्यू इण्डिया इन्श्योरेंस कम्पनी से 4 प्रतिशत के प्रीमियम की दर से बीमा का लाभ देने की एक योजना संचालित की जा रही है। वर्ष 1989-90 में इस योजना के अन्तर्गत पर्वतीय क्षेत्र के चार जनपदों (नैनीताल, पिथौरागढ़, देहरादून तथा पौड़ी को सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव है। तद्नुसार वर्ष 1989-90 में 30,000 रु0 के प्रीमियम के भुगतान की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

194--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--

/--/--मधु वंशों की सामूहिक बीमा योजना--

14--सहायक अनुदान अंशदान / राज सहायता 30

पर्वतीय क्षेत्र में सहकारी समितियों को प्रबन्धकीय सहायता

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा कार्यरत सहकारी समितियों /संस्थाओं के माध्यम से चलाए जाने वाले उद्योगों के बारे में उद्यमियों को मार्ग-दर्शनार्थ एवं धन की सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता महसूस की जा रही है अतः ऐसी समितियों/संस्थाओं को सुदृढ़ किया जाना प्रस्तावित है जिसमें प्रबन्धकीय सहायता एवं लेखा-जोखा रखने के लिए पार्ट-टाइम लेखाकार के लिए मानदेय का प्राविधान है। अतः समिति / संस्था को प्रथम वर्ष मे 450 प्रतिमाह, द्वितीय वर्ष में 300 प्रतिमाह तथा तृतीय वर्ष में 150 रु0 प्रतिमाह की दर से प्रबन्धकीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,25,000रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

194--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--

(-)--पर्वतीय क्षेत्र में सहकारी समितियों को प्रबन्धकीय सहायता--

14--सहायक अनुदान/ अंशदान / राज सहायता 1,25

पर्वतीय क्षेत्र की उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रदर्शनी, पुरस्कार एवं उद्यमिता विकास योजना

खादी वस्त्र निर्माताओं तथा ग्रामोद्योग में लगे व्यक्तियों के प्रयास को बढ़ावा देने, उन्हें प्रोत्साहित करने तथा विपणन व व्यवस्था को तेज करने के उद्देश्य से पर्वतीय क्षेत्र की उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड की प्रदर्शनी, पुरस्कार एवं उद्यमिता विकास को जिला स्तर पर क्रियान्वित करने का प्रस्ताव है। ग्रामोद्योग वस्तुओं की जानकारी पर्वतीय क्षेत्र में आने वाले सैलानियों तथा वहां के निवासियों तक पहुचाने के लिए प्रत्येक जिले में 10-10 सचल प्रदर्शनियां लगाने तथा ग्रामीण उद्योगों में प्रतिस्पर्धा, गुणवत्ता एवं उत्पादकता को बढ़ाये जाने के उद्देश्य से जिले स्तर, ब्लाक स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए जाने का कार्यक्रम है। वित्तीय वर्ष 1989-90 में इस हेतु पर्वतीय क्षेत्र के प्रत्येक जनपद पर 40,000 रु0 की दर से कुल 3,20,000 रुपये (आवर्तक) की धनराशि के व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 3,20,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

194--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--

( ) प्रदर्शनी पुरस्कार एवं उद्यमिता विकास योजना--

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता 3,20

उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में मौनपालन सहकारी समितियों को तकनीकी सहायता

मौनपालन विकास की इस परियोजना के अन्तर्गत प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में सहकारिता के माध्यम से मौनपालन सहकारी समितियों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराकर मौनपालन को आर्थिक स्तर प्रदान किया जायेगा। इस सहायता के अन्तर्गत प्रत्येक सहकारी समिति अपने लिए एक तकनीकी सहायक रखेंगी जो मौनपालकों के मौनवंशों की देख-भाल करने, माइग्रेशन में उनका सहयोग करने, उनके शहद के उत्पादन एवं विपणन और उपकरणों संबंधी आवश्यकताओं पूर्ति करने में सहयोग करेगा। इस तकनीकी सहायक को प्रथम वर्ष 300 रु0 प्रतिमाह तथा दूसरे वर्ष 250 रु0 प्रतिमाह दिये जायेंगे। जिसका 50 प्रतिशत अंश केन्द्रीय खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग से देय होगा। मौनपालन सहकारी समितियों को तकनीकी सहायक रखने की अत्यन्त आवश्यकता महसूस की जा रही है। शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 1989-90 में मौनपालन सहकारी समितियों को तकनीकी सहायक रखने पर 2,84,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वित्तीय वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी --

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

पर्वतीय क्षेत्रों में मौनपालन सहकारी समितियों को तकनीकी सहायता--

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता 2,84

3—भारत सरकार से प्राप्य सहायता

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गई है
राज सहायता	1,42	1601—केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान— 04—केन्द्र प्रायोजित आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान—47—पर्वतीय विकास	50 प्रतिशत

पर्वतीय क्षेत्र में रामबांस रेशा योजना के अन्तर्गत सामान्य सुविधा केन्द्रों की स्थापना

पर्वतीय क्षेत्र में रामबांस रेशे पर आधारित उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 1988–89 में एक सामान्य सुविधा केन्द्र स्थापित किये जाने की स्वीकृति दी गयी है। इस योजना का उद्देश्य स्थानीय उपलब्ध कच्चे माल के उपभोग एवं उस क्षेत्र में इस उद्योग से जुड़ हुए लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना है। शासन द्वारा योजना को उपयोगी मानते हुये योजना को पर्वतीय क्षेत्र के प्रत्येक जिले में प्रारम्भ किये जाने का प्रस्ताव है। इस प्रकार सात नये केन्द्रों की स्थापना पर वित्तीय वर्ष 1989–90 में प्रति केन्द्र 59,000 रु० की दर से कुल 4,13,000 रु० (2,03,000 रु० आवर्तक, 2,10,000 रु० अनावर्तक) के व्यय का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है।

2—व्यय का विभाजन—

(क) अपेक्षित कर्मचारि वर्ग—

क्रम-संख्या पदनाम	वेतनक्रम	पदों की संख्या
	रु०	
1—स्टोर कीपर / लिपिक ..	900 प्रतिमाह ..	7
2—मैकनिक (मशीन चालक) ..	900 प्रतिमाह	7
3—चपरासी / चौकीदार ..	600 प्रतिमाह	7

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—	
194—ग्रामोद्योग और लघु उद्योग—पर्वतीय क्षेत्र में रामबांस रेशा योजनान्तर्गत सामान्य सुविधा केन्द्रों की स्थापना—	
01—वेतन	2,03
20—मशीनें तथा सज्जा / उपकरण एवं संयंत्र	2,10
योग ..	4,13

पर्वतीय जनपदों में प्रचार-प्रसार योजना

पर्वतीय जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों की बेरोजगारी तथा गरीबी दूर करने एवं बढ़ती हुई जनसंख्या को कम पूंजी निवेश द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खादी ग्रामोद्योग का अपना एक विशेष महत्व है। खादी एवं ग्रामोद्योगों की जानकारी को ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने के लिए यह आवश्यक है कि प्रचार-प्रसार गोष्ठियों एवं लघु प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाय ताकि ग्रामोद्योग की स्थापना में सुव्यवस्थित एवं समानुकूल गति आ सके। इस कार्य के लिए जहां एक ओर विभिन्न प्रकार के प्रचार साहित्य का छपना आवश्यक है, वहीं दूसरी ओर संगोष्ठियां प्रदेश स्तर पर भी आयोजित करना आवश्यक है। इस कार्य हेतु वर्ष 1989–90 में 2,00,000 रु० (आवर्तक) के व्यय का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
194—ग्रामोद्योग और लघु उद्योग—	
( ) उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रचार-प्रसार योजना—	
14—सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता ..	2,00

पर्वतीय क्षेत्र में न्यूज रील के निर्माण हेतु कुमायूं एवं गढ़वाल मण्डल के लिए एक-एक वी0सी0आर0 यूनिट की स्थापना

पर्वतीय क्षेत्र के लिए न्यूजरील के निर्माण हेतु क्षेत्र के कुमायूं एवं गढ़वाल मण्डल में एक-एक वी0 सी0 आर0 यूनिट की स्थापना का निर्णय शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 1988-89 में लिया गया था। योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु कतिपय गैर तकनीकी पदों की सृजन का प्रस्ताव है। वित्तीय वर्ष 1989-90 में इस योजना पर कुल 5,88,000 रु0 आवर्तक व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 5,88,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2—व्यय का विभाजन—

(क) अपेक्षित कर्मचारि वर्ग—

क्रम० संख्या	पद नाम	वेतनक्रम	पदों की संख्या
		रु0	
1	न्यूजरील कैमरामैन ..	570-1100	2
2	रिकार्डिस्ट्स	570-1100	2
3	ड्राइवर-कम-इलेक्ट्रीशियन	330-495	2
4	कैमरा कुली ..	305-390	2

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

128—सूचना तथा प्रसार—

02—न्यूजरील के निर्माण हेतु वी0 सी0 आर0 यूनिट की स्थापना—	(हजार रुपयों में)
01—वेतन	43
03—महंगाई भत्ता	52
04—यात्रा व्यय	24
05—अन्य भत्ते	22
06—कार्यालय व्यय	23
20—मशीनें, और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	20
22—मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद	30
25—सामग्री और सम्पूर्ति	3,60
32—अन्तरिम सहायता	14
योग ..	5,88

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की बीमार इकाइयों के सर्वेक्षण की योजना

उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में खादी तथा ग्रामोद्योग को विकसित करने एवं ग्रामोद्योग इकाइयों की स्थापना हेतु इच्छुक उद्यमियों को मार्ग-दर्शन एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाती है। इस प्रकार खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के द्वारा जहां एक ओर रोजगार के नये साधन उपलब्ध कराये जाते हैं वहीं दूसरी ओर गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों के जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता है। उपरोक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु यह आवश्यक है कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में बन्द व बीमार इकाइयों का सर्वेक्षण कराकर उनको पुनर्जीवित किया जाय। वित्तीय वर्ष 1989-90 में पर्वतीय क्षेत्र के आठों जिलों को सर्वेक्षण के अन्तर्गत लिये जाने का प्रस्ताव है। तदनुसार उपर्युक्त योजना हेतु वित्तीय वर्ष 1989-90 में 2,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। अत: वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551—पहाड़ी क्षेत्र—	(हजार रुपयों में)
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—	
194—ग्रामोद्योग और लघु उद्योग—कौशल, कच्चा माल—बीमार इकाइयों के सर्वे की योजना—	
14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	2,00

प्रदेश के महाविद्यालयों में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम का लागू किया जाना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की संस्तुति के अनुसार देश के लगभग सभी प्रान्तों में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। वर्ष 1989-90 में पर्वतीय क्षेत्र के कुमायूं और गढ़वाल विश्वविद्यालय के सभी राजकीय महाविद्यालयों में तीसरे वर्ष की कक्षायें आरम्भ हो जायेंगी। प्रत्येक महाविद्यालय में तीसरे वर्ष की कक्षा के लिये प्रत्येक विषय में एक शैक्षिक अतिरिक्त पद तथा छात्र संख्या के आधार पर शिक्षणेतर कर्मचारियों के पद देय होंगे अतिरिक्त शिक्षण कक्ष, पुस्तक उपकरण एवं फर्नीचर की भी आवश्यकता होगी। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1989-90 में 10,00,000 रु० (आवर्तक) का व्यय अनुमानित है। जिसके लिये वर्ष 1989-90 आय-व्ययक में आवश्यक व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोंपरान्त दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

2551—पहाड़ी क्षेत्र—

060—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—

104—विश्वविद्यालय और उच्चतर शिक्षा—

04—अन्य-व्यय—

0402—प्रदेश के महाविद्यालयों में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम का लागू किया जाना

10—सहायक अनुदान 10,00

पर्वतीय क्षेत्र के नगरों के विकास हेतु स्थानीय निकायों को वित्तीय सहायता

पर्वतीय क्षेत्र राष्ट्रीय महत्व के अन्यान्य पर्यटन स्थल तथा तीर्थों के लिये अपना विशिष्ट स्थान रखता है। अतः प्रतिवर्ष काफी यात्रियों का आवागमन रहता है। इस समुदाय तथा पर्वतीय क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छता प्रदान करने एवं स्थान विशेष को प्रदूषण से बचाये रखने के उद्देश्य से पर्वतीय क्षेत्र के मुख्य-मुख्य नगरों में 10 सीटर सार्वजनिक शौचालय लागत का 80 प्रतिशत शासकीय सहायता देकर स्थानीय निकायों के माध्यम से वर्ष 1989-90 में भी बनाये जाने का प्रस्ताव है। इस पर 20 लाख रुपये के व्यय का अनुमान है। तदनुसार 20,00,000 रु० की आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गयी है। नगरों/तीर्थस्थलों को उनके आकर्षण का केन्द्र बनाये रखने तथा उन्हें प्रदूषण से मुक्त रखने के उद्देश्य से कुछ मुख्य-मुख्य स्थलों के सौन्दर्यीकरण किये जाने का भी प्रस्ताव है इस योजना पर वर्ष 1989-90 में 40 लाख रुपये के व्यय का अनुमान है। तदनुसार 1989-90 के आय-व्ययक में 40,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशियों का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551—पहाड़ी क्षेत्र— (हजार रुपयों में)

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

124—शहरी विकास—

06—पर्वतीय क्षेत्र के स्थानीय निकायों को सार्वजनिक 10-सीटर शौचालय निर्माण हेतु अनुदान—

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 20,00

07—पर्वतीय क्षेत्र के मुख्य नगरों/स्थलों के सौन्दर्यीकरण हेतु स्थानीय निकायों को अनुदान—

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 40,00

योग .. 60,00

नागरिक चिकित्सालय, रानीखेत, जिला अल्मोड़ा में शय्याओं की वृद्धि

जनपद अल्मोड़ा के नागरिक चिकित्सालय, रानीखेत में चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ किये जाने के उद्देश्य से वर्ष 1987-88 में 32 अतिरिक्त शैय्याओं के वार्ड के निर्माण की स्वीकृति दी गयी थी जिसका, निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब उक्त वार्ड में 32 शैय्याओं, सम्बन्धित साज-सज्जा, स्टाफ, औषधि आदि उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। इस निमित्त वर्ष 1989-90 में कर्मचारी वर्ग तथा साज-सज्जा के क्रय की आवश्यकता है। प्रश्नगत योजना के लिये 9,55,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार 9,55,000 रुपये की व्यवस्था वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में कर ली गयी है। पदों एवं व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोंपरान्त दी जायगी।

2--व्यय का विभाजन--

(क) अपेक्षित कर्मचारी वर्ग

क्रमांक	पद नाम	वेतनमान	पदों की संख्या
		रु0	
1	जी0 डी0 एम0 ओ0	850-1720	2
2	ई0 एम0 ओ0	850-1720	3
3	वार्ड ब्वाय/वार्ड आया	305-390	5
4	स्वीपर	305-390	12
5	धोबी	305-390	1
6	सहायक मैट्रन	622-940	1
7	सिस्टर	515-860	8
8	स्टाफ नर्स	470-735	13
9	प्रयोगशाला प्राविधिक	400-615	1
10	रजिस्ट्रेशन लिपिक	354-550	1
11	चपरासी	305-390	4

(ख) साज/सज्जा/गाड़ियों के स्थूल ब्योरे--

क्रमांक	मद	संख्या	धनराशि
			रु0
1	स्टील चारपाई	34	25,000
2	बेड साईड लाकर	34	12,000
3	वास बेसिन विद स्टैण्ड	34	8,000
4	बेड साइड स्टूल	34	3,000
5	बैकरेस्ट स्ट्रीप सहित	5	8,000
6	मेज आफिसर	2	4,000
7	मेज साधारण	10	7,000
8	कुर्सी आफिसर	2	1,000
9	कुर्सी साधारण	20	3,000
10	बेंच	6	3,000
11	आलमारी बड़ी	10	20,000
12	रैक	5	5,000
13	अन्य फर्नीचर	–	49,000
14	अन्य उपकरण आदि	–	50,000
		योग ..	1,98,000

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र आयोजनागत--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

111--चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य--

01--एलोपैथी--

0110--एलोपैथिक जिला चिकित्सालयों में रोगी शय्याओं की वृद्धि एवं बेस चिकित्सालय की स्थापना--

01--वेतन	2,50
03--महंगाई भत्ते	1,12
04--यात्रा व्यय	30
05--अन्य भत्ते	50
06--कार्यालय व्यय	15
20--मशीन और साज-सज्जा/ उपकरण और संयंत्र	1,98
22--अन्य व्यय	3,00
योग	9,55

भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय हेतु पर्वतीय क्षेत्र में नयी शिविर साज-सज्जा का क्रय

भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय की खनिज अन्वेषण योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 24 क्षेत्रों में भू-वैज्ञानिक, भू-भौतिक, भू-रासायनिक वेधन, तथा सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। इनमें से 11 क्षेत्र पर्वतीय क्षेत्र के अन्तर्गत हैं। उपर्युक्त कार्यों के लिये निदेशालय के क्षेत्रीय स्टाफ को वर्ष में लगभग 8 माह दुर्गम क्षेत्रों में ही रहकर कार्य करना होता है और इनको क्षेत्र में ही तम्बुओं के रूप में आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है। इस प्रयोजन हेतु शिविर साज-सज्जा, जिसमें विभिन्न प्रकार के तम्बू, छोलदारी आदि होते ह, क्षेत्रीय पार्टियों को उपलब्ध करायी जाती हैं। वर्तमान में निदेशालय में उपलब्ध अधिकांश शिविर साज-सज्जा के निष्प्रयोज्य हो जाने के कारण कुछ नये तम्बू तथा अन्य शिविर साज-सज्जा के क्रय किये जाने की तुरन्त आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसके अभाव में निदेशालय के क्षेत्रीय स्टाफ को क्षेत्र में कार्य करने में बड़ी कठिनाई हो रही है। अतः शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 1989–90 में 1,00,000 रुपये के कुछ नये तम्बू तथा अन्य शिविर साज-सज्जा क्रय किये जाने का प्रस्ताव है। अतः इतनी ही धनराशि की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है।

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2551—पहाड़ी क्षेत्र—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
198—अलौह धातु खनन और धातुकर्म उद्योग—	
02—प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में खनिज अन्वेषण—	
20—मशीन और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	1,00

भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय की पर्वतीय क्षेत्र की खनिज अन्वेषण योजना के अन्तर्गत स्वर्ण विश्लेषण हेतु 'फायर ऐसे' सुविधा का सृजन

भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय की खनिज अन्वेषण योजना के अन्तर्गत बहुमूल्य धातुओं जैसे सोना, चांदी आदि के विश्लेषण एवं नमूनों में सही मात्रा ज्ञात करने हेतु 'फायर ऐसे' एक मात्र विधि है। अन्वेषण कार्य के दौरान नमूनों में साधारणतया बहुत कम मात्रा में ऐसी धातुएं (सोना, चांदी आदि) मिलती हैं और इनकी उपलब्धता का सही ज्ञान अति आवश्यक है। निदेशालय पिछले कई वर्षों से प्लेसर सोने का क्षेत्रीय अन्वेषण करता चला आ रहा है और उनके सम्भावित क्षेत्रों का पता किया है। इन क्षेत्रों के आर्थिक मूल्यांकन हेतु क्षेत्र में एक पाइलट प्लान्ट भी लगाया गया है। इस प्लान्ट से प्राप्त नमूनों की जांच करके व्यावहारिक तौर से सोना प्राप्त करने के उद्देश्य से क्षेत्रों का आर्थिक मूल्यांकन किया जाना है। इस कार्य हेतु 'फायर ऐसे' सुविधा का सृजन अत्यन्त आवश्यक है। अतः वर्ष 1989–90 में निदेशालय में 'फायर ऐसे' सुविधा के सृजन हेतु कतिपय उपकरणों का क्रय करने का प्रस्ताव है। तदनुसार उपर्युक्त कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 1989–90 में 2,00,000 रु० के व्यय का अनुमान है। अतः इतनी ही धनराशि की व्यवस्था 1989–90 के आय-व्ययक में कर ली गई है।

2—व्यय का विभाजन—

(ख) साज-सज्जा मशीन आदि के स्थूल ब्योरे—

क्रम-संख्या	मद		धनराशि (हजार रुपयों में)
1	माइक्रो बैलन्स	..	1,30
2	मफिल फर्नेस (1000 सी०)	..	40
3	इलेक्ट्रिकल फर्नेस (1500 सी०)	..	20
4	क्रुसिबिल, क्यूपेल इत्यादि	..	10
		योग ..	2,00

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
198—अलौह धातु खनन और धातुकर्म उद्योग—	
02—प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में खनिज अन्वेषण—	
20—मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	2,00

भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय द्वारा पर्वतीय क्षेत्र में अभियांत्रिक भू-विज्ञान के सुदृढ़ीकरण हेतु अभियांत्रिक भू-विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में इकालाजिकल रीजेनरेशन की स्कीम के अन्तर्गत प्रस्तावित सड़कों के रेखांकन के लिये भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय में गढ़वाल एवं कुमायूं के लिये इंजीनियरिंग जिओलाजी कार्यालय खोले गये थे। इन कार्यालयों द्वारा क्षेत्रीय निरीक्षण करके स्थल की उपयोगिता की संस्तुति की जाती है, परन्तु जटिल समस्याओं को सुलझाने के लिये इन कार्यालयों के पास कोई जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं है। पर्यावरण के दृष्टिकोण से विकसित किये जाने वाले क्षेत्र में भी अब भू-तकनीकी अन्वेषण कार्य आवश्यक है तथा सभी खनन क्षेत्रों को पर्यावरण की दृष्टि से संभावित क्षति को आंका जाना है। साथ ही साथ भू-स्खलित क्षेत्रों के स्थापित किये जाने हेतु दीर्घकालीन उपाय भी खोजे जाने हैं। इस परिप्रेक्ष्य में यह आवश्यक है कि निदेशालय में कम से कम प्रयोगशाला स्तर पर जांच की सुविधा उपलब्ध हो। अतः भू-अभियांत्रिक परीक्षणों हेतु एक प्रयोगशाला सृजित की जाने की आवश्यकता है। इस हेतु शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 1989-90 में निम्नलिखित उपकरणों को उनके सम्मुख अंकित धनराशि से क्रय करने का प्रस्ताव है। उपर्युक्त कार्य हेतु वर्ष 1989-90 में 2,52,000 रु० का व्यय अनुमानित है। अतः इतनी ही धनराशि की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है।

2---व्यय का विभाजन---

(ख) साज सज्जा/मशीन आदि के स्थूल ब्योरे---

क्रम-संख्या	मद	धनराशि
		रु०
1	राक कटिंग मशीन	50,000
2	आगर	10,000
3	बैलस	5,000
4	सीप शेकर सीप सहित	7,000
5	नीडल पेनीट्रोमीटर	3,000
6	कन्सोल्डोमीटर	10,000
7	डिवाइस कार (लिक्विड लिमिट आफ़ स्वायल)	2,000
8	पोरवाटर पीजोमीटर	15,000
9	कम्पैक्शन इक्वीपमेन्ट	5,000
10	स्टैटिक लोडिंग अपरेट्स	15,000
11	कन्ट्रोल्ड स्ट्रेस टाइप डाइरेक्ट शियर अपरेटस	15,000
12	कन्ट्रोल्ड स्ट्रेन टाइप डाइरेक्ट शियर अपरेटस	15,000
13	ट्राइऐक्सियस शियर कम्प्रेशन चैम्बर	20,000
14	लैबोरेटरी शियर वन	20,000
15	परमिआमीटर	10,000
16	उपरोक्त उपकरणों की फिटिंग आदि	50,000
	योग ..	2,52,000

3---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन---

	(हजार रुपयों में)
2551---पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत---	
60---अन्य पहाड़ी क्षेत्र---	
198---अलौह धातु खनन और धातुकर्म उद्योग---	
03---इंजीनियरिंग जियोलाजी सेल का गठन---	
20---मशीन तथा साज-सज्जा/उपकरण एवं संयंत्र	2,52

पर्वतीय क्षेत्र की चार राजकीय संस्थाओं का उद्योगों के साथ अन्तर्सम्बन्ध

छात्रों को अधिक रोजगार उपलब्ध करने एवं उन्हें औद्योगिक एवं तकनीकी विकास में अग्रसर करने हेतु यह आवश्यक है कि संस्थायें उद्योगों के साथ अन्तर्सम्बन्ध स्थापित करें। इस उद्देश्य से छात्र प्रशिक्षण, छात्रों का विभिन्न उद्योगों में शैक्षिक भ्रमण तथा विभिन्न उद्योगों में कार्यरत विशेषज्ञों द्वारा समय-समय पर लेक्चर एवं दिग्दर्शन सम्मिलित किया गया है। इण्डस्ट्रीज एवं इंस्टीट्यूट में अन्तः सम्बन्ध को सुदृढ़ बनाने हेतु ए० आई० सी० ई० द्वारा निम्नलिखित प्रक्रिया प्रस्तावित की गयी है :

1---औद्योगिक सम्पर्क परिषद् की स्थापना,

2---उद्योगों द्वारा बहुधन्धी संस्था का एडाप्शन;

3---तकनीकी संस्थाओं में विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना;

4---तकनीकी संस्थाओं के विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम तथा पाठ्यचर्चा के निर्माण में सहयोग;

5---सैण्डविच पद्धति पर प्रशिक्षण प्रदान करना।

पालीटेक्निकों के अध्यापकों को तीन मास के लिए गुणात्मक सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत इण्डस्ट्रियल ट्रेनिंग हेतु उद्योगों में भेजा जाता है। इस समय छात्रों के प्रशिक्षण अवधि में उद्योगों में शैक्षिक भ्रमण एवं गेस्ट लेक्चर का कोई प्राविधान नहीं है। अत: पर्वतीय क्षेत्र के राजकीय पालीटेक्निक, द्वाराहाट देहरादून नैनीताल व काशीपुर में इस योजना का उपरोक्त प्रक्रियानुसार चलाने का प्रस्ताव है। यह योजना गुणात्मक सुधार योजना के अन्तर्गत चलायी जानी प्रस्तावित है जो प्रत्येक जिला योजना से अनुमोदित है। इस योजना के कार्यान्वियन हेतु 20,000 रु० प्रति पालीटेक्निक की दर से चार पालीटेक्निकों में उक्त योजना के कार्यान्वियन में वित्तीय वर्ष 1989-90 में कुल 80,000 रु० व्यय अनुमानित है। तदनुसार आय-व्ययक में 80,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551 -पहाड़ी क्षेत्र

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र आयोजनागत--

108--तकनीकी शिक्षा

01--सामान्य बहुधन्धी संस्थायें ( ) संस्थाओं का उद्योगों के साथ अन्तर्सम्बन्ध

33--अन्य व्यय 80

राजकीय बहुधन्धी संस्थाओं में कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जाना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में जीवन स्तर के सुधार एवं आर्थिक उत्पादकता में वृद्धि हेतु कम्प्यूटर के उपयोग, प्रशिक्षित कम्प्यूटर जनशक्ति की बढ़ती हुयी मांग और नगण्य आपूर्ति को ध्यान में रखते हुये शासन द्वारा कम्प्यूटर जनशक्ति की आवश्यकता का आंकलन करते हुये प्रदेश में डिप्लोमा स्तर पर कम्प्यूटर शिक्षा की योजना बनायी गयी है। इस योजना के प्रारम्भ करने के लिये मानव संसाधन विकास मंत्रालय शिक्षा विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 1987-88 में राजकीय पालीटेक्निक गोचर देहरादून, लोहाघाट तथा नैनीताल पालीटेक्निक, नैनीताल के लिय अनावर्तक मद में प्रत्येक संस्था को अलग-अलग 3-3 लाख रु० की धनराशि स्वीकृत की गयी है। भारत सरकार की यह नीति हैं कि सभी पालीटेक्निकों को कम्प्यूटर की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिये जिसके लिये सीधे केन्द्रीय सहायता प्रदान की जायगी। भारत सरकार की उपर्युक्त नीति को दृष्टि में रखते हुए वित्तीय वर्ष 1989-90 में निम्न लिखित संस्थाओं में कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है:--

1--राजकीय पालीटेक्निक, श्रीनगर

2--राजकीय पालीटेक्निक, नरेन्द्रनगर

3--राजकीय पालीटेक्निक, उत्तरकाशी

4--राजकीय पालीटेक्निक, काशीपुर

5--राजकीय पालीटेक्निक, द्वाराहाट

2--राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के अनुसार इस हेतु राज्य सरकार को अनावर्तक मद में 70,000 रु० (अनावर्तक) तथा आवर्तक मद में 1,00,000 रु० का व्यय प्रति संस्था प्रतिवर्ष वहन करना होगा। वित्तीय वर्ष 1989-90 में निम्नलिखित अनावर्तक मदों पर कुल 3,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है जिसका विवरण निम्नलिखित रूप से हैं।

(हजार रुपयों में)

मद	राज्यांश	केन्द्रांश
1--कम्प्यूटर एण्ड लाइब्रेरी	..	3,00
2--फर्नीचर	5	..
3--प्रीपरेशन आफ रूम स्टैब्लाइजर	20	..
4--एयर कंडीशनर	35	..

इस प्रकार 60,000 रु० प्रति संस्था की दर से वित्तीय वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में वर्णित पांचों संस्थाओं हेतु 3,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। धनराशि की स्वीकृति भारत सरकार से सहायता की वचनवद्धता प्राप्त होने के उपरान्त दी जायगी।

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत

80--तकनीकी शिक्षा

01--बहुधंधी संस्थायें राजकीय बहुधंधी संस्थाओं में कम्प्यूटर प्रशिक्षण

20--मशीनें, सज्जा/उपकरण एवं संयंत्र 3,00

जिला सहकारी विकास संघ गोपेश्वर (चमोली) को "इण्डेन" की कुकिंग गैस सिलिन्डर्स की एजेन्सी स्थापना हेतु भूमि क्रय तथा गोदाम निर्माण हेतु अनुदान

जनपद चमोली के स्थान जोशीमठ में म्युनिसिपल एरिया / कैन्ट एरिया तथा निकटवर्ती ग्रामों में घरेलू उपयोग के लिए जलाने की लकड़ी का अभाव है। क्षेत्र के निवासियों को तथा कैन्ट एरिया में रहने वाले सैनिक परिवारों को उनके घरेलू उपयोग ईंधन की कठिनाइयों को दृष्टिगत करते हुए जिला सहकारी विकास संघ लि0, गोपेश्वर द्वारा जोशीमठ में गोदाम का निर्माण कर 'इण्डेन" की कुकिंग गैस सिलिण्डर्स की एजेन्सियों की स्थापना का प्रस्ताव है इस योजना के कार्यान्वियन के लिए जोशीमठ म्युनिसिपैलिटी टाउन एरिया के समीप उपयुक्त स्थान पर भूमि स्थानीय सर्किल रेट्स पर नियमानुसार क्रय की जायेगी। गोदाम का निर्माण "इण्डन" द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार किया जायेगा। इसके लिये वर्ष 1989-90 में 4,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार 4,00,000 रु0 की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन (हजार रुपयों में)

2551-. पहाड़ी क्षेत्र

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र

168--सहकारिता--आयोजनागत

03--सहकारी क्रय-विक्रय योजना

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता (जिला योजना) .. 4,00

ऋण एवं अधिकोषण योजना के अन्तर्गत अशोध्य ऋण को बट्टे खाते में डालने के लिए अनुदान

पर्वतीय क्षेत्र में सहकारी समितियों/जिला सहकारी बैंक, कृषि उत्पादन वृद्धि के लिये वितरण का कार्य करते हैं। इन ऋणों की वसूली निश्चित अवधि में करने का प्राविधान होता है। चूंकि समितियां आर्थिक रूप से इतनी सुदृढ़ नहीं है कि वे अशोध्य ऋण की पूरी धनराशि इस हेतु अर्जित निधि से पूरी कर सकें, अतः इस योजना के कार्यान्वियन के लिये कुल राईट आफ होने वाली धनराशि का 5 प्रतिशत संबंधित समिति द्वारा वहन किया जायेगा अवशेष राशि का 20 प्रतिशत जिला सहकारी बैंक तथा 20 प्रतिशत उ0प्र0 सहकारी बैंक द्वारा वहन किया जावेगा तथा अवशेष भाग शासन द्वारा अनुदान के रूप में वहन किया जायेगा। राईट आफ हेतु सहायता प्राप्त करने से पूर्व विभागीय नियमों के अधीन अशोध्य ऋणों का सत्यापन किया जाता है और इस प्रयोजन हेतु गठित समिति द्वारा सदस्य की वार्षिक क्षमता, दैवीय आपदाओं से फसल नष्ट होने के कारण अथवा अन्य कारणों से भूमि का उपजाऊ न होने के कारण, सदस्य की मृत्यु अथवा उसके वारिसान या जामिनानों का निदान हेतु सक्षम न होने के कारण समीक्षा की जाती है। सदस्य पर उ0प्र0 सहकारी अधिनियम, 1965 की धारा 70 के अन्तर्गत मध्यस्थ की कार्यवाही अमल में लाने और धारा 92 के अन्तर्गत भू-राजस्व के बकाये की भांति अभिनिर्णय निष्पादित करने के उपरान्त भी अथवा धारा 95 (क) के अन्तर्गत वसूली प्रमाण-पत्र जारी कर दिये जाने के पश्चात् भी सदस्य से वसूली संभव नहीं हो पाती है ऐसी राशियों को ही राईट आफ हेतु कार्यवाही में लाया जाता है। वर्ष 1989-90 में जनपद अल्मोड़ा, टिहरी व उत्तरकाशी हेतु क्रमशः 5,00,000 रुपये, 1,50,000 रु0 तथा 50,000 रु0 कुल 7,00,000 रुपये के व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 7,00,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551-पहाड़ी क्षेत्र--

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

168-सहकारिता--

02--सहकारी ऋण एवं अधिकोषण योजना--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 7,00

ऋण एव अधिकोषण योजना के अन्तर्गत अनुसूचि जाति, जनजाति के सदस्यों को मध्यमकालीन ऋण पर ब्याज हेतु सहायता

पर्वतीय क्षेत्र की प्रारम्भिक कृषि ऋण समितियों/दीर्घाकार बहुउद्देशीय सहकारी समितियां अपने अनुसूचित जाति जनजाति के सदस्यों को घरेलू उद्योग धन्धे स्थापित करने हेतु मध्यकालीन ऋण 8 प्रतिशत ब्याज की दर से उपलब्ध कराती हैं। सामान्यतः ब्याज दर 11.15 प्रतिशत है। इस प्रकार समितियां 3.5 प्रतिशत की दर से ब्याज में हानि उठा कर

उक्त निर्बल वर्ग के सदस्यों को उनका जीवन स्तर गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने हेतु हानि वहन करती है। जिस कारण इन समितियों को और अधिक आर्थिक हानि होती है। अतः इन संस्थाओं को हानि से बचाने के उद्देश्य से जनपद पौड़ी, चमोली तथा उत्तरकाशी हेतु क्रमशः 30,000, 20,000 तथा 3,00,000 रुपये कुल 3,50,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 3,50,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551-पहाड़ी क्षेत्र —	(हजार रुपयों में)
60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत—	
168-सहकारिता—	
02-सहकारी ऋण एवं अधिकोषण योजना—	
14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता-(जिला योजना)	3,50

उपभोक्ता योजना के अन्तर्गत पैक्स को उपभोक्ता व्यवसाय हेतु यातायात अनुदान

पर्वतीय क्षेत्र में अधिकांश संस्थायें सुदूर क्षेत्रों में स्थित हैं। पर्वतीय क्षेत्र की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यातायात के साधन अत्यन्त जटिल एवं सीमित हैं, जिससे सहकारी समितियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत जनता को उपभोक्ता वस्तुओं की आपूर्ति करने हेतु वस्तुओं की ढुलाई पर मैदानी क्षेत्र की अपेक्षा अधिक व्यय वहन करना पड़ता है। पर्वतीय क्षेत्र में यातायात के सीमित साधन होने के कारण सामान की घोड़ों आदि द्वारा ढुलाई की जाती है जिसमें समितियों को अधिक व्यय वहन करना पड़ता है। चूंकि सहकारी संस्थायें स्थानीय निवासियों द्वारा कठिन भौगोलिक परिस्थिति एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिये गठित की हैं, अतः हानि होने के बावजूद भी ये संस्थाय सामाजिक सेवा के इस कार्य को चलाने हेतु बाध्य हैं। अतः वर्ष 1989-90 में यातायात अनुदान उपलब्ध कराने में कुल 7,60,000 रु० का व्यय अनुमानित है जिसके लिये आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551—पहाड़ी क्षेत्र	(हजार रुपयों में)
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र	
168—सहकारिता—आयोजनागत	
04—सहकारी उपभोक्ता भंडार की योजना	
14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता (जिला योजना)	7,60

प्रदेश के पर्वतीय अंचलों में धातु-पात्र कुटीर उद्योग के पुनरुद्धार की योजना

अल्मोड़ा जनपद में हरिजन वर्ग की एक विशिष्ट टम्टा जाति है, जो मुख्यतया अल्मोड़ा व उसके आस-पास के क्षेत्र में रहती है और वहीं यह तांबे की घरेलू उपयोगी बर्तन व तांबे की कलात्मक वस्तुयें बनाने का कुटीर उद्योग चलाते हैं। उद्योग विभाग द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार अल्मोड़ा जनपद में वर्तमान में लगभग एक हजार से अधिक इस जाति के कारीगर ताम्रपात्र के घरेलू उद्योग में लगे हुए हैं जो पुराने औजारों से ही तांबे के बर्तन बनाने का कार्य किया करते हैं। वर्तमान में इन कारीगरों के द्वारा बर्तन बनाने की जो प्राचीन प्रक्रिया अपनायी जा रही है, उसके अनुसार उत्पादन कम होने के साथ-साथ परिश्रम भी अधिक करना पड़ता है, जिसके कारण इस कला में लगे कारीगरों द्वारा परिश्रम अधिक किये जाने के उपरान्त भी उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय रहती है। ताम्रपात्र उत्पादन के घरेलू उद्योग में लगे कारीगरों का जीवन स्तर ऊंचा करने के लिए उनके आय के स्रोतों का बढ़ाया जाना अत्यन्त आवश्यक है। आय के स्रोतों को बढ़ाने के लिये निम्नलिखित कार्यक्रम चलाना प्रस्तावित है:

1—कच्चे माल बैंक की योजना	14.64 लाख रु०
2—ताम्र पात्र के उद्योग के कारीगरों को अनुदानित दरों पर उन्नति यन्त्र उपलब्ध कराये जाने की योजना	10.00 लाख रु०
3—प्रशिक्षण/उत्पादन केन्द्र की योजना	17.50 लाख रु०
4—विपणन सहायता	3.50 लाख रु०
योग ..	45.64 लाख रु०

उक्त 45.64 लाख रुपये में निगम की लागत का 2/3 भाग अर्थात् 30 लाख रुपये अनुदान के रूप में दिया जाता है। अतः वर्ष 1989-90 में 30,00,000 रु० (अनावर्तक) का व्यय अनुमानित है। तद्नुसार इतनी ही धनराशि की व्यवस्था 1989-90 के आय-व्ययक में कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—— (हजार रुपयों में)

2551—पहाड़ी-क्षेत्र-आयोजनागत

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र

194—ग्रामोद्योग और लघु उद्योग-प्रदेश के पर्वतीय अंचलों में धातु पात्र कुटीर उद्योग के पुनरुद्धार हेतु योजना

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 30,00

उत्तराखण्ड एवं अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में नैसर्गिक अभिजनन केन्द्रों की स्थापना

पर्वतीय क्षेत्र की विषम भौगोलिक स्थिति के कारण इन क्षेत्रों में जहां पर यातायात की सुविधाओं का अभी अभाव है तथा जहां पर पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान हेतु वांछित सुविधाएं उपलब्ध कराना कठिन है ऐसे स्थानों पर रहने वाले पशु पालकों के पशुओं के उन्नतशील नस्ल के वर्ण संकर प्रजनन योग्य सांड़ो द्वारा प्राकृतिक गर्भाधान की सुविधा जनपद नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, पौड़ी तथा टिहरी गढ़वाल में वर्ष 1989–90 में क्रमशः 3, 5, 4, 4 तथा 3 कुल 19 नये नैसर्गिक अभिजनन केन्द्रों की स्थापना तथा उनके संचालन हेतु 19 सांड़ परिचर के पदों के सृजन किये जाने का प्रस्ताव है इस योजना पर 1989–90 में कुल 2,85,000 रुपये का व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 2,85,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—व्यय का विभाजन

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग

क्रम-संख्या	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या
		रु०	
1	सांड़ परिचर	305–390	19

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन——

2551—पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र

152—पशुपालन

03—पशुधन विकास

0304—उत्तराखण्ड एवं अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में नैसर्गिक अभिजनन केन्द्रों की स्थापना (हजार रुपयों में)

01—वेतन	60
03—महंगाई भत्ता	50
04—यात्रा व्यय	10
05—अन्य भत्ते	10
06—कार्यालय व्यय	8
20—मशीन, और साज-सज्जा, उपकरण आदि संयंत्र	10
32—अंतरिम सहायता	10
33—अन्य व्यय	92
योग ..	2,50

0305—अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान

33—अन्य व्यय	35
कुल योग ..	2,85

दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्गठन योजना के अन्तर्गत टेहरी गढ़वाल जनपद में प्रारम्भिक दुग्ध समितियों को सहायता

जनपद टहरी गढ़वाल उत्तर काशी पौड़ी गढ़वाल तथा चमोली में दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ गठित करके ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों एवं नगर निवासियों को अधिक संख्या में लाभान्वित करने के उद्देश्य से वर्ष 1989-90 में नई दुग्ध पट्टियों का चयन कर 85 प्रारम्भिक दुग्ध समितियों का संगठन किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित दुग्ध समितियों से प्रथम वर्ष 1200 ली0 दुग्ध उपार्जन अनुमानित है। योजना के अन्तर्गत आच्छादित प्रारम्भिक दुग्ध समिति के सदस्यों को दुग्ध गुणों के आधार पर दुग्ध मूल्य भुगतान, तकनीकी निवेश सुविधा तथा संतुलित पशु आहार की सुविधा उपलब्ध, कराना सुनिश्चित किया जायगा जिससे दुग्ध उत्पादकों को सहकारिता के प्रति आस्था उत्पन्न होगी तथा उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। इस योजना पर चालू वित्तीय वर्ष 1989-90 में प्रत्येक जनपद पर 3,66,000 रुपये का व्यय अनुमानित है। तदनुसार आय-व्ययक में 14,64,000 रु0 की व्यवस्था चार जनपदों हेतु कर ली गई है।

2---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन---

				(हजार रुपयों में)
2551---पहाड़ी क्षेत्र---आयोजनागत---				
60---अन्य पहाड़ी क्षेत्र---				
153---डेरी विकास---				
01---डेरी विकास योजना---				
14---सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	..	..	..	14,64

दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्गठन योजना के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़, नैनीताल, देहरादून तथा अल्मोड़ा में प्रारम्भिक दुग्ध समितियों को सहायता

पर्वतीय क्षेत्र के जनपदों पिथौरागढ़, नैनीताल, देहरादून तथा अल्मोड़ा में दुग्ध, उत्पादक सहकारी संघ लि0 द्वारा वतमान समय में 264 प्रारम्भिक दुग्ध समितियों से 12593 ली0 प्रतिदिन दुग्ध उपार्जन किया जा रहा है। ग्रामीण नगर निवासियों ो अधिक संख्या में लाभान्वित करने के उद्देश्य से वर्ष 1989-90 में नयी दुग्ध पट्टियों का चयन कर 100 प्रारम्भिक दुग्ध समितियों का संगठन किये जाने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित दुग्ध समितियों से प्रथम वर्ष 1500 ली0 दुग्ध उपार्जन अनुमानित है। योजना के अन्तर्गत आच्छादित प्रारम्भिक दुग्ध समितियों के सदस्यों को दुग्ध गुणों के आधार पर दुग्ध मूल्य भुगतान, तकनीकी निवेश सुविधा तथा संतुलित पशु आहार की सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायगा जिससे दुग्ध उत्पादकों को सहकारिता के प्रति आस्था उत्पन्न होगी तथा उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी जिसके लिये 18,30,000 रुपये की आवश्यकता है। तदनुसार आय-व्ययक वर्ष 1989-90 में 18,30,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन---

				(हजार रुपयों में)
2551---पहाड़ी क्षेत्र---आयोजनागत---				
60---अन्य पहाड़ी क्षेत्र---				
153---डेरी विकास---				
01---डेरी विकास की योजना---				
14---सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	..	..	..	18,30

स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत दुग्ध समितियों के सदस्यों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने हेतु आर्थिक सहायता

पर्वतीय क्षेत्र नान आपरेशन फ्लड जनपदों [अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, पौड़ी (कोटद्वार) देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी एवं टेहरी] में स्थित सात दुग्ध संघों के 203 दुग्ध समितियों के 430 हरिजन दुग्ध उत्पादक सदस्यों को उनकी गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के उद्देश्य से स्पेशल कम्पोन्ट प्लान के अन्तर्गत वर्ष 1989-90 में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। यह सहायता चारा बीज व उर्वरक पर 50 प्रतिशत अनुदान के रूप में आपातकालीन दुधारु पशु चिकित्सा सेवा निःशुल्क रूप में तथा एफ0 एम0 डी0 टी0 करण निःशुल्क कराया जाना प्रस्तावित है। इस योजना पर चालू वित्तीय वर्ष 1989-90 में 1,76,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार आय-व्ययक में 1,76,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन---

				(हजार रुपयों में)
2551---पहाड़ी क्षेत्र				
60---अन्य पहाड़ी क्षेत्र				
153---डेरी विकास---आयोजनागत				
02---अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के बहुल दुग्ध संघों को सहायता				
14---सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	..	..	..	1,76

स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत क्षेत्र की लालकुआं (नैनीताल) के हरिजन दुग्ध उत्पादक सदस्यों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने हेतु आर्थिक सहायता

आपरेशन फ्लड क्षेत्र के अन्तर्गत पर्वतीय क्षेत्र की लालकुआं (नैनीताल) के 1600 हरिजन दुग्ध उत्पादक सदस्यों को उनकी गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के उद्देश्य से स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत आर्थिक सुविधा उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। इसके अन्तर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर हरा चारा बीज व उर्वरक निःशुल्क आपात कालीन चिकित्सा सेवा निःशुल्क एफ0 एम0 डी0 टीकाकरण है। इस योजना पर चालू वित्तीय वर्ष 1989-90 में 63,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार आय-व्ययक में 63,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

2551—पहाड़ी क्षेत्र—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
153—डेरी विकास आयोजना—	
02—अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के बहुल दुग्ध संघों को सहायता—	
14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	63

स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत लालकुआं सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लि0, लालकुआं (नैनीताल) की हरिजन बहुल दुग्ध समितियों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने हेतु आर्थिक सहायता

विभाग द्वारा लालकुआं सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लि0 लालकुआं (नैनीताल) के अन्तर्गत हरिजन बाहुल्य दुग्ध समितियों को गरीबी रेखा के ऊपर उठाने हेतु अनुदान के रूप में आर्थिक सहायता वर्ष 1989-90 एवं 1990-91 में उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। उपर्युक्त सहायता उपलब्ध हो जाने पर दुग्ध संघ की हरिजन बाहुल्य दुग्ध समितियां जिनमें 51 प्रतिशत या इससे अधिक सदस्य हैं उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा तथा उनके दुग्ध उपार्जन में वृद्धि होगी। इस योजना पर चालू वित्तीय वर्ष 1989-90 में 74,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार 74,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

2551—पहाड़ी क्षेत्र—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
153—डेरी विकास-आयोजनागत—	
02—अनुसूचित जातियों के लिये स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत अनुसूचित जाति बाहुल्य दुग्ध संघों को सहायता—	
14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	74

दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्गठन योजना के अन्तर्गत साइंस एण्ड टेक्नालाजी कम्पोनेन्ट योजना

पर्यावरण को शासन द्वारा अति महत्वपूर्ण विषय मानते हुए प्राथमिकता प्रदान की जा रही है, जिसके अन्तर्गत प्रदेश की दुग्धशालाओं में पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण हेतु विशेष बल दिया जा रहा है। इस क्रम में पर्यावरण के अन्तर्गत दुग्धशाला विकास विभाग की दुग्धशाला देहरादून (पर्वतीय क्षेत्र) में प्रदूषण निवारण हेतु एफलुएन्ट ट्रीटमेन्ट एवं डिस्पोजल प्लान्ट स्थापित करने पर वर्ष 1989-90 में 10,12,000 रु0 व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 10,12,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2551—पहाड़ी क्षेत्र—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
153—डेरी विकास—	
01—डेरी विकास की योजना—	
14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	10,12

वर्तमान दुग्ध संघों की क्षमता का विस्तार एवं आधुनिकीकरण

वर्ष 1987-88 में दुग्ध संघ देहरादून द्वारा देहरादून दुग्धशाला की निर्धारित क्षमता 10,000 ली0 प्रतिदिन से अधिक दुग्ध हैन्डलिंग की गयी है जिससे संस्था को हैन्डलिंग/प्रोसेसिंग कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा दुग्ध संघ अपने व्यवसाय में वृद्धि कर दुग्ध उत्पादकों व नगर उपभोक्ताओं को समुचित लाभ उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं हो पा रहा है इसलिये क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों के आर्थिक विकास के साथ-साथ उपभोक्ताओं को भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप दुग्धशाला का विस्तार किया जाना आवश्यक है। अतः दुग्धशाला प्लान्ट की वर्तमान अधिष्ठापित क्षमता को विस्तार करके इसके संयंत्रों को आधुनिकीकरण किये जाने का प्रस्ताव है जिसके लिये वित्तीय वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 70,72,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2551—पहाड़ी क्षेत्र आयोजनागत—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
153—डेरी विकास—	
01—डेरी विकास की योजना—	
14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	70,72

जनपद देहरादून के भानियावाला स्थान में पौधालय की स्थापना

औद्यानिक विकास को गति प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा स्थापित उद्यानों में विभिन्न प्रकार के रोपण सामग्री उत्पादित कर कृषकों को उपलब्ध कराये जाते हैं ताकि क्षेत्रीय जनता को रोपण सामग्री प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु विकास खण्ड डोईवाला के भानियावाला नामक स्थान पर 6 बीघे का एक पंचायती पौधालय जो जीर्ण अवस्था में पड़ा है तथा जिसे पंचायत द्वारा गत वर्ष पौधालय स्थापना हेतु उद्यान विभाग को 500 रु0 वार्षिक लीज पर 15 वर्ष के लिये दे दिया गया था। जिसकी घेरबाड अस्थाई शेड निर्माण एवं भूमि सुधार करने का प्रस्ताव है जिस पर वर्ष 1989-90 में 35,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 में 35,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2351—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
149—कृषि कार्य—	
02—उद्यान एवं फलोपयोग—	
(–) भानियावाला, देहरादून में पौधालय की स्थापना—	
2—मजदूरी	15
25—माल एवं सम्पूर्ति	16
33—अन्य व्यय	4
योग ..	35

देहरादून जनपद में आम और लीची फल पट्टी का विकास

जनपद देहरादून में आम और लीची का उत्पादन अच्छी प्रकार किया जा सकता है। अतः लखनऊ के मलिहाबाद में आम फल पट्टी की तरह इस जनपद में आम व लीची का उत्पादन किया जा सकता है। अतः डोईवाला विकास खण्ड के डोईवाला से कालसी तक रोड के दोनों तरफ तीन कि0 मी0 क्षेत्र में फल पट्टी स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। अनुमानित सर्वेक्षण के अनुसार प्रस्तावित फल पट्टी की लम्बाई 50 कि0मी0 एवं क्षेत्रफल 1,000 हेक्टेयर होगा। इस क्षेत्र में एक लाख आम व लीची के पौधों का रोपण किया जायेगा। जिसमें प्रथम वर्ष में लगभग 1,08,000 पौधों का रोपण किया जायेगा। जिससे पांचवें वर्ष से आम और लीची का उत्पादन प्रारम्भ हो जायेगा। अतः और मातृ वृक्ष भी पौधों के प्रसारण के लिए तैयार हो जायेगा जिससे प्रसारित पौधे क्षेत्र में वितरित किये जायेंगे तथा तीसरे वर्ष कृषकों से शर्तनामा के अनुसार 50 प्रतिशत वसूल किया जायेगा। इस प्रयोजन हेतु वर्ष 1989-90 में 23,75,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 में 23,75,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
149—कृषि कार्य—	
02—उद्यान कर्म एवं फल उपयोग—	
(–) देहरादून जनपद में आम, लीची फल पट्टी का विकास—	
25—माल एवं सम्पूर्ति	4,25
33—अन्य व्यय	19,50
योग ..	23,75

फल उत्पादक क्षेत्रों में यातायात की सुविधा हेतु रोप वे का निर्माण

जनपद चमोली में विकास खण्ड जोशीमठ के अन्तर्गत उर्गम क्षेत्र दूरस्थ स्थान है, जो कि मोटर रोड से 10 कि0 मी0 की दूरी पर अलकनन्दा के दूसरी ओर स्थित है। इस क्षेत्र में फल, आलू, सब्जी, राजमा का उत्पादन बहुतायत में होता है तथा भविष्य में इनके उत्पादन में वर्षवार वृद्धि होने की संभावनायें हैं। उर्गम में यातायात का साधन न होने के कारण उत्पादकों को अपनी फसलों को बाजार में लाने एवं विक्रय में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा वहां की जनता कई वर्षों से हेलन्ग जो कि मोटर मार्ग पर स्थित है से उर्गम तक रज्जु मार्ग के निर्माण की मांग करती आ रही है। यातायात के साधन उपलब्ध न होने के कारण कृषकों को उनके उत्पादन का उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी प्रकार की स्थिति अनुसूइया से अनुसूइया गेट तथा छेजूड़ा से नारायण बगड़ में भी है। अत: वर्ष 1989–90 में इन स्थानों पर तीन रज्जु मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव है। इस प्रयोजन हेतु वर्ष 1989–90 में 90,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 90,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
149—कृषि कार्य—	
02—उद्यान कर्म एवं फलोपयोग—	
(–) फल उत्पादक क्षेत्रों में यातायात की सुविधा हेतु रोप वे का निर्माण—	
19—लघु निर्माण	90

औद्यानिक एवं सहयोगी उद्यानों के विकास हेतु फल पौध रोपण एवं सब्जी का विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत शीतोष्ण एवं समशीतोष्ण फल पौध एवं सब्जी विकास की योजना

क्षेत्रीय कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से मोटर मार्गों के समीप निजी क्षेत्रों में व्यक्तिगत लघु उद्यानों की स्थापना सम्बन्धी विकास करने का प्रस्ताव है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 1989–90 में 150 हेक्टयर निजी क्षेत्र में चयनित 100 ग्रामों के 1,500 परिवारों में फल पौध रोपण एवं सब्जी विकास किया जायगा। उत्तरकाशी जनपद म पांच हजार फिट के नीचे के क्षेत्रों में तथा 5,000 फिट के ऊपर के क्षेत्रों में उद्यानों की स्थापना की अत्यधिक सम्भावना है। जनपद में आने वाले तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों को फल एवं बेमौसमी सब्जियां उपलब्ध हो सकेंगी। इस हेतु वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में 6,89,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में 6,89,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीषकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत—	
60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—	
149—कृषि कार्य—	
(–) जनपद उत्तरकाशी में शीतोष्ण एवं सम-शीतोष्ण फल, पौध एवं सब्जी विकास की योजना	
20—मशीन, सज्जा, उपकरण	4,97
25—माल सम्पत्ति	1,92
योग ..	6,89

जनपद पौड़ी के निजी उद्यानपतियों को पौधशाला स्थापना करने के लिए प्रोत्साहित करन की योजना

पर्वतीय जिलों की जलवायु कृषि की अपेक्षा औद्यानिक कार्यक्रमों के लिए अधिक उपयुक्त है जिससे यहां के काश्तकारों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जा सकता है। यहां पर निजी पौधशालाओं के न होने से काश्तकारों को राजकीय पौधशालाओं में उत्पादित पौधों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। राजकीय पौधशालाओं की उत्पादन क्षमता पौधों की मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त नहीं है अत: चयनित कृषकों को व्यवहारिक ज्ञान देकर इस कार्य में प्रगति लाई जा सकती है। योजना के अन्तर्गत जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड के एक ऐसे कृषक का चयन किया जायगा जो औद्यानिक कार्यों में रुचि रखता हो तथा जिसके पास एक हेक्टेयर भूमि उपलब्ध हो। वर्ष 1989–90 में इस कार्य पर 55,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989–90 में 55,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी--क्षेत्र--

149--कृषि कार्य--

02--उद्यान एवं कर्म फलोपयोग---

(–) जनपद पौड़ी के निजी उद्यान पतियों के पौधशाला स्थापना करने के लिए प्रोत्साहित करने की योजना--

19--लघु निर्माण	25
20--मशीनें और सज्जा / उपकरण और संयंत्र	30
योग ..	55

देहरादून जनपद में नगदी औद्यानिक फसलों की खेती

देहरादून जनपद के चकराता तहसील के जौनसार भावर के मुख्यत: चौसाल, अटालसज, कानूडोईभरम, हनौल, कतरा एवं आंशिक मेकटग जीटाड आदि क्षेत्रों में लगभग 7 एकड़ क्षेत्र में पोश्त का अवैध रूप से उत्पादन को रोकने हेतु यह प्रस्तावित है कि समानान्तर आय देने वाली औद्यानिक फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाय। अत: यदि उपयुक्त स्थानों पर फूलगोभी का बीजोत्पादन तथा लहसुन आदि की खेती की जाय तो कृषकों को समानान्तर आय के वैकल्पिक साधन प्राप्त हो जायेंगे। प्रारम्भिक स्तर पर उत्पादकों को इसकी खेती के लिये प्रेरित करने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण एवं कम दरों पर बीज एवं धनराशि उपलब्ध करना आवश्यक है ताकि लोग आवश्यक सामग्री के क्रय एवं पौध सुरक्षा कार्य पर व्यय वहन कर सकें एवं पोश्त की खेती को छोड़ने के लिए सहमत हो जाएं। लहसुन की खेती से लगभग दुगुना लाभ अर्जित किया जा सकता है। वर्ष 1989-90 में 200 कुन्तल बीज के 40 हेक्टेयर में लहसुन की खेती प्रस्तावित है। इस प्रयोजन हेतु वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 2,20,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 में 2,20,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

149--कृषि कार्य--

(–) देहरादून जनपद में नगदी औद्यानिक फसलों की खेती--

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता	2,20

जनपद-देहरादून में लीची विकास की योजना

विगत कुछ वर्षों में आवासीय भवनों के निर्माण एवं औद्योगीकरण के कारण प्रसिद्ध लीची उद्यानों का शनै: शनै: विनाश होता जा रहा है। अत: यह आवश्यक है कि लीची के उद्यानों में आई कमी को पूरा करने के लिए लीची के उद्यानों को पुन: स्थापित किया जाए। प्रस्ताव है कि उद्यानों की स्थापना सड़कों के किनारे स्थित ग्रामीण क्षेत्रों में की जाए। प्रति एकड़ लीची उद्यान लगाने में प्रथम वर्ष में अनुमानत: 6,900 रु० का व्यय आता है। बाद में इनके अनुरक्षण पर 400-700 रु० के बीच वार्षिक व्यय होता है। 10 वर्ष के पश्चात् लीची के वृक्ष फलोत्पादन की क्षमता में आते हैं और औसतन 5-6 मैट्रीक टन लीची का उत्पादन होता है। लीची उद्यान स्थापित करने के लिए कृषकों को प्रोत्साहन दिया जाना अनिवार्य है। कृषक कम से कम 20 पौध उद्यान (1/2 एकड़ में) स्थापित करेंगे। उनको पौधों का मूल्य एवं रोपण पर आने वाले व्यय का 50 प्रतिशत राज्य सहायता के रूप में दिया जायगा। इस प्रयोजन हेतु वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,50,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 में नई मांग में 1,50,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551--पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

149--कृषि कार्य--

(–..)जनपद देहरादून में लीची विकास की योजना--

02--उद्यान कर्म एवं फलोपयोग--

14--सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता	1,50

जनपद देहरादून के राजकीय उद्यानों में मसाला विकास की योजना

देहरादून जनपद की भौगोलिक परिस्थितियां कई प्रकार के मसाला के उत्पादन के लिए उपयुक्त हैं, जिसमें अदरख, लहसुन व बड़ी इलायची उल्लेखनीय हैं। इन मसालों के उद्यानों में नकदी फ़सल के रूप में उत्पादन किया जा सकता है। अदरख एवं लहसुन का उत्पादन 10 गुना तक (प्रति हेक्टेयर) 65 हजार रुपये तक होता है एवं उत्पादक को व्यय की तुलना में तीन गुना तक लाभ मिल सकता है। इसके अतिरिक्त उद्यान के क्षेत्र का अधिक से अधिक सदुपयोग करके उसी उद्यान से फ़लों के अतिरिक्त मसालों से भी आय प्राप्त की जा सकती है। वर्तमान में इन फ़सलों का जनपद में सीमित उत्पादन हो रहा है जिसे बढ़ाने हेतु राजकीय उद्यानों का उपयोग किया जा सकता है। अतः इस प्रयोजन हेतु वर्ष 1989-90 में 48,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 में 48,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत (हजार रुपयों में)

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

149—कृषि कार्य—

02—उद्यान कर्म एवं फ़लोपयोग—

(—) जनपद देहरादून के राजकीय उद्यानों में मसाला विकास की योजना—

02—मजदूरी	10
25—माल एवं सम्पूर्ति	37
33—अन्य व्यय	1
योग ..	48

जिला उद्यान कार्यालय अल्मोड़ा हेतु एक इलेक्ट्रानिक फ़ोटो स्टेट मशीन का क्रय

औद्योगिक विकास एवं इससे उत्पादन तथा उत्पादकता में वृद्धि लाने के लिए नवीनतम विकसित औद्योगिक तकनीक को आम काश्तकार तक पहुंचा कर कार्यान्वित करवाना तथा प्रशिक्षण प्रदर्शन एवं प्रचार में तकनीकी साहित्य को शीघ्रातिशीघ्र छपवाने हेतु जिला उद्यान कार्यालय, अल्मोड़ा के लिए एक इलेक्ट्रो फ़ोटोस्टेट मशीन की आवश्यकता है। जिस पर वर्ष 1989-90 में 1,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2551—पहाड़ी क्षेत्र—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

60—अन्य पहाड़ी क्षेत्र—

149—कृषि कार्य—

02—उद्यान कर्म एवं फ़लोपयोग—

(—)जिला उद्यान कार्यालय, अल्मोड़ा हेतु एक इलक्ट्रोनिक मशीन फ़ोटो स्टेट मशीन का क्रय—

02—मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र 1,00

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में जड़ी-बूटी शोध एवं विकास संस्थान की स्थापना

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में जड़ी-बूटियों का प्रचुर भंडार उपलब्ध है जो यथेष्ट कृषिकरण, एवं विदोहन न होने के कारण विलुप्त होती जा रही है। इन जड़ी-बूटियों के कृषिकरण, संग्रहण, विपणन एवं औषधि निर्माण आदि कार्यों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से एक जड़ी-बूटी शोध एवं विकास संस्थान की स्थापना का निर्णय लिया गया है। प्रस्तावित संस्थान की रूप-रेखा, आस्थान आदि के विषय में एक परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है। संप्रति चमोली, पौड़ी एवं अल्मोड़ा जनपदों में उक्त संस्थान के मुख्यावास एवं शाखाओं की स्थापना के प्रस्ताव विचाराधीन हैं। इस निमित्त एक उप समिति भी गठित है, जो प्रस्तावित संस्थान के मुख्यावास एवं शाखाओं के आस्थान एवं रूप-रेखा आदि के विषय में अपनी संस्तुतियां शीघ्र प्रस्तुत करेगी। प्रस्तावित शोध एवं विकास संस्थान के मुख्यावास एवं शाखाओं के स्थान के विषय के निर्णय लेते समय निर्माण स्थल की सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशीलता, जलापूर्ति, जड़ी-बूटियों के भंडार, आवागमन के साधनों की सुलभता एवं अन्य अवस्थापना संबन्धी सुविधाओं की उपलब्धता आदि का विशेष ध्यान रखा जायेगा। उपसमिति की संस्तुतियों के आधार पर प्रस्तावित संस्थान की स्थापना के विषय में शीघ्र ही अंतिम निर्णय लिया जाना है। 1989-90 में नयी मांगों के प्रस्ताव द्वारा इस संस्थान की स्थापना हेतु 1,00,000 रु० का तदर्थ प्राविधान प्रस्तावित है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551-पहाड़ी क्षेत्र--
60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र ..
168-सहकारिता-आयोजनागत-
(-) प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में जड़ी-बूटी शोध एवं विकास संस्थान की स्थापना--
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 1,00

पर्वतीय क्षेत्र के औद्यानिक विकास हेतु औद्योगिक विकास परिषद् का गठन

पर्वतीय क्षेत्र के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के निमित्त पर्वतीय क्षेत्र में उत्पादित फलों एवं सब्जियों के विपणन की पर्याप्त व्यवस्था सुनियोजित करना आवश्यक है। पर्वतीय क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिये एक सम्यक्पूर्ण परियोजना संरचित की गयी है जिसमें फलों एवं सब्जियों को विपणन की व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुनियोजित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पर्वतीय औद्यानिक विकास परिषद् के गठन की संस्तुति की गयी है। जिसे सैद्धांतिक रूप से स्वीकार भी कर लिया गया है। प्रस्तावित औद्यानिक विकास परिषद् फलों एवं सब्जियों के विपणन केन्द्रों राज मार्गों, ग्रेडिंग एवं पैकिंग केन्द्रों, ट्रान्शिपमेन्ट केन्द्रों एवं प्रोसेसिंग इकाई की स्थापना आदि कार्य सम्पन्न करायेगी। प्रश्नगत परियोजना को विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित किया जाना प्रस्तावित है तथा यह अगले वित्तीय वर्ष में कार्यान्वित होगी। प्रश्नगत औद्यानिक विकास परिषद् की स्थापना के निमित्त 1,00,000 रुपये का तदर्थ प्राविधान प्रस्तावित है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551-पहाड़ी क्षेत्र--
60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--
149-कृषि कार्य
02--उद्यान कर्म फलोपयोग---
(-) पर्वतीय क्षेत्रों के औद्यानिक विकास हेतु औद्यानिक विकास परिषद् का गठन .. 1,00

पर्वतीय क्षेत्र की जनजातियों की छात्राओं के लिये जूनियर बेसिक विद्यालयों के शाखा विद्यालय खोला जाना

पर्वतीय क्षेत्र में वर्तमान में जो मिश्रित जूनियर बेसिक स्कूल प्रतिवर्ष स्थापित किये जाते हैं, उनके अन्तर्गत जनजातियों के बाहुल्य वाले क्षेत्रों के लिये स्कूलों की संख्या आरक्षित कर दी जाती है। इन जातियों के छात्र उनके क्षेत्र में स्थापित मिश्रित जूनियर बेसिक स्कूलों में यद्यपि शिक्षा अध्ययन करते हैं, किन्तु व्यवहारिक दृष्टि से यह अनुभव किया गया है कि इन जातियों की छात्रायें मिश्रित जूनियर बेसिक स्कूलों में दूसरी कक्षा से आगे नहीं बढ़ पाती हैं क्योंकि व्यय के साथ, उनमें, मिश्रित स्कूल होने के कारण, असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो जाती है। अतः इन जनजातियों के बाहुल्य वाले क्षेत्रों में एक-एक शाखा विद्यालय छात्राओं के लिये खोले जाने का प्रस्ताव है। इस प्रयोजन हेतु कुल 3,00,000 रु० की आवश्यकता होगी जिसके लिये आय-व्ययक 1989--90 में आवश्यक व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र---
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--
102--प्राथमिक शिक्षा---
03-अशासकीय प्राथमिक विद्यालयों को सहायता---
नई इकाई-पर्वतीय क्षेत्र की जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में छात्राओं के लिये मिश्रित जूनियर बेसिक स्कूलों के शाखा विद्यालय खोलने हेतु अनुदान---
14---सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 3,00

पर्वतीय क्षेत्र में पर्यावरणीय शिक्षा कार्यक्रम का सुदृढ़ीकरण

इस क्षेत्र में पर्यावरणीय शिक्षा के प्रचलित पाठ्यक्रम और पाठ्य-पुस्तकों की संरचना की जा रही है। यह सामग्री कक्षा 1 से लेकर कक्षा--10 तक के लिये तैयार किया जाना प्रस्तावित है। यह प्रतीत किया गया है कि मात्र पाठ्यक्रम और पाठ्य-पुस्तकों की संरचना से क्षेत्र के छात्र समुदाय और जनसमुदाय को पर्यावरणीय ज्ञान एवं जागरूकता नहीं प्राप्त होगा, जब तक कि इस शिक्षा को व्यवहारिक रूप देकर छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान कराये जाने हेतु जनसमुदाय से सम्बद्ध न कराया जाय तथा तैयार किये गये पाठ्यक्रमों की शिक्षा देने हेतु अध्यापकों को भी समुचित व्यवहारिक ज्ञान एवं प्रशिक्षण न कराया जाय। इस उद्देश्य से प्रस्तावित है कि इस शिक्षा कार्यक्रम को व्यापक बनाया जाय। इसके लिये वित्तीय वर्ष 1989-90 में 1,000 रु० की प्रतीक मांग प्रस्तुत है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त की जायगी। जिसके लिये वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में आवश्यक व्यवस्था करा ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2551-पहाड़ी क्षेत्र-- (हजार रुपयों में)

60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

103-माध्यमिक शिक्षा---

01-माध्यमिक विद्यालय--पर्वतीय क्षेत्र में पर्यावरणीय शिक्षा कार्यक्रम का सुदृढ़ीकरण 1

पर्वतीय क्षेत्र में पर्यावरण सुरक्षा एवं पर्यटन विकास को बढ़ावा देने हेतु पर्वतीय विकास विभाग के अधीन कुमायूं एवं गढ़वाल मण्डल में एक-एक क्षेत्रीय विकास अभिकरण की स्थापना

पर्वतीय क्षेत्र में वनों के कटान, बाढ़ व भूस्खलन आदि से पर्वतीय क्षेत्र के पर्यावरण का दिन प्रतिदिन ह्रास होता जा रहा है तथा पर्वतीय क्षेत्र में जाने वाले पर्यटकों को स्थानीय स्तर पर आवश्यक सुविधायें उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जिसके कारण पर्यटन विकास को हानि हो रही है। उपरोक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये तथा विकास कार्यों में तेजी लाने एवं पर्यावरण की सुरक्षा हेतु यह नितान्त आवश्यक हो गया है कि इन कार्यों को मण्डल स्तर पर समन्वय एवं अनुसरण करने हेतु कुमायूं एवं गढ़वाल मण्डल में एक-एक क्षेत्रीय विकास अभिकरण की स्थापना की जाय। क्षेत्रीय विकास अभिकरण की स्थापना को अंतिम रूप परीक्षणोपरान्त बाद में दिया जायेगा। फिलहाल दोनों मण्डलों में एक-एक क्षेत्रीय विकास अभिकरण की स्थापना करने हेतु एक-एक लाख रुपये अर्थात् कुल 2,00,000 रु० की तदर्थ व्यवस्था सम्मिलित कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन---

2551-पहाड़ी क्षेत्र-- (हजार रुपयों में)

60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

176-सामुदायिक विकास--अन्य ग्रामीण विकास--

17--पर्वतीय विकास विभाग के अधीन कुमायूं एवं गढ़वाल मण्डल में क्षेत्रीय विकास अभिकरण की स्थापना---

(1) कुमायूं 100

(2) गढ़वाल 100

योग- 2,00

सामुदायिक दर्शन केन्द्र की स्थापना

वर्तमान समय में जनजाति क्षेत्रों में जनजाति लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप समाचारों के श्रवण एवं दूरदर्शन के कार्यक्रमों के देखने की सामूहिक व्यवस्था नहीं है। परिणामस्वरूप सामाजिक, आर्थिक एवं वैज्ञानिक क्षेत्रों में हो रही प्रगति का जनजाति लोगों को ज्ञान नहीं हो पा रहा है। अतः इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु पर्वतीय क्षेत्र के जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों/विकास खण्डों में पांच स्थानों पर सामुदायिक दर्शन केन्द्र स्थापित किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। प्रति केन्द्र रुपया 20 हजार की दर से आगामी वित्तीय वर्ष 1989-90 में रुपया 1.00 लाख की आवश्यकता है। तदनुसार रुपया 1,00,000 की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन--- (हजार रुपयों में)

2551-पहाड़ी क्षेत्र--

60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

132-अनुसूचित जनजातियों का कल्याण---

13-एकीकृत जनजाति विकास परियोजनाओं का कार्यान्वयन-सामुदायिक दर्शन-केन्द्रों की स्थापना 1,00

पर्वतीय क्षेत्र की यात्रा व्यवस्था

पर्वतीय क्षेत्र के गढ़वाल एवं कुमायूं मण्डलों में महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों जैसे श्री बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री तथा कैलाश मानसरोवर तीर्थों की यात्रा हेतु पर्याप्त संख्या में ग्रीष्म ऋतु में यात्री/पर्यटक जाते हैं जिसके फलस्वरूप यात्रा मार्गों पर अत्याधिक भीड़-भाड़ हो जाती है तथा यात्रा मार्गों के अवरुद्ध हो जाने पर आवास, भोजन, परिवहन एवं पेयजल आदि की कमी हो जाती है जिससे निपटने के लिये स्थानीय प्रशासन का अत्यधिक श्रम एवं समय लगता है। अतः यात्रा सीजन में व्यवस्था हेतु एक पृथक से यात्रा प्रशासन संगठन की आवश्यकता है। जो कि यात्रियों की उपरोक्त समस्याओं का समाधान कर सके। इसके लिये वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,00,000 रु० की तदर्थ व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551-पहाड़ी क्षेत्र-

60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

218-पर्यटन-

06-पर्वतीय क्षेत्र की यात्रा-व्यवस्था--

33--अन्य व्यय 1,00

निजी क्षेत्र में पर्यटन विकास हेतु मूलभूत सुविधाओं का उपलब्ध कराया जाना

पर्वतीय क्षेत्र में पर्यटन के विकास में यात्रियों एवं पर्यटकों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराये जाने में निजी क्षेत्र के उद्यमी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं किन्तु निजी क्षेत्र में कतिपय व्यवहारिक कठिनाइयों का अनुभव किया जा रहा है। यातायात की सुविधा, मार्ग एवं पेयजल की सुविधा तथा विद्युत आपूर्ति आदि की सुविधा निजी क्षेत्र के उद्यमियों को आसानी से सुलभ नहीं हो पाती है। अतः पर्यटन विकास के उद्देश्य की पूर्ति हेतु निजी क्षेत्र के उद्यमियों को यात्रियों तथा पर्यटकों को आवासीय व्यवस्था सुलभ कराने हेतु प्रोत्साहित करने के लिये गढ़वाल व कुमायूं मण्डल विकास निगमों के माध्यम से उपरोक्त मूलभूत ढांचा बतौर सहायता के प्रदान किया जाना है ताकि इस दिशा में निजी क्षेत्र के उद्यमी अपना सहयोग दे सकें। उक्त मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु वित्तीय वर्ष 1989-90 में 1,00,000 रु० की तदर्थ व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551-पहाड़ी क्षेत्र- आयोजनागत-

60- अन्य पहाड़ी क्षेत्र-

218-पर्यटन-

07-निजी क्षेत्र में मूलभूत सुविधायें पर्यटन विकास हेतु उपलब्ध कराया जाना--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 1,00

पर्वतीय क्षेत्र के नगरों की जलोत्सारण योजनाओं के लिए वाह्य स्रोतों से धन की व्यवस्था

पर्वतीय क्षेत्र के नगर नैनीताल/अल्मोड़ा, हल्द्वानी तथा काशीपुर के लिये जल निगम द्वारा स्वच्छता व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से जलोत्सारण योजनायें बनाई गयी थी और उन्हें राज्य नियोजन संस्थान के अनुमोदनोपरान्त नगर विकास विभाग द्वारा भारत सरकार को बाह्य सहायता स्वीकृति के लिये भेजा जा चुका है जिनकी स्वीकृति 1989-90 में प्राप्त होने की संभावना है। भारत सरकार की स्वीकृति के उपरान्त धनराशि जल निगम की योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये राज्य सरकार को उपलब्ध कराया जाना होगा। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,00,0000 की व्यवस्था कर ली गयी है योजना की वित्तीय स्वीकृति भारत सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों पर विस्तृत परीक्षणोपरान्त ही दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:-- (हजार रुपयों में)

2551-पहाड़ी क्षेत्र-60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

118-जल पूर्ति एवं सफाई--

01-जल निगम को अनुदान--

106-पर्वतीय जिलों की बाह्य सहायता से पोषित पेयजल तथा जलोत्सारण योजनाओं के लिये वित्तीय सहायता--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 1,00

पर्वतीय क्षेत्र की पेयजल योजनाओं के लिए धन की व्यवस्था

पर्वतीय क्षेत्र में अब तक गुरुत्व प्रणाली के अन्तर्गत पेयजल योजनायें कार्यान्वित की जा रही हैं। परन्तु यह अनुभव किया गया है कि इन योजनाओं के माध्यम से जितने समस्याग्रस्त ग्राम बचे हैं उनको लाभान्वित करना सम्भव नहीं होगा। क्योंकि गुरुत्व श्रोत पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है एवं पम्पिंग योजनायें अत्यन्त खर्चीली हो गयी हैं। इस परिदृश्य में नेशनल टेकनालोजी मिशन की संस्तुतियों के आधार पर यह प्रस्तावित है कि वर्ष 1989-90 में पर्वतीय क्षेत्रों में पेय जल आपूर्ति के लिये गैर पारम्परिक (नान कन्वेन्शनल) तकनीकी को अपना कर जलापूर्ति हेतु अधिक से अधिक समस्याग्रस्त ग्रामों को सुविधा उपलब्ध कराई जायगी। रेन हारवेस्टिंग सिद्धान्त के अन्तर्गत जलाशयों के निर्माण, चक डैम बनाना तथा भूमिगत जल को ट्यूबवेल अथवा हैंन्डपम्प द्वारा उपलब्ध करने का प्रयास किया जायेगा। सम्यक सर्वे के आधार पर इन योजनाओं के अन्तर्गत समस्याग्रस्त ग्रामों के लिये परियोजनाओं की संरचना की जा रही हैं जो अगले वित्तीय वर्ष में कार्यान्वित की जायेंगी। प्रस्तावित योजनाओं के लिये वर्ष 1989-90 में वित्तीय स्वीकृति अपेक्षित हैं। तदनुसार 1,00,000 रुपये की तदर्थ व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति निर्धारित शर्तों पर परीक्षणोपरान्त ही दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551-पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

118-जल पूर्ति एवं सफाई--

01-जल निगम को अनुदान--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता--

0102--पर्वतीय जिलों की पेयजल तथा जलोत्सारण योजनायें" 1,00

कुमायूं एवं गढ़वाल मंडलों में स्थापित पालीटेकनिक में एक-एक महिला छात्रावास की स्थापना

पर्वतीय क्षेत्र में स्थापित बहुधंधी संस्थाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला प्रशिक्षणार्थियों जो कि दूर दराज क्षेत्रों से प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आती हैं की आवासीय समस्या को दृष्टिगत रखते हुये यह प्रस्तावित है कि पर्वतीय क्षेत्र के कुमायूं एवं गढ़वाल मंडलों में एक-एक स्थान पर एक-एक महिला छात्रावास की स्थापना की जाय जिससे तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में महिलाओं के रुझान को बढ़ाया जा सके। योजना की विस्तृत रूपरेखा बाद में प्राप्त कर परीक्षणोपरान्त स्वीकृति दी जायगी। चूंकि योजना हेतु विस्तृत आगणन आदि प्राप्त नहीं हैं अतः इस हेतु वित्तीय वर्ष 1989-90 में 1,000 रु० की प्रतीक मांग प्रस्तुत की जा रही है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551-पहाड़ी क्षेत्र-

60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत--

108-तकनीकी शिक्षा-

01-सामान्य बहुधंधी संस्थायें-कुमायूं एवं गढ़वाल मंडलों में स्थापित पालीटेकनिकों में महिला प्रशिक्षणार्थियों के लिये एक-एक महिला छात्रावास की स्थापना .. 1

प्रदेश के पर्वतीय जनपदों में जिला सेक्टर विकास योजनाओं के लिए एक मुश्त प्राविधान

लोक महत्व के ऐसे स्थानीय कार्यों के लिये जिनको तुरन्त प्रारम्भ किया जाना जनपद की तत्कालिक आवश्यकता के लिये अपरिहार्य हैं और जिनकी पूर्ति करने के लिय जिला योजना में प्राविधान नहीं है, को तत्काल प्रारम्भ करने हेतु पर्वतीय विकास से संबंधित उप-योजना के अन्तर्गत एक मुश्त प्राविधान किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रकार के एक मुश्त प्राविधान के अन्तर्गत वार्षिक योजना के अन्तर्गत जिला सेक्टर पर होने वाले व्यय की 5 प्रतिशत धनराशि उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। सम्प्रति वर्ष 1989-90 के लिये केवल 20 लाख रुपया प्रति जनपद के हिसाब से पर्वतीय क्षेत्र के आठों जनपद के लिये 1,60,00,000 रु० की धनराशि प्रस्तावित है। प्रस्तावित एकमुश्त प्राविधान के लिये वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 1,60,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति निर्धारित शर्तों पर परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2551-पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--

217-सचिवालय-आर्थिक सवायें-

02-जिला योजनाओं के लिये एकमुश्त प्राविधान .. 1,60,00

पर्वतीय क्षेत्र में सहकारी समितियों का पुनर्वासन

वर्ष 1987 में जब पूर्ण रूप से के० ओ० आई० सेक्टर का संचालन बोर्ड को दिया गया तो उस समय औद्योगिक सहकारी क्षेत्र में कुल 6041 समितियां गठित थी जिनमें से खादी ग्रामोद्योग की कुल 3161 समितियों में मात्र 632 ही समितियां कार्यरत थी तथा 2529 समितियां मृत अथवा शिथिल थी। इस मामले में पर्वतीय क्षेत्र में भी स्थिति काफी विषम है। कुल पंजीकृत सहकारी समितियां 344 हैं जिसमें से मात्र 138 समितियां ही कार्यरत हैं तथा 206 समितियां कार्य नहीं कर रही हैं। जिनमें से 97 बोनार सहकारी समितियों का वर्ष 1989-90 में पुनर्वासन किया जाना

हैं। खादी बोर्ड की रिव्यू कमेटी की अनुशंसा के अनुसार उक्त 97 समितियों के पुनर्वासन हेतु वर्ष 1989-90 के लिये निम्नलिखित कार्य प्रस्तावित हैं :--

	(रुपयों में)
1--पुनर्जीवीकरण खण्ड सर्वे हेतु	38,800
2--हिस्सा पूंजी ऋण	1,09,125
3--व्यवस्था अनुदान	2,91,000
योग ..	4,38,925

अतः वर्ष 1989-90 में बीमार सहकारी समितियों के पुनर्वासन हेतु 3,30,000 रु० आवर्तक और 1,09,000 रु० अर्थात् कुल 4,39,000 रुपये की आवश्यकता है। तद्नुसार इतनी ही धनराशि की व्यवस्था वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:-- (हजार रुपयों में)

2551--पहाड़ी क्षेत्र--आयोजनागत--	
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--	
194--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--	
( ) सहकारी समितियों का पुनर्वासन--	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज्य सहायता	3,30
6551--पहाड़ी क्षेत्रों के लिये उधार--आयोजनागत--	
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--	
164--ग्रामोद्योग और लघु उद्योग--	
( ) सहकारी समितियों का पुनर्वासन--	
09--खादी तथा ग्रामोद्योग परिषद को ऋण--	
24--निवेश/ऋण	1,09
.. .. योग ..	4,39

राजकीय प्रजनन उद्यान, शीतलाखेत में कार्यालय एवं गोदाम भवन तथा आवासीय भवनों का निर्माण

राजकीय प्रजनन उद्यान, शीतलाखेत में कार्यालय एवं स्टोर भवन, टाइप-2 के दो- तथा टाइप-3 का एक भवन के निर्माण कार्य करवाने हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग, अल्मोड़ा से 7,49,400 रु० का आगणन प्राप्त हुआ है। इस कार्य को वर्ष 1989-90 में सम्पन्न करवाने का प्रस्ताव है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय व्ययक में 7,49,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

	(हजार रुपयों में)
4551--पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी परिव्यय--	
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--	
142--कृषि कार्य--	
(-) राजकीय प्रजनन उद्यान, शीतलाखेत में कार्यालय तथा गोदाम भवन तथा आवासीय भवनों का निर्माण--	
18--वृहत् निर्माण	7,49

राजकीय सब्जी शोध केन्द्र, मटेला, जनपद अल्मोड़ा में आवास निर्माण

राजकीय सब्जी शोध केन्द्र, मटेला (अल्मोड़ा) में टाइप-एक के चार भवनों की नितान्त आवश्यकता है। आवासीय भवनों के अभाव में उक्त केन्द्र के उत्पादन कार्यों में गतिरोध उत्पन्न हो रहा है। आवासीय व्यवस्था की आवश्यकता के अनुसार अधिशासी अभियन्ता हरिजन एवं निर्बल वर्ग आवास निगम लि०, अल्मोड़ा से उक्त निर्माण कार्यों हेतु 3,50,000 रु० के प्रारम्भिक आगणन प्राप्त हुए हैं। वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में उक्त निर्माण कार्यों के लिए 3,50,000 रु० का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 में 3,50,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

	(हजार रुपयों में)
4551--पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी परिव्यय--	
60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--	
142--कृषि कार्य--राजकीय सब्जी शोध केन्द्र, मटेला जनपद अल्मोड़ा के आवासीय भवनों का निर्माण--	
18--वृहत् निर्माण	3,50

विकास खण्ड रामगढ़ के अन्तर्गत तल्ला रामगढ़ के उद्यान विभाग के अनावासीय एवं आवासीय भवन निर्माण

विकास खण्ड रामगढ़ के अन्तगत तल्ला रामगढ़ में उद्यान विभाग के कर्मचारियों हेतु विभागीय आवसीय भवन तथा गोदाम उपलब्ध न होने के कारण शासकीय कार्यों पर प्रतिकूल, प्रभाव पड़ रहा है। अतः टाइप एक के दो टाइप दो का एक तथा कार्यालय एवं गोदाम भवनों का निर्माण कराने के लिए ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा नैनीताल द्वारा 6,74,500 रु0 के प्रारम्भिक अनुमानित आगणन तैयार किये गये हैं जिसके अनुसार ही निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव है। इस प्रयोजन हेतु वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 6,74,500 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 6,75,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4551--पहाड़ी क्षेत्र पर पूंजी परिव्यय-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

142--कृषि कार्य--

(..)विकास खण्ड रामगढ़ के अन्तर्गत तल्ला रामगढ़ में उद्यान विभाग के आवासीय/ अनावासीय भवन निर्माण--

18--वृहत् निर्माण -. 6,75

जनपद अल्मोड़ा में स्थित राजकीय पौधालय कर्मी में कार्यालय भवन एवं आवासीय भवनों का निर्माण

राजकीय पौधालय कर्मी मोटर मार्ग से लगभग 26 कि0मी0 की दूरी पर स्थित है जहां पर कर्मचारियों के आवास तथा कार्यालय भवन की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। अतः पौधालय के उत्पादन कार्य में वृद्धि लाने हेतु यह आवश्यक है कि वहां आवासीय एवं कार्यालय भवन का निर्माण कराया जाए। इस हेतु एक कार्यालय भवन, केसिंग फ्लोर, चतुर्थ श्रेणी आवास-6 तथा तृतीय श्रेणी का एक आवास भवनों के निर्माण हेतु ग्रामीण अभियंत्रण सेवा अल्मोड़ा से 16,20,300 रु0 के प्रारम्भिक आगणन प्राप्त हुए हैं। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 16,20,000 रु0 की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4551--पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजी परिव्यय-- (हजार रुपयों में)

60--अन्य पहाड़ी क्षेत्र--

142--कृषि कार्य--

(..)जनपद अल्मोड़ा में स्थित राजकीय पौधालय कर्मी में आवासीय/ अनावासीय भवनों का निर्माण

18--बृहत निर्माण 16,20

पर्वतीय क्षेत्र के नगरवासियों के लिये आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विकास प्राधिकरणों को वित्तीय सहायता

पर्वतीय क्षेत्र में नागरिकों के समक्ष विषम आवासीय समस्या है जिसके निराकरण हेतु विकास प्राधिकरणों द्वारा आवासीय योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा हैं। प्राधिकरणों को आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग के लिये 180 भवन लो इन्कम ग्रुप 105-भवन तथा 8 हेक्टेयर के भूखण्ड की वर्ष 1989-90 में व्यवस्था हेतु क्रमशः 15, 15-व 20 लाख अर्थात कुल 50 लाख रु0 का ऋण निर्धारित मानक में उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव हैं। अतएव वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 50,00,000 रु0 की व्यवस्था की गई हैं। वित्तीय स्वीकृति निर्धारित शर्तों पर विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

6551--पहाड़ी क्षेत्र के लिये उधार-- (हजार रुपयों में)

60-अन्य पहाड़ी क्षेत्र-आयोजनागत-

117-आवास

02-अल्प आय वर्गीय गृह निर्माण योजना के अन्तर्गत विकास प्राधिकरणों को ऋण--

24-निवेश/ऋण 20,0

04-आर्थिक दृष्टि से कमजोर व्यक्तियों के घरों के निर्माण हेतु विकास प्राधिकरण को ऋण-

24-निवश/ऋण 30,0

योग .. 50,0

प्राविधिक शिक्षा विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सहायता प्राप्त तथा राजकीय बहुधंधी संस्थाओं में कम्प्यूटर अवेयरनेस की योजना का प्रारम्भ किया जाना।	7,00	..	..	7,00	2203—तकनीकी शिक्षा	117 प
2	राजकीय पालीटेकनिक, कानपुर में कम्प्यूटर अप्लीकेशन पाठ्यक्रम का प्रारम्भ किया जाना	2,07	..	..	2,07	तदैव	117 प
3	राजकीय पालीटेकनिक, पीलीभीत की स्थापना	91	..	..	91	तदैव	117 प
4	बहुधंधी संस्थाओं में रिसोर्स सेन्टर की स्थापना	11,29	..	..	11,29	तदैव	118 प
5	चन्दोली पालीटेकनिक, चन्दोली, वाराणसी में इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्प्यूटर अप्लीकेशन का पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया	1,00	..	..	1,00	तदैव	119 प
6	राजकीय पालीटेकनिकों का सुदृढ़ीकरण	10,00	18,06	..	28,06	2203—तकनीक शिक्षा तथा 4202 शिक्षा, खेल कला संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय	119 प
7	शामली (मुजफ्फरनगर) में राजकीय महिला पालीटेकनिक की स्थापना	50	9,50	..	10,00	तदैव	120 प
8	राजकीय महिला पालीटेकनिक, बरेली की स्थापना हेतु भूमि क्रय	..	10,00	..	10,00	4202—शिक्षा, खेल कला एवं संस्कृति पर पूंजी परिव्यय	120 प
9	राजकीय महिला पालीटेकनिक, इलाहाबाद, झांसी तथा मुरादाबाद की स्थापना	..	15,00	..	15,00	तदैव	120 प
10	राजकीय पालीटेकनिक, पीलीभीत का भवन निर्माण	..	12,93	..	12,93	तदैव	121 प
	योग ..	32,77	65,49	..	98,26		

सहायता प्राप्त तथा राजकीय बहुधंधी संस्थाओं में कम्प्यूटर अवेयरनेस योजना का प्रारम्भ किया जाना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में जीवन स्तर के सुधार एवं आर्थिक उत्पादकता में वृद्धि हेतु कम्प्यूटर के उपयोग पर बल दिया गया है। प्रशिक्षित कम्प्यूटर जनशक्ति को बढ़ती हुई मांग और नगण्य आपूर्ति को ध्यान में रखते हुये प्रदेश शासन द्वारा कम्प्यूटर जनशक्ति की आवश्यकता के आधार पर कम्प्यूटर अवेयरनेस योजना प्रारम्भ किये जाने का प्रस्ताव है। इस निमित्त प्रदेश की जिन संस्थाओं को कम्प्यूटर क्रय हेतु भारत सरकार से धनराशि प्राप्त हो गयी है, प्रथम चरण में उन्हीं संस्थाओं में यह योजना प्रारम्भ की जायगी और जैसे-जैसे इस योजना के लिये भारत सरकार से कम्प्यूटर क्रय हेतु धनराशि प्राप्त होती जायगी, वैसे-वैसे संस्थाओं में कम्प्यूटर अवेयरनेस की योजना प्रारम्भ की जायगी। इस योजना को प्रारम्भ किये जाने के लिये 1,00,000 रु० की धनराशि की प्रति वर्ष प्रति संस्था राज्य सरकार द्वारा आवर्तक व्यय वहन करना होगा। चूंकि सर्विसिंग कान्ट्रेक्ट का व्यय 1990-91 से शुरू होगा अतएव इनकी स्वीकृति वर्ष 1990-91 से प्रारम्भ की जायगी। इस योजना को तीन सहायता प्राप्त तथा सात राजकीय पालिटेकनिकों में प्रारम्भ किये जाने हेतु वर्ष 1989-90 में क्रमश: 2,10,000 रुपये तथा 4,90,000 रु० के व्यय का अनुमान है। अतः वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 7,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

2203--तकनीकी शिक्षा-आयोजनगत-

104--गैर सरकारी तकनीकी कालेजों और संस्थाओं को सहायता

(--) अनुमानित बहुधंधी संस्थाओं में कम्प्यूटर अवेयरनेस योजना--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	2,10
105--सामान्य पालिटेकनिक--	
01--सामान्य पालीटेकनिक में कम्प्यूटर अवेयरनेस योजना	
33--अन्य व्यय	4,90
	7,00

राजकीय पालीटेकनिक, कानपुर में कम्प्यूटर अप्लीकेशन का पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाना

वर्तमान समय में प्रदेश में कम्प्यूटर उद्योग में द्रुतगति से हो रहे विकास एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में कम्प्यूटर के उपयोग को दिये गये प्रोत्साहन को दृष्टिगत रखते हुये यह प्रस्तावित है कि वर्ष 1989-90 में राजकीय पालीटेकनिक, कानपुर में तथा राजकीय महिला पालीटेकनिक लखनऊ में कम्प्यूटर अप्लीकेशन का डेढ़ वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाय। वर्ष 1989-90 में इस योजना पर क्रमश: कुल 1,07,000 रु० तथा 1,00,000 रु० के (आवर्तक) व्यय का अनुमान है। इस योजना को प्रारम्भ किये जाने के लिये इस योजना को भारत सरकार से क्रमश: 3,00,000 रु० तथा 5,00,000 रु० की धनराशि सीधे प्रदान की गयी है, जिससे कम्प्यूटर क्रय किया जायेगा। वर्ष 1989-90 में राज्यांश के रूप में होने वाले आवर्तक व्यय के लिए आय-व्ययक में 2,07,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। व्यय की स्वीकृति आवश्यक परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2203--तकनीकी शिक्षा-आयोजनागत--

105--पालीटेकनिक

(--) राजकीय-पालीटेकनिक, कानपुर में कम्प्यूटर-अप्लीकेशन का पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाना (जिला योजना)--	(हजार रुपयों में)
33--अन्य व्यय ..	1,07
(--) राजकीय महिला पालीटेकनिक, लखनऊ के कम्प्यूटर अप्लीकेशन का पाठ्यक्रम--	
33--अन्य व्यय	1,00
	2,07

राजकीय पालीटेकनिक, पीलीभीत की स्थापना

पीलीभीत में राजकीय पालीटेकनिक, की स्थापना का निर्णय हो चुका है परन्तु अभी तक यहां प्रोजेक्ट स्टाफ स्वीकार नहीं किया गया है। वर्ष 1989-90 में इस संस्था में कतिपय परियोजना कर्मचारिवर्ग के सृजन का प्रस्ताव है। उपरोक्त पदों की स्वीकृति प्रदान करने पर

संस्था के कार्यालय की स्थापना के संबंध में फर्नीचर आदि का क्रय किया जाना भी आवश्यक है जिसके लिये 50,000 रु० स्वीकृत किया जाना प्रस्तावित है इस पर कुल 91,000 रु० व्यय का अनुमान है जिसकी आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गयी है।

2--व्यय का विभाजन--

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्रम-संख्या पद नाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1--प्रधानाचार्य	1360-2125	1
2--आशुलेखक	470-735	1
3--चपरासी	305-390	1

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2203--तकनीकी शिक्षा--आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

105--राजकीय पालीटेक्निक पीलीभीत की स्थापना--

01--वेतन	15
03--महंगाई भत्ता	13
04--यात्रा व्यय	1
05--अन्य भत्ते	4
06--कार्यालय व्यय	5
20--मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	50
33--अन्य व्यय	3
योग	91

बहुधंधी संस्थाओं में रिसोर्स सेन्टर की स्थापना

विज्ञान एवं टेक्नालोजी में तेजी से विकास हो रहा है। प्रशिक्षणार्थी को कम समय में ज्यादा तकनीकी ज्ञान उपलब्ध कराने के लिये। आडियो एवं वीडियो सिस्टम के माध्यम से प्राविधिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना आवश्यक है। इस माध्यम से प्रशिक्षण देने में विद्यार्थियों को जल्दी तथा अधिक प्राविधिक ज्ञान प्राप्त हो सकेगा। अतः संस्थाओं में रिसोर्स सेन्टर स्थापित किए जायेंगे जिनमें आडियो एवं वीडियो सिस्टम उपलब्ध कराये जायेंगे। यह सेन्टर्स कैसेट, वीडियो-आडियो कैसेट्स, ट्रान्सपैरेन्सीज एवं चार्टर्स आदि तैयार करेंगे तथा संस्थाओं को विषय विशेष पर प्रोग्राम बनाकर भी उपलब्ध करायेंगे। इनके लिये सेन्ट्रल रिसोर्स केन्द्र की आवश्यकता होगी। प्रथम चरण में प्रदेश की 16 राजकीय संस्थाओं में तथा सात सहायता प्राप्त संस्थाओं में यह योजना प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 1989-90 में इस योजना पर कुल 11,29,000 रु० का अनावर्तक व्यय का अनुमान है। अतः वर्ष 1989-90 में आय-व्ययक में 11,29,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:

2203--तकनीकी शिक्षा--आयोजनागत (हजार रुपयों में)

105--पालीटेक्निक

01--सामान्य पालीटेक्निक

33--अन्य व्यय	7,89
104--गैर सरकारी तकनीकी कालेजों एवं संस्थाओं को सहायता	
( ) अनुदानित बहुधन्धी संस्थाओं में रिसोर्स सेंटर की स्थापना	
14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	3,40
योग	11,29

चन्दौली पालीटेकनिक, चन्दौली, वाराणसी में इलैक्ट्रानिक्स एवं कम्प्यूटर अप्लीकेशन का पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाना

चन्दौली पालीटेकनिक, चन्दौली, वाराणसी प्रदेश की पुरानी संस्था है। इलक्ट्रानिक्स तथा कम्प्यूटर में प्रशिक्षित जनशक्ति की बढ़ती हुई मांग को दृष्टि में रखते हुए वर्ष 1989-90 में संस्था में इलेक्ट्रानिक्स का तीन वर्षीय तथा कम्प्यूटर अप्लीकेशन का डेढ़ वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने का निश्चय किया गया है। वर्ष 1989-90 में इस निमित्त 1,00,000 रु० की आवश्यकता है। अतः वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में कुल 1,00,000 रु० (50,000 रु० आवर्तक तथा 50,000 रु० अनावर्तक) की व्यवस्था कर ली गयी है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

2203-तकनीकी शिक्षा-आयोजनागत-- (हजार रुपयों में)

104-गैर सरकारी तकनीकी कालेजों और संस्थाओं को सहायता

05-चन्दौली, पालीटेकनिक, चन्दौली में इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्प्यूटर अप्लीकेशन का पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाना

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता	1,00

राजकीय पालीटेक्निकों का सुदृढ़ीकरण

राजकीय पालीटेक्निक, जौनपुर, प्रतापगढ़ एवं हरदोई प्रदेश की नवस्थापित संस्थायें हैं, जिनमें प्रथम चरण में एक-एक पाठ्यक्रम क्रमशः फार्मेसी, यांत्रिक एवं सिविल अभियंत्रण पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये गये थे। इलेक्ट्रानिक्स में शिक्षित प्रशिक्षित की बढ़ती हुई मांग को दृष्टिगत रखते हुये उक्त संस्थाओं में इलेक्ट्रानिक्स के डिप्लोमा पाठ्यक्रम को प्रारम्भ किये जाने का प्रस्ताव है। संस्थाओं के पास अतिरिक्त पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ किये जाने के लिय पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, जिसमें अतिरिक्त छात्रों के प्रशिक्षण के लिये भवन निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इलेक्ट्रानिक्स ब्लाक के भवन निर्माण की अनुमानित लागत 20,00,000 रु० तथा आवर्तक अनावर्तक मद में क्रमशः 6,00,000 रु० एवं 25,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है। वर्ष 1989-90 में राजकीय पालीटेकनिक, जौनपुर के लिये पूंजी में 9,62,000 रु० तथा राजस्व पक्ष में आवर्तक तथा अनावर्तक मद में 4,00,000 रु० कुल 13,62,000 रु० राजकीय पालीटेक्निक, प्रतापगढ़ के लिये राजस्व पक्ष में आवर्तक/अनावर्तक मद में 6,00,000 रु० तथा राजकीय पालीटेकनिक, हरदोई के लिय पूंजी पक्ष में 8,44,000 रु० के व्यय का अनुमान है। इस प्रकार राजकीय पालीटकनिक, जौनपुर, प्रतापगढ़, हरदोई के लिये वर्ष 1989-90 में कुल 28,06,000 रु० की आवश्यकता है। अतः वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में कुल 28,06,000 रु० (2,00,000 रु० आवर्तक तथा 26,06,000 रु० अनावर्तक) की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

2203-तकनीकी शिक्षा-आयोजनागत-- (हजार रूपयों में)

105--पालीटेकनिक--

( )--राजकीय पालीटेकनिक, जौनपुर तथा प्रतापगढ़ मे इलेक्ट्रानिक्स का डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाना"

01--वेतन	80
03--महंगाई भत्ता	50
04--यात्रा व्यय	2
05--अन्य भत्ते	16
20--मशीन और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	8,00
25--माल एवं सम्पूर्ति	30
32--अन्तरिम सहायता	14
33--अन्य व्यय	8
योग ..	10,00

4202-शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय--

02-तकनीकी शिक्षा-आयोजनागत--

104--पालीटेकनिक--

( )--राजकीय पालीटेकनिक, जौनपुर तथा हरदोई में इलेक्ट्रानिक्स पाठ्यक्रम हेतु भवन निर्माण"

18--वृहत् निर्माण कार्य	18,06
कुल योग ..	28,06

शामली मुजफ्फरनगर में राजकीय महिला पालीटेकनिक की स्थापना

क्षेत्रीय आवश्यकताओं को दृष्टि में रखते हुये वर्ष 1989-90 में शामली (मुजफ्फरनगर) में एक राजकीय महिला पालीटेकनिक की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव है। पालीटेकनिक के लिये शामली कल्याण समिति निःशुल्क भूमि और कुछ भवन उपलब्ध करायेगी। प्रथम चरण में इस पालीटेकनिक में उभरती तकनीकी के अनुरूप पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जायेंगे और दूसरे चरण में क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जायेंगे। योजना की वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी। योजना पर कुल 10,00,000 रु० का व्यय अनुमानित है जिसकी व्यवस्था वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में कर ली गई है। योजना की वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2203--तकनीकी शिक्षा आयोजनागत--

105--पालीटेकनिक राजकीय महिला पालीटेकनिक, शामली, मुजफ्फरनगर की स्थापना" 50

4202--शिक्षा खेल कला और संस्कृति पर पूंजी परिव्यय आयोजनागत-02-तकनीकी शिक्षा

104--पालीटेकनिक राजकीय महिला पालीटेकनिक शामली मुजफ्फरनगर की स्थापना भूमि सुधार एवं भवन निर्माण 9,50

योग 10,00

राजकीय महिला पालीटेकनिक, बरेली की स्थापना हेतु भूमि क्रय

राजकीय महिला पालीटेकनिक, बरेली की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। संस्था में प्रशिक्षण कार्य वर्ष 1987-88 से राजकीय माध्यमिक प्राविधिक विद्यालय के भवन में प्रारम्भ कर दिया गया है। संस्था का निजी भवन न होने के कारण प्रशिक्षण में अत्यन्त कठिनाई हो रही है: इस कठिनाई को देखते हुये यह आवश्यक है कि संस्था के लिये भवनों को निर्मित कराने हेतु शहर से नजदीक ऐसे स्थान पर बनाया जाय जहां पर आवागमन की समुचित व्यवस्था हो और महिलाओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में यह बल दिया गया है कि महिला पालीटेकनिकों में छात्रावास एवं आवासीय भवनों की समुचित व्यवस्था की जाय। अतएव शहर के निकट भूमि का क्रय किया जाना आवश्यक है। भूमि क्रय हेतु वर्ष 1989-90 के बजट में 10,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

4202--शिक्षा, खेल कला एवं संस्कृति पर पूंजी परिव्यय-

02--तकनीकी शिक्षा-

104--पालीटेकनिक (हजार रुपयों में)

13--राजकीय महिला पालीटेकनिक बरेली के लिये भूमि क्रय--

18--वृहत निर्माण-कार्य 10,00

राजकीय महिला पालीटेकनिक, इलाहाबाद, झांसी तथा मुरादाबाद की स्थापना

प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार सर्वप्रथम मण्डल स्तर पर एक-एक महिला पालीटेकनिक स्थापित किये जाने का लक्ष्य है। वर्तमान में इलाहाबाद, झांसी तथा मुरादाबाद मण्डल ही ऐसे मण्डल हैं, जहां अभी तक महिला पालीटेकनिक स्थापित नहीं है। महिलाओं को पर्याप्त तकनीकी प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने जाने के दृष्टिकोण से यह प्रस्तावित है कि इलाहाबाद, झांसी तथा मुरादाबाद में एक-एक महिला पालीटेकनिक स्थापित किया जाय। सर्वप्रथम इन संस्थाओं की स्थापना के लिये भूमि का क्रय किया जाना आवश्यक है। भूमि क्रय हेतु वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 5,00,000 रु० प्रति संस्था कुल 15,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन-- (हजार रुपयों में)

4202--शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत-

02--तकनीकी शिक्षा-

104--पालीटेकनिक राजकीय

(-) महिला पालीटेकनिक, इलाहाबाद, झांसी तथा मुरादाबाद में राजकीय महिला पालीटेकनिक की स्थापना हेतु भूमि का क्रय--

33--अन्य व्यय-- 15,00

राजकीय पालीटेकनिक, पीलीभीत का भवन निर्माण

वर्ष 1988-89 में पीलीभीत में एक राजकीय पालीटेक्निक की स्थापना हेतु भूमि का चयन किया जा चुका है, जिसके अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 1989-90 में संस्था के भवन निर्माण हेतु 12,93,000 रु० के व्यय का अनुमान है। अत: वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 12,93,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

3--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

			(हजार रुपयों में)
4202--शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत--			
02--तकनीकी शिक्षा--			
104--पालीटेक्निक--			
(-) राजकीय पालीटेक्निक, पीलीभीत का भवन निर्माण	..	..	12,93
33--अन्य व्यय			

राजस्व विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें-आयोजनागत

क्रम सं0	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	नव सृजित जिलों के लिये भवनों के निर्माण हेतु भूमि की व्यवस्था	..	15,00,00	..	15,00,00	4059-सरकारी निर्माण कार्यों के लिये पूंजी परि-व्यय	125 प
2	नव सृजित जनपदों में भवनों का का निर्माण	..	15,00,00	..	15,00,00	तदैव	125 प
	योग	..	30,00,00	..	30,00,00		

नव सृजित जिलों के लिये भवनों के निर्माण हेतु भूमि की व्यवस्था

नव सृजित जिलों के भवनों के निर्माणार्थ 15,00,00,000 रुपये की लागत पर भूमि की व्यवस्था किये जाने का निर्णय लिया गया है। तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 15,00,00,000 रुपये की एक मुश्त धनराशि सम्मलित कर ली गई है। प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

4059—सरकारी निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय (हजार रुपयों में)

01—कार्यालय की इमारतें

201—भूमि का अधिग्रहण

05—नव सृजित जिलों के भवनों के निर्माणार्थ भूमि अधिग्रहण हेतु एक मुश्त व्यवस्था—

18—वृहत निर्माणकार्य 15,00,00

नव सृजित जनपदों में भवनों का निर्माण

नव सृजित जनपदों में भवनों आदि की आवश्यकता को देखते हुए 15,00,00,000 रुपये की अनुमानित लागत पर विभिन्न भवनों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। तदनुसार उक्त व्यय हेतु वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में उक्त धनराशि की एक मुश्त व्यवस्था कर ली गई है। कार्य की स्वीकृति आगणनों की जांच के बाद दी जायगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन

4059—सरकारी निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय— (हजार रुपयों में)

01—कार्यालयों की इमारतें

101—निर्माण सामान्य पुल "आवास"

06—निर्माण जिला प्रशासन—नव सृजित जनपदों में भवनों के निर्माण हेतु एकमुश्त व्यवस्था .. 15,00,00

वित्त विभाग (सेवायें)

वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें–आयोजनागत

क्रम-सं0	योजना का नाम	1989–90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	राष्ट्रीय अल्प बचत संगठन का सुदृढ़ीकरण	2,09	..	..	2,09	2047–अन्य राजकोषीय सेवायें	129 प
2	कोषागार प्रशासन के स्तर के उन्नयन के संबंध में नवम वित्त आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वियन	..	28,07	..	28,07	4058 सरकारी कार्यों पर पूंजी परिव्यय	129 प
	योग	2,09	28,07	..	30,16		

राष्ट्रीय अल्प बचत संगठन का सुदृढ़ीकरण

प्रदेश की पंचवर्षीय एवं वार्षिक योजनाओं के लिये संसाधन जुटाने में राष्ट्रीय बचत योजना का महत्वपूर्ण योगदान है क्योंकि इस योजना में जमा शुद्ध धनराशि का 3/4 भाग केन्द्र से प्रदेश को ऋण के रूप में प्राप्त होता है। अन्य स्रोतों से संसाधन जुटाने की सीमाओं तथा विगत वर्षों के अनुभव के आधार पर राष्ट्रीय बचत योजना में जमा कराने का लक्ष्य वर्षानुवर्ष बढ़ता जा रहा है ताकि केन्द्र से प्रदेश की अपनी योजनाओं के लिये तदनुसार अधिक से अधिक धनराशि प्राप्त हो सके। उपरोक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये संगठन में विस्तार करना तथा संगठन को अधिक सक्षम बनाना नितान्त आवश्यक है। पौड़ी गढ़वाल मण्डल के जिला मुख्यालय को छोड़कर शेष सभी 11 मण्डलीय जिला मुख्यालय के कार्यालयों में जिला बचत अधिकारी का एक पद 850-1720 रु० के विशेष वेतनमान में अभी तक सृजित है। कानपुर मण्डल के जिला मुख्यालय के कार्यालय में जिला बचत अधिकारी का एक पद 850-1720 रु० के विशेष वेतन-क्रम में सृजित होना नितान्त आवश्यक है। इसके अतिरिक्त नवसृजित कानपुर मण्डल हेतु राष्ट्रीय बचत योजना के अन्तर्गत सहायक निदेशक, वरिष्ठ लिपिक, कनिष्ठ लिपिक/टंकक, ड्राइवर व चपरासी के एक-एक पद शासन द्वारा अभी हाल में सृजित किये गये हैं। चूंकि कानपुर मण्डल के विभिन्न जनपदों में सहायक निदेशक को राष्ट्रीय बचत के मूल्यांकन व समीक्षा के लिये दौरा करना होगा तथा विभिन्न जनपदों के जिला बचत अधिकारियों से सम्पर्क भी करना होगा, अतएव कानपुर मण्डल के सहायक निदेशक को अन्य मण्डलों के सहायक निदेशकों के समान एक जीप व एक टेलीफोन की सुविधा भी दी जानी आवश्यक है। इस योजना पर वर्ष 1989-90 में कुल 2,09,000 रु० का व्यय अनुमानित है, जिसमें से 69,000 रु० आवर्तक व्यय तथा 1,40,000 रु० अनावर्तक व्यय के लिये है। तदनुसार वित्तीय वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 2,09,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2047—अन्य राजकोषीय सेवायें—आयोजनागत—

103—अल्प बचतों को बढ़ावा—

02—राष्ट्रीय अल्प बचत संगठन का सुदृढ़ीकरण—

	(हजार रुपयों में)
01—वेतन	19
03—महंगाई भत्ता	22
04—यात्रा व्यय	6
05—अन्य भत्ते	2
06—कार्यालय व्यय	4
07—टेलीफोन पर व्यय	10
08—मोटर गाड़ियों का क्रय	1,30
09—मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल की खरीद	10
32—अन्तरिम सहायता	6
योग ..	2,09

कोषागार प्रशासन के स्तर के उन्नयन के सम्बन्ध में नवम वित्त आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वयन

कोषागार प्रशासन के स्तर के उन्नयन हेतु नवम वित्त आयोग द्वारा वर्ष 1989-90 के लिये 28.07 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है जिसमें से 7.50 लाख रु० की लागत पर दो उपकोषागार भवनों तथा 20.57 लाख रु० की लागत पर 11 उपकोषागारों में अतिरिक्त सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु भवनों का निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की जानी है। अतएव वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में उक्त निर्माण कार्यों को कराने हेतु 28,07,000 लाख रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन :— (हजार रुपयों में)

4059—सरकारी निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत—

01—कार्यालयों की इमारतें

101—निर्माण-सामान्य पूल आवास—

03—नवम वित्त आयोग की संस्तुतियों का कार्यान्वयन—

0301—कोषागारों/उपकोषागारों हेतु भवनों का निर्माण—

18—वृहत निर्माण कार्य	7,50

0302—कोषागारों/उपकोषागारों हेतु गार्डरूम तथा पेंशनर्स कक्ष आदि का निर्माण—

18—वृहत निर्माण कार्य	20,57
योग ..	28,07

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गई
अनुदान	28,07	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान-- 01--आयोजनाभिन्न अनुदान:- 101--संविधान (राजस्व वितरण आदेश) के अन्तर्गत अनुदान-- 01--प्रशासन के स्तर के उन्नयन के लिये अनुदान--	शत प्रतिशत

शिक्षा विभाग

वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-सं0	योजना का नाम	1989–90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	मैदानी क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालयों में लघु निर्माण कार्य	5,00	..	..	5,00	2202—सामान्य शिक्षा	133-प
2	प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद् के समस्त भवनहीन जूनियर बेसिक विद्यालयों (प्राइमरी) के भवनों के निर्माण हेतु अनुदान	69,61,00	..	..	69,61,00	तदैव	133-प
3	प्रदेश के मिडिल स्तर पर कक्षा 7 व 8 तक के बालकों की : निशुल्क शिक्षा (केवल शिक्षण शुल्क से मुक्ति) की व्यवस्था	2,24,34	..	..	2,24,34	तदैव	133 प
4	प्रदेश ने मिडिल स्तर पर कक्षा 7 व 8 तक के बालकों को निशुल्क शिक्षा (केवल शिक्षण शुल्क से मुक्ति) की व्यवस्था	68,60	..	..	68,60	तदैव	134 प
5	प्रदेश के मिडिल स्तर पर कक्षा 7 व 8 तक के बालकों की निःशुल्क शिक्षा (केवल शिक्षण शुल्क से मुक्ति) की व्यवस्था	2,08,70	..	..	2,08,70	तदैव	134-प
6	उ0 प्र0 छात्र कल्याण निधि की वर्तमान धनराशि 5 करोड़ रु0 की पूंजी को बढ़ा कर 10 करोड़ रु0 करना	5,00,00	..	..	5,00,00	2204—खेल और युवा कल्याण	135 प
	योग	79,67,64	..	..	79,67,64		

मैदानी क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालयों में लघु निर्माण कार्य

प्रदेश में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक महाविद्यालय में अतिरिक्त शिक्षण कक्षों की आवश्यकता होगी। अतः शिक्षण कार्य को सुचारु रूप से चलाने के लिये अतिरिक्त शिक्षण कक्षों का निर्माण आवश्यक होगा। यह लघु निर्माण कार्य विभागीय कार्य के रूप में कराया जायगा। इस प्रयोजन के लिये वर्ष 1989–90 में 5,00,000 रु0 का अनावर्तक व्यय अनुमानित है। तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

2202—सामान्य शिक्षा-आयोजनागत—
03—विश्वविद्यालय और उच्चतर-शिक्षा—
103—सरकारी महाविद्यालय और संस्थायें—
01—वर्तमान उपाधि महाविद्यालयों का सुदृढ़ीकरण एवं उच्चीकरण तथा नये उपाधि महाविद्यालयों का खोला जाना—
19—लघु निर्माण कार्य 5,00

प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद् के समस्त भवनहीन जूनियर बेसिक विद्यालयों (प्राइमरी) के भवनों के निर्माण हेतु अनुदान।

बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित जूनियर बेसिक विद्यालयों में 12,500 जूनियर बेसिक विद्यालय भवनहीन हैं। उपयुक्त भवनों के अभाव में छात्रों के पठन-पाठन कार्य में असुविधा होती है क्योंकि वर्षा गर्मी एवं सर्दी में खुले मैदान में कक्षाओं को संचालित करना अत्यन्त ही कष्टदायक होता है तथा इससे छात्रों में हीन भावना का उत्पन्न होना स्वाभाविक है। भवनों के अभाव का छात्र प्रवेश पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नवम वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुसार भारत सरकार से प्राप्त सहायता से भवन हीन विद्यालयों के भवनों का निर्माण पूर्ण कराने का प्रस्ताव है। तदनुसार इन भवनों के निर्माण पर 69,61,00,000 रु0 का व्यय अनुमानित है। तदनुसार वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक म इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन— (हजार रुपयों में)

2202—सामान्य शिक्षा—आयोजनागत—
01—प्राथमिक शिक्षा—
102—गैर सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को सहायता—
29—ग्रामीण एवं नगर क्षेत्रों के जूनियर बेसिक स्कूलों को भवन निर्माण हेतु अनुदान (राज्य योजना)—
14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 69,61,00

भारत सरकार से प्राप्य सहायता—

मद	धनराशि	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गई
राज सहायता	69,61,00	1601—केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान— 02—राज्य की आयोजनागत योजनाओं के लिये अनुदान— 02—राज्य की आयोजनागत योजनाओं के लिय अनुदान— 800—अन्य अनुदान— 01—नवम वित्त आयोग की संस्तुतियों पर विशेष समस्याओं के लिये सहायता अनुदान।	शत प्रतिशत

प्रदेश के मिडिल स्तर पर कक्षा 7 व 8 तक के बालकों की निःशुल्क शिक्षा (केवल शिक्षण शुल्क से मुक्ति) की व्यवस्था

वर्तमान में इस प्रदेश में कक्षा 6 तक बालकों को तथा कक्षा-12 तक बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 45 में 14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का लक्ष्य प्रतिस्थापित है। इसी परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा मिडिल स्तर पर कक्षा 7 व 8 तक के बालकों को निःशुल्क शिक्षा दिये जाने का प्रस्ताव है। इस समय प्रदेश के 7,092 मान्यता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों के कक्षा 7 व 8 में पढ़ने वाले बालकों की संख्या 4,15,433 है और इन बालकों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने हेतु इन विद्यालयों को 2,24,33,382 रु0 प्रतिवर्ष क्षतिपूर्ति हेतु अतिरिक्त अनुदान देने की आवश्यकता होगी। यह व्यवस्था सन् 1989 के अप्रैल माह से लागू होगी। इस हेतु आय-व्ययक में आवश्यक प्राविधान कराने हेतु वर्ष 1989–90 को नई मांग के माध्यम से 2,24,34,000 रु0 (पूर्ण कम में) की मांग का प्रस्ताव है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा--

01--प्राथमिक शिक्षा--आयोजनागत

102--औपचारिक शिक्षा

17--गैर सरकारी

मान्यता प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों की सहायता--कक्षा 7 व 8 के बालकों की निःशुल्क शिक्षा की क्षतिपूर्ति हेतु जूनियर हाई स्कूलों को अतिरिक्त अनुदान .. 2,24,34

प्रदेश के मिडिल स्तर पर कक्षा 7 व 8 तक के बालकों की निःशुल्क शिक्षा (केवल शिक्षण शुल्क से मुक्ति) की व्यवस्था।

वर्तमान में इस प्रदेश में कक्षा 6 तक बालकों को तथा कक्षा 12 तक बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 45 में 14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का लक्ष्य प्रतिष्ठापित है। इसी परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा मिडिल स्तर पर कक्षा 7 व 8 तक के बालकों को निःशुल्क शिक्षा दिये जाने का प्रस्ताव है। इस समय प्रदेश के 154 राजकीय जूनियर हाईस्कूलों की कक्षा 7 व 8 में पढ़ने वाले बालकों की संख्या 8,119 है, जिन्हें निःशुल्क शिक्षा प्रदान किये जाने पर शासन को प्रतिवर्ष 4,38,426 रु० की क्षति होगी। इसी प्रकार प्रदेश के 7,085 उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा चालित जूनियर हाई स्कूलों की कक्षा 7 व 8 में पढ़ने वाले 2,63,782 बालकों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिवर्ष क्षतिपूर्ति हेतु बेसिक शिक्षा परिषद् को 68,59,620 रु० की अतिरिक्त अनुदान देने की आवश्यकता होगी। यह व्यवस्था सन् 1989 के अप्रैल माह में लागू होगी। अतः वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 68,60,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य शिक्षा

01--प्राथमिक शिक्षा--आयोजनागत

102--औपचारिक शिक्षा--

03-0301--बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों को सहायता--

( )-कक्षा 7 व 8 के बालकों की निःशुल्क शिक्षा की क्षतिपूर्ति हेतु बेसिक शिक्षा परिषद् को अतिरिक्त अनुदान- 68,60

प्रदेश के मिडिल स्तर पर कक्षा 7 व 8 तक के बालकों की निःशुल्क शिक्षा (केवल शिक्षण शुल्क से मुक्ति) की व्यवस्था।

वर्तमान में इस प्रदेश में कक्षा 6 तक बालकों को तथा कक्षा 12 तक बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद 45 में 14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का लक्ष्य प्रतिष्ठापित है। इसी परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा मिडिल स्तर पर कक्षा 7 व 8 तक के बालकों को निःशुल्क शिक्षा दिये जाने का प्रस्ताव है। इस समय प्रदेश के 932 राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की कक्षा 7 व 8 में पढ़ने वाले बालकों की संख्या 1,29,000 है, जिन्हें निःशुल्क शिक्षा प्रदान किये जाने पर शासन को 51,30,000 रु० प्रतिवर्ष की क्षति होगी। इसी प्रकार प्रदेश के 4,837 गैर सरकारी मान्यता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की कक्षा 7 व 8 में पढ़ने वाले 5,61,000 बालकों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने हेतु इन विद्यालयों के लिये 2,08,69,812 रु० की प्रतिवर्ष क्षतिपूर्ति हेतु अतिरिक्त अनुदान देने की आवश्यकता होगी। यह व्यवस्था सन् 1989 के अप्रैल माह में लागू होगी। अतः वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 2,08,70,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

2202--सामान्य सेवायें--

02--माध्यमिक शिक्षा-आयोजनागत--

110--गैर सरकारी माध्यमिक विद्यालयों को सहायता--

12--कक्षा 7 व 8 के बालकों को निःशुल्क शिक्षा की क्षतिपूर्ति हेतु अतिरिक्त अनुदान-- .. 2,08,70

उ0 प्र0 छात्र कल्याण-निधि की वर्तमान धनराशि 5.00 करोड़ रुपये की पूंजी को बढ़ाकर 10.00 करोड़ रुपये करना

वित्तीय वर्ष 1982-83 में 5.00 करोड़ रुपये की पूंजी से "उ0 प्र0 छात्र कल्याण निधि" की स्थापना की गई थी। इस निधि की धनराशि उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद को ऋण के रूप में दी गई है। इस निधि की धनराशि से अर्जित ब्याज की धनराशि से उ0 प्र0 छात्र कल्याण निधि से पोषित कार्य कलापों का सम्पादन किया जाता है। छात्र कल्याण की आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में 5.00 करोड़ की वृद्धि के साथ छात्र कल्याण निधि की पूंजी को 10.00 करोड़ रु0 करने का प्रस्ताव है। यह धनराशि "8229-विकास और कल्याण निधियों-07-उ0 प्र0 छात्र कल्याण निधि-0701-रक्षित निधि" में जमा होगी। अतः अतिरिक्त 5,00,00,000 रु0 की आय-व्ययक में व्यवस्था कर ली गई है।

2. आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों/के अनुसार विभाजन:--

(हजार रुपयों में)

2204-खेल और युवा कल्याण	
797-रक्षित निधियों तथा निक्षेप लेखे को संक्रमण-	
01-उ0 प्र0 छात्र कल्याण निधि को संक्रमण--	
29-अन्तर्लेखा संक्रमण।	5,00,00

सार्वजनिक निर्माण विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-सं०	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रदेश में नई सड़कों एवं पुलों का निर्माण	..	9,88,00	..	9,88,00	5054-सड़कों और पुलों पर पूंजी परिव्यय	139-प
2	प्रदेश में नई सड़कों एवं पुलों का निर्माण	..	17,40,00	..	17,40,00	तदैव	139-प
	योग	..	27,28,00	..	27,28,00		

प्रदेश में नई सड़कों एवं पुलों का निर्माण

प्रदेश में वित्तीय वर्ष 1989-90 में जिला योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृति दिये जाने हेतु उक्त योजनाओं के सम्मुख धनराशि की व्यवस्था आय-व्ययक में किया जाना आवश्यक है--

1--खड़ंजा स्तर तक निर्मित मार्गों का लेपन स्तर और निर्माण	400 लाख
2--खड़ंजा स्तर व पुलियों स्तर तक नई मार्गों का निर्माण	50 लाख
3--मिट्टी स्तर तक पूर्व निर्मित मार्गों पर पुलियों तथा सोलिंग का निर्माण	273 लाख
4--प्रमुख एवं अन्य जिला मार्गों का सुधार	40 लाख
5--मिट्टी स्तर तक निर्मित मार्गों पर पुलियों का निर्माण	15 लाख
6--उप मार्गों का निर्माण	10 लाख
7--घटों कड़ियों का खड़ंजा स्तर तक निर्माण	50 लाख
8--छूटे हुये पुल/पुलियों व तंग पुल/पुलियों का निर्माण व पुनः निर्माण	100 लाख
9--पूर्व स्वीकृत सेतुओं के पहुंच मार्गों का निर्माण	10 लाख
10--अन्य विभागों के मार्गों का पुनः निर्माण	40 लाख
योग ..	988 लाख

अतः आय-व्ययक में व्यवस्था किये जाने हेतु 9,88,00,000 रु० की एक मुश्त मांग का प्रस्ताव नई मांगों से प्रस्तुत है ।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

5054-सड़कों और पुलों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत--

04-जिला और अन्य सड़कें-

337-सड़क एवं पुल निर्माण वर्ष-1999-80 के कार्य-जिला योजना-प्रदेश में नई सड़कों एवं पुलों का निर्माण (एक मुश्त व्यवस्था) .. 9,88,00

प्रदेश में नई सड़कों एवं पुलों का निर्माण*

प्रदेश में वित्तीय वर्ष 1989-90 में राज्य योजना के अन्तर्गत सड़क एवं पुल के नये कार्यों की स्वीकृति हेतु 1740 लाख रु० की आवश्यकता है। अतः आय-व्ययक में व्यवस्था किये जाने हेतु 17,40,00,000 रु० की एक मुश्त मांग का प्रस्ताव नई मांगों से प्रस्तुत है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

5054-सड़कों और पुलों पर पूंजी परिव्यय-आयोजनागत-

04-जिला और अन्य सड़कें--

337-सड़क वर्ष 1989-90 के कार्य-राज्य योजना-

प्रदेश में नई सड़कों एवं पुलों का निर्माण (एक मुश्त व्यवस्था) 17,40,00

सार्वजनिक उद्यम विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें (आयोजनागत)

क्रम-सं0	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सार्वजनिक उद्यम निदेशालय का सुदृढ़ीकरण	13,20	..	..	13,20	3475—अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें	143 प

सार्वजनिक उद्यम निदेशालय का सुदृढ़ीकरण

सार्वजनिक उपक्रमों की संख्या तथा उनमें विनियोजित पूंजी में निरन्तर वृद्धि हो रही है। इसी बीच प्रदेश के शहरी विकास प्राधिकरणों तथा शीर्षस्थ सहकारी संस्थाओं/सहकारी बैंकों के कार्यकलापों में अपेक्षित सुधार लाने हेतु उनके अनुश्रवण तथा उनमें वैज्ञानिक प्रबन्धकीय नीतियों को लागू करने के उद्देश्य से उन्हें सहायता, सहयोग एवं परामर्श देने का कार्य भी सार्वजनिक उद्यम विभाग को सौंप दिया गया है जो वर्तमान उपलब्ध कर्मचारिवर्ग द्वारा सम्पादित किया जाना सम्भव नहीं है। अत: सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो निदेशालय में दो अतिरिक्त प्रभागों के गठन तथा उनसे सम्बन्धित पदों के सृजन का प्रस्ताव है। फिलहाल वित्तीय वर्ष 1989-90 में एक अतिरिक्त प्रभाग के लिये पदों के सृजन, साज-सज्जा, उपकरण, वाहन आदि की तत्काल आवश्यकता है जिसके लिये लगभग 3.95 लाख रु0 अनावर्तक तथा 9.25 लाख रु0 आवर्तक अर्थात् कुल 13,20,000 रु0 का व्यय अनुमानित है, जिसकी व्यवस्था वित्तीय वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2---व्यय का विभाजन---

क---अपेक्षित कर्मचारिवर्ग---

क्र0सं0	पद	वेतनमान	पदों की संख्या
		रु0	
1	निदेशक	2050-2500	1
2	संयुक्त निदेशक	1840-2400	1
3	उप निदेशक	1250-2050	2
4	शोध अधिकारी	850-1720	2
5	शोध सहायक	570-1100	2
6	आशुलेखक	515-860	4
7	सन्दर्भ सहायक	470-735	1
8	टंकक	354-550	1
9	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	305-390	5
10	वाहन चालक	330-495	2

ख---साज-सज्जा/उपकरण/वाहन आदि के स्थूल ब्योरे---

क्र0सं0	मद	संख्या	दर	रु0
1	टाइपराइटर	5	12,500	63,000
2	फर्नीचर	..	..	50,000
3	टेलीफोन	4	8,000	32,000
4	वाहन	2	1,25,000	2,50,000
			योग	3,95,000

3---आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन---

3475---अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें---आयोजनागत---

800---अन्य व्यय

01---सार्वजनिक उद्यम निदेशालय (हजार रुपयों में)

मद	(हजार रुपयों में)
01---वेतन	5,41
03---महंगाई भत्ता	1,28
04---यात्रा व्यय	50
05---अन्य भत्ते	99
06---कार्यालय व्यय	1,63
07---टेलीफोन पर व्यय	32
08---मोटर गाड़ियों का क्रय	2,50
09---मोटर गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	30
33---अन्य व्यय	27
योग ..	13,20

सिंचाई विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम-सं0	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में)			योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय				
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जल एवं भूमि प्रबन्ध संस्थान (वालमी) का रजिस्टर्ड सोसाइटी के रूप में पंजीकरण	1,00,00	..	..	1,00,00	2701-वृहत एवं मध्यम सिंचाई	147-प

जल एवं भूमि प्रबन्ध संस्थान (वालमी) का रजिस्टर्ड सोसाइटी के रूप में पंजीकरण

ऊपरी गंगा सिंचाई आधुनिकीकरण परियोजना का कार्यान्वयन विश्व बैंक की सहायता से किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत एक जल एवं भूमि प्रबन्ध संस्थान इस समय ओखला में सिंचाई विभाग की एक संस्थान के रूप में स्थापित है। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य सिंचाई एवं कृषि के लिए जल प्रबन्ध एवं भूमि विकास सम्बन्धी प्रशिक्षण देना एवं शोध कार्य करना है। देश के कतिपय अन्य प्रदेशों में इसी प्रकार की स्थापित संस्थायें पंजीगत हैं। विश्व बैंक ने इस बात पर बल दिया है कि उत्तर प्रदेश में स्थापित जल एवं भूमि प्रबन्ध संस्थान को भी एक स्वतंत्र संस्थान के रूप में पंजीकृत कराया जाय अन्यथा इसका विकास समुचित ढंग से नहीं हो पायगा। अतः उक्त संस्थान को एक रजिस्टर्ड सोसाइटी के रूप में पंजीकृत करवा कर इसका संचालन तदनुसार करने का प्रस्ताव है वर्ष 1989–90 में इस संस्थान हेतु अधिष्ठान, भवन निर्माण, उपकरण और संयंत्रों तथा वाहन आदि पर 1,00,00,000 रुपये का व्यय अनुमानित है जिसे विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित ऊपरी गंगा सिंचाई आधुनिकीकरण योजना के अन्तर्गत समायोजित कर लिया गया है। तदनुसार वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में 1,00,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2––आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन:––

		(हजार रुपयों में)
2701––वृहत् एवं मध्यम सिंचाई––आयोजनगत 800––अन्य व्यय––जल एवं भूमि प्रबन्ध संस्थान, उ० प्र० को अनुदान	..	1,00,00

सहकारिता विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम-सं0	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सहकारी ऋण एवं अधिकोषण योजना के अन्तर्गत दुर्बल जिला सहकारी बैंकों की पुनर्स्थापना	..	..	3,54,65	3,54,65	6425--सहकारिता के लिये उधार	151-प

[सहकारी ऋण एवं अधिकोषण योजना के अन्तर्गत दुर्बल जिला सहकारी बैंकों की पुनर्स्थापना]

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने प्रदेश की 13 दुर्बल जिला सहकारी बैंकों के पुनर्स्थापना हेतु एक विशेष कार्यक्रम तैयार किया है। इस योजना के अन्तर्गत इन बैंकों से संबद्ध प्रारम्भिक कृषि सहकारी समितियों को स्वाश्रयी बनाने हेतु इनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना, ऋण वितरण नीति का सरलीकरण करना, स्टाफ को ट्रेनिंग दिया जाना, नान विलफुल डिफाल्टर्स पर लगे ऋणों को ब्लाक करके 5 वर्ष में वसूली किए जाने का कार्यक्रम है। नाबार्ड द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार विलफुल डिफाल्टर्स पर लगे ऋण को ब्लाक करके 20 प्रतिशत प्रतिवर्ष वसूली किया जाना तथा जितनी धनराशि वसूल होने से रह जायगी उसकी पूर्ति शासन द्वारा साफ्ट के ऋण के रूप में की जायगी। 30 जून, 1988 को विलफुल डिफाल्टर्स पर लगभग 66.00 करोड़ रुपये लगाया जिसमें 20 प्रतिशत की दर से 13.00 करोड़ रुपये वर्ष 1988-89 में वसूल किये जाने का लक्ष्य है। एक अनुमान के अनुसार 70 प्रतिशत अर्थात् 9.00 करोड़ रुपये वसूल जाने की सम्भावनाएं हैं तथा शेष 4.00 करोड़ की धनराशि शासन द्वारा प्रतिपूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। फिलहाल धन की उपलब्धता के आधार पर 3,54,65,000 रु० की व्यवस्था आय-व्ययक में सम्मिलित कर ली गयी है। इस योजना से कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

6425--सहकारिता के लिए उधार--आयोजनागत (हजार रुपयों में)

07--सहकारी ऋण एवं अधिकोषण योजना के अन्तर्गत दुर्बल जिला सहकारी बैंकों की पुनर्स्थापना हेतु ऋण--

24--निवेश / ऋण	3,54,65

हरिजन एवं समाज कल्याण विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-सं०	योजना का नाम	राजस्व लेखे का व्यय	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	विकलांगो को कार्य-स्थल पर जाने-आने के सम्बन्ध में उपभुक्त पेट्रोल/डीजल के मूल्य की 50 प्रतिशत की क्षति पूर्ति	10	..	..	10	2235-सामाजिक सुरक्षा और कल्याण	155प
2	दहेज प्रथा से पीड़ित महिलाओं की सहायता	4,80	..	..	4,80	तदैव	155प
	योग	4,90	..	..	4,90		

विकलांगों को कार्यस्थल पर जाने-आने के सम्बन्ध में उपभुक्त पेट्रोल-डीजल के मूल्य की 50 प्रतिशत की क्षतिपूर्ति

देश में विकलांगों द्वारा उपभोग किय पेट्रोल/डीजल की 50 प्रतिशत क्षतिपूर्ति किये जाने की योजना भारत सरकार द्वारा संचालित की गयी थी। इसके कार्यान्वयन में कठिनाई अनुभव करते हुए भारत सरकार ने इस योजना को राज्य सरकारों/केन्द्र शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को इस अपेक्षा के साथ हस्तान्तरित कर दिया है कि वे विकलांगों की मांगों का योजनानुसार परीक्षण कर भुगतान आदि की कार्यवाही करेंगे। विकलांगों के पेट्रोल/डीजल की क्षतिपूर्ति विषयक आवेदन-पत्र पर्याप्त संख्या में निदेशक, हरिजन सेवा समाज एवं समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश के स्तर पर विचाराधीन है। अब भारत सरकार द्वारा यह अपेक्षित है कि राज्य सरकार द्वारा इस योजना हेतु मात्र 10,000 रु० की धनराशि ही वर्ष 1989-90 में व्यय की जाय जिसकी प्रतिपूर्ति व्ययोपरान्त की जायगी। योजना के अन्तर्गत 2500 रु० प्रतिमास तक आय अर्जित करने वाले विकलांगों को अपने कार्यस्थल पर जाने-आने हेतु 2 हार्स पावर तक के मोटर वाहन हेतु 15 लीटर प्रतिमास तथा 2 हार्स पावर से अधिक के मोटर वाहन हेतु 25 लीटर प्रतिमास की अधिकतम सीमा के अधीन व्यय की 50 प्रतिशत धनराशि सरकार द्वारा विकलांगों को भुगतान की जायगी। अतः इस योजना के वर्ष 1989-90 में कार्यान्वयन के लिए 10,000 रु० की आवश्यकता अनुमानित है, जिसे शत-प्रतिशत भारत सरकार वहन करेगी तदनुसार 10,000 रु० की व्यवस्था 1989-90 के आय-व्ययक में कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2235--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण-- (हजार रुपयों में)

02--सामाजिक कल्याण--आयोजनागत--

101--विकलांगों का कल्याण--

18--केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र प्रायोजित योजना--

1802--विकलांगों को पेट्रोल/डीजल के मूल्य की क्षतिपूर्ति

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 10

3--भारत सरकार से प्राप्य सहायता--

क्रम-संख्या	मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गई।
1	2	3	4	5
1	राज सहायता	10	1601--केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान 04--केन्द्र आयोजित/आयोजनागत योजनाओं के लिए अनुदान-- 800--अन्य अनुदान-- 91--समाज कल्याण-- विकलांगों की शिक्षा और कल्याण--	शत प्रतिशत

दहेज प्रथा से पीड़ित महिलाओं की सहायता

दहेज प्रथा से पीड़ित महिलाओं को भरण-पोषण हेतु आर्थिक सहायता देने के लिए एवं उन्हें कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए तथा इस सम्बन्ध में प्रचार कार्य के लिय प्रदेश के मैदानी क्षेत्र के 10 बड़े जनपदों के लिए प्रति जनपद 12,000 रु० की दर से तथा शेष 45 छोटे जनपदों के लिए प्रति जनपद 8,000 रु० की दर से कुल 4,80,000 रु० की आवश्यकता है। तदनुसार इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2235--सामाजिक सुरक्षा और कल्याण--

02--सामाजिक कल्याण-- (हजार रुपयों में)

103--महिला कल्याण--

18--दहेज प्रतिषेध अधिनियम का कार्यान्वयन--

14--सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 4,80

श्रम विभाग

वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1989-90 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1989-90 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया गया है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रदेश के कतिपय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों/राजकीय, औद्योगिक एवं प्राविधिक संस्थान, फतेहपुर में नये व्यवसायों को प्रारम्भ किया जाना	35,90	..	..	35,90	2230 श्रम और रोजगार	159 प
2	प्रदेश के 9 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कतिपय व्यवसायों की द्वितीय यूनिट प्रारम्भ करना	4,78	..	..	4,78	तदैव	160 प
3	क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय कानपुर में फोटोस्टट मशीन लगाया जाना	1,00	..	..	1,00	तदैव	160 प
4	कतिपय जनपदों में पुरुष/महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना	59,00	..	..	59,00	तदैव	161 प
5	कौशल सुधार और रोजगार क्षमता बढ़ाने का कार्यक्रम	3,00,00	..	..	3,00,00	तदैव	162 प
6	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बांदा की चहारदीवारी का निर्माण	..	3,67	..	3,67	4250 अन्य सामाजिक सेवाओं पर पूंजी परिव्यय	162 प
7	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोण्डा में आवासीय भवनों का निर्माण		8,50	..	8,50	तदैव	162 प
8	राजकीय औद्योगिक एवं प्राविधिक संस्थान, फतेहपुर की चहारदीवारी का निर्माण	..	1,51	..	1,51	तदैव	162 प
	योग	4,00,68	13,68	..	4,14,36		

प्रदेश के कतिपय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों/राजकीय औद्योगिक एवं प्राविधिक संस्थान, फतेहपुर में नये व्यवसायों को प्रारम्भ किया जाना

प्रदेश के तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों की उपलब्धता को बढ़ाने के लिये तथा रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मैनपुरी में ट्रैक्टर मैकेनिक, ललितपुर में फिटर, लखीमपुर खीरी में रेडियो/टी0 वी0 एवं रेफ्रीजरेशन, मुरादाबाद में मोटर मैकेनिक, चन्दौसी में ड्राफ्ट्समैन (सिविल), जौनपुर में आशुलिपिक (हिन्दी), बुलन्दशहर में आशुलिपिक (हिन्दी), खजनी (गोरखपुर) में मोटर मैकेनिक, नोएडा (गाजियाबाद) में टाइपिंग (हिन्दी) व्यवसायों को वर्ष 1989-90 से प्रारम्भ करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त गत वर्ष 1988-89 में अग्रिम रूप से राजकीय औद्योगिक एवं प्राविधिक संस्थान, फतेहपुर में कटिंग-टेलरिंग व्यवसाय खोले जाने के फलस्वरूप वर्ष 1989-90 में पदों का सृजन तथा फर्नीचर के क्रय किये जाने का प्रस्ताव है। इस कार्य में वर्ष 1989-90 में 35,90,000 रुपये (2,29,000 रु0 आवर्तक तथा 33,61,000 रुपये अनावर्तक) व्यय होने का अनुमान है। तदनुसार वर्ष में 1989-90 के आय-व्ययक में 35,90,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--व्यय का विभाजन--

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग--

क्र0सं0	पद नाम	वेतनमान	पदों की संख्या
		रु0	
1	अनुदेशक	515-860	11
2	भाषा अनुदेशक	570-1100	2

(ख) साज-सज्जा/भण्डार/मशीनों के स्थूल ब्योरे--

मद	धनराशि (हजार रुपयों में) वर्ष 1989-90
भारत में क्रय की जाने वाली साज-सज्जा/मशीनें	33,61

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

2230-श्रम और रोजगार-आयोजनागत-

(हजार रुपयों में)

03-प्रशिक्षण--

003-शिल्पकारों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण--

01--दस्तकार प्रशिक्षण योजना--

01--वेतन	44
03--महंगाई भत्ता	40
04--यात्रा व्यय	10
05--अन्य भत्ते	10
06--कार्यालय व्यय	1,10
15--छात्रवृत्ति और छात्र वेतन	5
20--मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	32,53
32--अन्तरिम सहायता	21
33--अन्य व्यय (प्रशिक्षण व्यय)	71
योग	35,64

02--प्रमाण-पत्र स्तर के अन्य प्रशिक्षण संस्थान--

01--वेतन	4
03--महंगाई भत्ता	3
04--यात्रा व्यय	1
05--अन्य भत्ते	1
06--कार्यालय व्यय	9
15--छात्र वृत्ति और छात्रवेतन	1
32--अन्तरिम सहायता	2
33--अन्य व्यय (प्रशिक्षण व्यय)	5
योग ..	26
कुल योग ..	35,90

प्रदेश के 9 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कतिपय व्यवसायों की द्वितीय यूनिट प्रारम्भ करना

गत वित्तीय वर्ष में प्रदेश के नौ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना की गयी थी। इन संस्थानों में द्विवर्षीय व्यवसायों के समक्ष अभी केवल एक यूनिट स्वीकृत है। अतः प्रशिक्षण प्रारम्भ किये जाने हेतु द्वितीय यूनिट को खोला जाना प्रस्तावित है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, टांडा, अमरोहा, नगीना, स्वार तथा नानपारा में इलेक्ट्रीशियन एवं वायरमैन व्यवसाय, गुलावटी में इलेक्ट्रीशियन /वायरमैन/ इलक्ट्रानिक्स/रेडियो एवं टी0 वी0, जगदीशपुर में फिटर/इलेक्ट्रानिक्स/वायरमैन, पिसावा में इलेक्ट्रानिक्स /रेडियो/टी0 वी0/वायरमैन इलेक्ट्रीशियन, इब्राहिमाबाद में वायरमैन/इलेक्ट्रानिक्स व्यवसाय की द्वितीय यूनिट खोले जाने हेतु वित्तीय वर्ष 1989–90 में 4,78,000 रुपय (3,41,000 रुपये आवर्तक तथा 1,37,000 रुपये अनावर्तक) का व्यय अनुमानित है जिसके अन्तर्गत पदों के सृजन तथा फर्नीचर की व्यवस्था की जायगी। तदनुसार वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में 4,78,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—व्यय का विभाजन—

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग—

क0सं0	पद नाम	वेतनमान	पदों की संख्या
		रु0	
1	व्यवसाय अनुदेशक	515–860	23

साज-सज्जा/भण्डार/मशीनों आदि के स्थूल ब्योरे

	धनराशि (हजार रुपयों में)
भारत में क्रय की जाने वाली साज/सज्जा/मशीनें	1,37

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2230–श्रम और रोजगार–आयोजनागत–	(हजार रुपयों में)
03–प्रशिक्षण—	
003–शिल्पकारों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण—	
01—दस्तकार प्रशिक्षण योजना—	
01—वेतन	1,83
03—महंगाई भत्ता	70
05—अन्य भत्ते	8
06—कार्यालय व्यय	9
15—छात्रवृत्ति और छात्रवेतन	10
20—मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	1,37
32—अन्तरिम सहायता	32
33—अन्य व्यय (प्रशिक्षण व्यय)	1,29
	4,78

—

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कानपुर में फोटो स्टेट मशीन लगाया जाना

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कानपुर की कार्य पद्धति को दृष्टिगत रखते हुए महानिदेशालय/निदेशालय/शासन से प्राप्त अभिलेखों की प्रतियां तुरन्त तैयार कराकर उन्हें सेवायोजकों को भेजे जाने के निमित्त सेवायोजन कार्यालय, कानपुर के लिए एक फोटो स्टट मशीन का क्रय किया जाना प्रस्तावित है जिसमें 1,00,000 रुपये का निहित है। अनावर्तक व्यय अनुमानित तदनुसार वित्तीय वर्ष 1989–90 के आय-व्ययक में 1,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

2230—श्रम और रोजगार—आयोजनागत—	(हजार रुपयों मे)
02—रोजगार—	
001—निदेशन और प्रशासन—	
02—जिला रोजगार कार्यालय—	
20—मशीन और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	1,00

—

कतिपय जनपदों में पुरुष/महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना

वर्तमान में औद्योगीकरण तथा बहुमुखी विकास को देखते हुये तकनीकी मानव शक्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद, बलिया, देवरिया, आजमगढ़ में पुरुष औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा कानपुर (नगर) में महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की जानी प्रस्तावित है। जनपद बलिया में इलेक्ट्रानिक्स वायर मैन, वेल्डर व्यवसाय, आशुलिपिक (हिन्दी), देवरिया में इलेक्ट्रानिक्स, मोटर मैकेनिक ड्राफ्ट्समैन (सिविल) एवं डीजल मैकेनिक, आजमगढ़ में रेडियो/टी0 वी0, इलेट्रानिक्स वायरमैन, कटिंग टेलरिंग, वेल्डर तथा कानपुर (नगर) में महिलाओं हेतु इलेक्ट्रानिक्स, ड्राफ्टसमैन सिविल, कटिंग टेलरिंग एवं आशुलिपि (हिन्दी) व्यवसायों का प्रशिक्षण 1 अगस्त, 1989 से प्रारम्भ किया जायेगा। इस कार्य पर वित्तीय वर्ष 1989-90 में 59,00,000 रुपये (7,20,000 रुपय आवर्तक तथा 51,80,000 रुपये अनावर्तक) के व्यय का अनुमान है तदनुसार वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में 59,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—व्यय का विभाजन—

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग—

क्र0सं0	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या
		रु0	
1	प्रधानाचार्य	850-1770	4
2	कार्यदेशक	570-1100	4
3	व्यवसाय अनुदेशक	515-860	17
4	भाषा अनुदेशक	570-1100	2
5	भण्डारी	515-860	4
6	वरिष्ठ लिपिक	430-685	4
7	कनिष्ठ लिपिक	354-550	4
8	भण्डार परिचर	305-390	4
9	कार्यालय परिचर	305-390	4
10	स्वीपर	305-390	4
11	चौकीदार	305-390	8
12	चपरासी	305-390	4

(ख) साज-सज्जा/भण्डार/मशीनों आदि के स्थूल ब्योरे

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)
भारत में क्रय की जाने वाली साज-सज्जा/मशीनें	49,00

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

	(हजार रुपयों में)
2230-श्रम और रोजगार-आयोजनागत-	
03-प्रशिक्षण—	
003-शिल्पकारों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण	
01-दस्तकार प्रशिक्षण योजना	
01—वेतन	1,97
03—महंगाई भत्ता	1,85
04—यात्रा व्यय	8
05—अन्य भत्ते	38
06—कार्यालय व्यय	2,88
11—किराया/उपशुल्क और कर स्वामित्व	70
15—छात्रवृत्ति और छात्रवेतन	8
20—मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	49,00
32—अन्तरिम सहायता	1,02
33—अन्य व्यय (प्रशिक्षण व्यय)	1,04
योग ..	59,00

कौशल सुधार और रोजगार क्षमता बढ़ाने का कार्यक्रम

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूलों, कालेजों तथा तकनीकी संस्थाओं के अन्तिम वर्षों के छात्रों को स्वरोजगार के लिए तैयार करने पर विशेष जोर दिया जायगा। शिक्षा संस्थायें उपदृष्टा न रहकर सक्रिय भागीदार बनगी। चुन हुए छात्रों के लिए छुट्टियों में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जो युवक स्कूलों, कालेजों तथा तकनीकी संस्थाओं में नहीं है, उनका चयन विज्ञापन द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रमों से युवकों में आत्म-विश्वास व उद्यम की भावना बढ़ेगी। रोजगार ढूंढने वाले रोजगार देने वाले बनेंगे। इस प्रक्रिया में वित्तीय संस्थाओं, बैंकों, जिला उद्योग केन्द्रों, खादी बोर्ड, इंजीनियरिंग कालेजों तथा अन्य संस्थाओं को सक्रिय रूप से संबद्ध किया जायेगा। वर्ष 1989-90 में इस कार्यक्रम के लिए 3,00,00,000 रु० का प्राविधान प्रस्तावित है। यह व्यय छात्रवृत्ति, प्रशिक्षकों को मानदेय और प्रशिक्षण की सामग्री सुविधाओं इत्यादि पर किया जायेगा। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2--आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का शीर्षकों के अनुसार विभाजन--

(हजार रुपयों में)

